You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-123 ❒ बुधवार, 03 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



निश्चित्य यः प्रक्रमते नान्तर्वसति कर्मणः। अबन्ध्यकालो वश्यात्मा स वै पण्डित उच्यते यह श्लोक महात्मा विदुर रचित 'विदुर नीति' (महाभारत के उद्योग पर्व) से लिया गया है। इस सुभाषितम में जीवन की सफलता, बुद्धि और कार्यप्रणाली का सार निहित है। नरेन्द्र मोदी

सशक्त, समृद्ध, और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें जनजातीय युवाः मुर्मु 11

सरकार पूर्व सैनिकों के लिए नई शस्त्र लाइसेंस नीति पर कर रही मंथन 12

## संक्षेप

### जाली हस्ताक्षर माले में टीएमसी विधायकों के बयान दर्ज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सीआईडी ने जाली हस्ताक्षर मामले में अब तक 13 तृणमूल कांग्रेस विधायकों के बयान दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीन विधायकों ने कहा है कि छह मई की 'मीटिंग रिजॉल्यूशन बुक' (बैठक प्रस्ताव पुस्तिका) में किए गए हस्ताक्षर उनके नहीं थे। उन्होंने बताया कि कैनिंग पुरबा के विधायक ने कहा है कि उन्होंने कोलकाता में हुई बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। सीआईडी ने टीएमसी के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी कर जांच अधिकारी के सामने मूल 'मीटिंग रिजॉल्यूशन बुक' के साथ पेश होने को कहा है। यह मामला पश्चिम बंगाल विधानसभा में जमा किए गए एक प्रस्ताव में अनियमितताओं के आरोप को लेकर है। टीएमसी के दो विधायकों ने इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष शिकायत की थी कि पुस्तिका में उनके हस्ताक्षर नहीं हैं। यह टीएमसी की अंदरुनी बैठक से जुड़ा मामला है।

### महाराष्ट्र जैसी टूट की ओर बढ़ रही है टीएमसीः तापस रॉय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री तापस रॉय ने मंगलवार को दावा किया कि विपक्षी पार्टी तृणमूल कांग्रेस में महाराष्ट्र जैसी टूट होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। विधानसभा के बाहर रॉय ने दावा किया कि तृणमूल ने कई ऐसे लोगों को शामिल किया, जिनका राजनीति से ज्यादा सरोकार नहीं था। उन्होंने दावा किया कि अब पार्टी के अंदरुनी मतभेद और अंतर्विरोध सतह पर दिखाई देने लगे हैं। माणिकतला से भाजपा के विधायक रॉय ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस में विभाजन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अंततः यह पार्टी पश्चिम बंगाल के राजनीतिक परिदृश्य से गायब हो जाएगी। वर्ष 2024 में टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए रॉय ने दावा किया कि कई नेताओं और विधायकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने को चुनौती, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**लखनऊ।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें इनमें प्रशासक नियुक्त करने के राज्य सरकार के आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मामले में 3 जून को सरकारी वकील को सरकार से जानकारी लेकर पक्ष पेश करने को कहा है। न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने मंगलवार को यह आदेश ओमप्रकाश प्रजापति की जनहित याचिका पर शुरुआती सुनवाई के बाद दिया। गौरतलब है की पिछले माह प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने पर राज्य सरकार ने आदेश जारी करके वहां के प्रधानों को ही उनकी ग्राम पंचायतों में बतौर प्रशासक नियुक्त कर दिया था। याचिकाकर्ता ने इस आदेश को कानून की मंशा के खिलाफ कहकर इसे चुनौती दी है।

# कट्टा-बम से ब्रह्मोस तक पहुंचा यूपी : योगी

## हमने शोहदों को ठीक किया, जो बोली से नहीं माना वो गोली से जरूर मान गया : सीएम

एजेंसी

कुशीनगर। कुशीनगर की धरती से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकास बनाम अराजकता के मुद्दे पर कहा कि पहले की सरकारों के समय उत्तर प्रदेश कट्टा-बम बनाने वालों की पहचान से जुड़ा था, जबकि आज वही उत्तर प्रदेश देश की सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है। पिछली सरकारें निर्दोष लोगों, व्यापारियों को लूटने के लिए कट्टा-बम बनाती थीं। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाती थीं, लेकिन हमने इन शोहदों को ठीक किया है। जो ठीक नहीं हुआ, बोली से नहीं माना वो गोली से जरूर मान गया है।

मंगलवार को कुशीनगर में 424 करोड़ रुपए से अधिक की 278 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की विकृत मानसिकता ने कुशीनगर को बीमारी, भुखमरी और बेरोजगारी दी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने इंसेफ़ेलाइटिस और माफिया, दोनों पर प्रभावी प्रहार करते हुए विकास, सुरक्षा और रोजगार का नया वातावरण तैयार किया है। कुशीनगर अब पिछड़ेपन की पहचान नहीं, बल्कि बुलेट स्पीड से आगे बढ़ते नए उत्तर प्रदेश का प्रतीक बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के पुत्र कुश, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की तपोभूमि कुशीनगर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जबकि 9-10 वर्ष पहले यह जनपद पहचान के संकट, इंसेफ़ेलाइटिस, माफिया राज, भूख, बेरोजगारी और अव्यवस्था से जूझ रहा था। खनन माफिया का आतंक था, किसान शोषण का शिकार था, उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता था, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं बदहाल थीं तथा फाजिलनगर व कसया क्षेत्र में मुसहर समुदाय के लोगों की भूख से मौत की खबरें आती थीं। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नया रास्ता चुना और डबल इंजन सरकार के प्रयासों से कुशीनगर की तस्वीर बदल गई। आज जिले में लगभग 90 हजार गरीबों को आवास, 3.14 लाख से अधिक परिवारों को शौचालय, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा सहित अनेक जनकल्याणकारी सुविधाएं मिल रही हैं। पहले दंगे, अपराध और अराजकता प्रदेश की पहचान बन गए थे, जबकि आज सुरक्षा, विकास और गरीब कल्याण नई पहचान है। बिना रुके, बिना डिगे और बिना झुके सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस कुशीनगर में कभी मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय और एयरपोर्ट की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी, आज वहां अपना मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसी सुविधाएं साकार रूप ले चुकी हैं। इसी सत्र से कृषि विश्वविद्यालय का संचालन शुरू होगा और बच्चों का प्रवेश कराया जाएगा। किसानों को गन्ने का मूल्य 315 रुपये से बढ़ाकर 400 ● शेष पेज 11 पर



❒ फाजिलनगर का नाम बदलकर पावागढ़ करने का प्रस्ताव भेजा गया है : मुख्यमंत्री

❒ मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में 424 करोड़ रुपए की 278 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास, लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, स्वीकृति-पत्र एवं चेक भी वितरित किए

❒ इंसेफ़ेलाइटिस की बीमारी लगभग समाप्त हो चुकी है, ठीक वैसे ही जैसे माफिया यूपी से खत्म हो गएः सीएम

❒ कुशीनगर जनपद में आज विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध

### समाजवादी पार्टी घोषित रूप से रामद्रोही

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष, आस्था और संकल्प की विजय का प्रतीक है। 498 वर्ष पूर्व भगवान राम की जन्मभूमि पर विदेशी आक्रांता द्वारा मंदिर ध्वस्त किए जाने के बाद अनेक पीढ़ियां इसके पुनर्निर्माण के लिए संघर्ष करती रहीं, लेकिन राम मंदिर निर्माण को वास्तविक गति डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यकाल में मिली। कांग्रेस आजादी के बाद चाहती तो राम मंदिर बना सकती थी, लेकिन उसने नहीं बनने दिया। समाजवादी पार्टी तो घोषित रूप से रामद्रोही रही है। ये लोग लगातार बाधाएं खड़ी करते रहे, लेकिन हमारा संकल्प अटूट था। आज अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन चुका है और आधुनिक अयोध्या अपने वैभव, विकास और आध्यात्मिक भव्यता से त्रेता युग की अनुभूति कराती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक क्षण करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं से जुड़ा था और उस अवसर पर लोगों की आंखों में खुशी के आंसू थे।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर जोर

एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के उप-राष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलस माशातिले और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को व्यापार, निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत वार्ता की। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और दक्षिण अफ्रीका को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करना चाहिए।

जयशंकर के साथ बातचीत के बाद माशातिले ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि दक्षिण अफ्रीका और भारत को अपने संबंधों का विस्तार करना चाहिए। खासकर आर्थिक क्षेत्रों में इसपर और अधिक जोर देने की जरूरत है। दक्षिण अफ्रीका के उप-राष्ट्रपति ने पिछले कुछ दिनों में कई व्यापारियों और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से मुलाकात की, जिनमें राज्यसभा सदस्य डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी भी शामिल हैं। बातचीत के दौरान उप-राष्ट्रपति माशातिले ने भारत-दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दक्षिण अफ्रीका की गहरी इच्छा जाहिर की। उन्होंने रंगभेद विरोधी आंदोलन के लिए भारत के ऐतिहासिक समर्थन की भी सराहना की और दोनों देशों के बीच मजबूत और लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर जोर दिया,

वहीं, दक्षिण अफ्रीका के उप-राष्ट्रपति ने भारत के उप-राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उप-राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक चर्चा की। नेताओं ने 'ग्लोबल साउथ' (वैश्विक दक्षिण) से जुड़े मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और ब्रिक्स, जी-20, आईबीएसए और आईओआरए जैसे बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उप-राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने प्रस्तावित भारत-दक्षिणी अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ मुक्त व्यापार समझौते पर प्रकाश डाला और बातचीत की शीघ्र शुरुआत तथा सफल समापन की उम्मीद जताई। उप-राष्ट्रपति ने चीतों के हस्तांतरण के माध्यम से भारत के 'प्रोजेक्ट चीता' को दिए गए समर्थन के लिए दक्षिण अफ्रीका को धन्यवाद दिया। राधाकृष्णन ने दक्षिण अफ्रीका को भारत के नेतृत्व वाली वैश्विक पहलों, जैसे कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन और अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन में शामिल होने पर विचार करने के लिए भी ● शेष पेज 11 पर



❒ दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति ने विदेश मंत्री जयशंकर के साथ की वार्ता

# वेनेजुएला से तेल खरीद पर दीर्घकालिक समझौता संभव

एजेंसी

❒ पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आज आ रही हैं वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की भारत यात्रा कई मामलों में अहम है। इसे भारत की तेल कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संभव है कि डेल्सी रोड्रिगेज की 3 से 7 जून की इस यात्रा के दौरान भारत एवं वेनेजुएला के बीच कच्चे तेल की खरीद को लेकर दीर्घकालिक समझौता हो।

डेल्सी के साथ मंत्रियों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है तथा इस दौरान वैसे तो कई क्षेत्रों में समझौते होंगे, लेकिन ऊर्जा समझौता महत्वपूर्ण है। सूत्रों के अनुसार, पिछले दिनों अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रूबियो की यात्रा के दौरान तेल खरीद पर चर्चा हुई थी तथा अमेरिका की तरफ से भारत को जरूरत के मुताबिक वेनेजुएला से तेल खरीदने का सुझाव दिया गया। अब कार्यवाहक राष्ट्रपति की यात्रा को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार ओएनजीसी समेत सार्वजनिक तेल कंपनियों एचपीसीएल, आईओसी ने वेनेजुएला में पहले से बड़ा निवेश किया है। इसके अलावा रिलायंस ने भी वहां उपक्रम स्थापित किया है। अभी भी वहां से भारी मात्रा में तेल खरीदा जा रहा है, जिसकी मात्रा को बढाया जाएगा। वेनेजुएला के तेल पर अमेरिकी नियंत्रण के बाद भारत की तेल खरीद बढी है तथा आज वह भारत को तीसरा बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। दरअसल, भारत अपने रणनीतिक तेल भंडार को भी बढाने जा रहा है। सूत्रों की माने तो भारतीय कंपनियां वहां रिफाइनरी लगाने का ऐलान कर सकती हैं। दूसरे एलपीजी रिफाइनरी स्थापित करने के विकल्प पर भी भारत विचार कर रहा है। यदि वेनेजुएला रूस की भांति भारत को किफायती दरों पर कच्चा तेल देता है तो भारत दीर्घकालिक खरीद का समझौता कर सकता है।

# सीबीएसई की पुनर्मूल्यांकन वेबसाइट पर ताबड़तोड़ साइबर हमले, सेवा फिर हुई बहाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को बताया कि उसके पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर ताबड़तोड़ साइबर हमले किए गए, लेकिन वेबसाइट पर यह सेवा फिर से शुरू कर दी गई है और 16,000 से अधिक छात्र अपने आवेदन पूरे कर चुके हैं।

सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि आज जब हजारों छात्र सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन पोर्टल का उपयोग कर रहे थे, तभी कुछ शरारती तत्वों ने साइबर हमलों की बौछार करके सेवाओं को ठप करने की कोशिश की। बोर्ड ने आगे बताया कि इस हमले के कारण सिर्फ दो मिनट के भीतर पोर्टल पर 15 लाख (1.5 मिलियन) हिट्स दर्ज किए गए। इसके अलावा पोर्टल पर अनधिकृत तरीके से फाइलों को खोलने के भी एक लाख से ज्यादा प्रयास देखे गए। बोर्ड ने कहा कि छात्रों से मिले फीडबैक के आधार पर हमने इस प्लेटफॉर्म को और बेहतर बनाया है, जिसमें सेशन की समय सीमा को बढ़ाना भी शामिल है ताकि पूरी प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक और आसान हो सके। इससे पहले मंगलवार सुबह सीबीएसई ने 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों के अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए अपना पोर्टल खोला था। बोर्ड ने यह कदम नई शुरू की गई डिजिटल अंकन प्रणाली (डिजिटल मार्किंग सिस्टम) में गड़बड़ियों को लेकर लाखों छात्रों से शिकायतें मिलने के बाद उठाया है। कई बार की देरी के बाद बोर्ड का यह पोर्टल खुला है। शुरुआत में इसे छात्रों के लिए 29 मई को ही शुरू किया जाना था, लेकिन सीबीएसई ने एक पारदर्शी और ● शेष पेज 11 पर



### सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली की खरीद की होगी जांच, एक सदस्यीय समिति गठित

नयी दिल्ली। सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े मामलों की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति का गठन किया है।
कैबिनेट सचिवालय की ओर से मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार समिति की अध्यक्षता क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को आवश्यकता पड़ने पर अन्य कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता लेने का अधिकार भी दिया गया है।
समिति को सचिवीय सहायता क्षमता निर्माण आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।समिति सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के लिए सेवाओं की खरीद प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगी।

# उच्चतम न्यायालय को मिले पांच नए न्यायाधीश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय को मंगलवार को पांच नए न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्री चन्द्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति अरुण पल्ली और न्यायमूर्ति वी. मोहना मिल गये हैं। इन्हें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित किया गया था। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय में अब न्यायाधीशों की संख्या 37 हो गयी है, जो इसकी स्वीकृत संख्या 38 से केवल एक कम है। शपथ लेने वाले न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्री चन्द्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली क्रमशः पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, बॉम्बे उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति वी. मोहना इसमें एकमात्र अपवाद हैं। न्यायमूर्ति मोहना दूसरी ऐसी महिला वकील हैं जिन्हें सीधे उच्चतम न्यायालय बार से न्यायाधीश बनाया गया है। उनसे पहले, 2018 में न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा को बार से सीधे उच्चतम न्यायालय ● शेष पेज 11 पर

# लेबनान पर हमलों को लेकर ट्रंप ने नेतन्याहू को फटकारा : रिपोर्ट

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू को लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए संयम बरतने की सलाह दी है।

एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रंप ने टेलीफोन पर बातचीत में श्री नेतन्याहू को ''पागल'' बताया और उन पर कृतघ्न होने का आरोप लगाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक समय श्री ट्रंप ने ऊंची आवाज में पूछा, ''आप आखिर कर क्या रहे हैं? यह कथित बातचीत उस समय हुई जब नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को बेरूत के दाहियेह क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने का आदेश दिया था। इजरायली सेना द्वारा जमीनी अभियान तेज किये जाने और वर्षों में पहली बार लेबनान के भीतर अधिक गहराई तक प्रवेश करने के कारण दक्षिणी लेबनान में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। श्री नेतन्याहू ने रविवार को जारी एक बयान में कहा था कि उन्होंने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है। इजरायल ने नबातियेह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है। इजरायली सेना ने इससे पहले 1982 में इस 12वीं शताब्दी के किले पर कब्जा किया था और लेबनान से वापसी करने तक 18 वर्षों तक उस पर नियंत्रण बनाये रखा था। ईरान के ● शेष पेज 11 पर



## दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष से नेपाल के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

# नवीन और लामिछाने ने विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामिछाने ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दे पर चर्चा की।

यहां के दीनदयाल मार्ग पर स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर श्री नवीन ने श्री लामिछाने का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान आरएसपी प्रतिनिधिमंडल भाजपा की सदस्यता प्रक्रिया, उम्मीदवारों के चयन की प्रणाली और ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की पहचान करने तथा उनसे जुड़ने के लिए पार्टी के तंत्र के बारे में जानने की कोशिश की। श्री नवीन ने उनके सवालों के जवाब दिए और समझाया कि भाजपा की सांगठनिक शक्ति लगातार जनसंपर्क, बूथ-स्तर पर जुड़ाव और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से कैसे निर्मित होती है।



इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास-उन्मुख शासन मॉडल पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विकास, सेवा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भाजपा के जनसंपर्क और शासन के दृष्टिकोण के केंद्र में रहे हैं। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राजनीति में 'जेन जेड' (नई पीढ़ी) की बढ़ती भूमिका और क्षमता पर, विशेष रूप से लोकतांत्रिक भागीदारी, सार्वजनिक विमर्श और भविष्य के नेतृत्व को आकार देने में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की। बैठक में श्री नवीन के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, सांसद संजय जायसवाल, सांसद बांसुरी स्वराज और भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले भी उपस्थित थे। नेपाली प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी मुख्यालय स्थित भाजपा मीडिया सेंटर और केंद्रीय पुस्तकालय का भी दौरा किया। बैठक के बाद अपराह्न ● शेष पेज 11 पर

### भारत-नेपाल के बीच सीमा विवाद के समाधान में तीसरे पक्ष की भूमिका की कोई गुंजाइश नहीं : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की सीमा विवाद से संबंधित टिप्पणी पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच इन विवादों के समाधान के लिए एक स्थापित तंत्र है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका की कोई गुंजाइश नहीं है। भारत ने यह भी कहा है कि भारत-नेपाल सीमा का लगभग 98 प्रतिशत हिस्से का पहले से ही निर्धारण हो चुका है जबकि कुछ जगहों पर समाधान होना बाकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवाल पर जोर देकर कहा कि भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय मामलों में किसी भी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है, और दोनों पड़ोसी देशों ने सीमा संबंधी मामलों के सभी पहलुओं से निपटने के लिए द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए हैं। प्रवक्ता ने कहा, ''हमने भारत-नेपाल सीमा के संबंध में नेपाल के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों और बाद में नेपाली विदेश मंत्रालय के बयान को देखा है। हालांकि भारत-नेपाल सीमा के लगभग 98 प्रतिशत हिस्से का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, फिर भी कुछ हिस्से ऐसे हैं जिनका समाधान अभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''गंडक नदी के मार्ग बदलने के कारण ऐसा हुआ है। इसके अलावा, सीमा के सीमांकित हिस्सों में कब्जे और 'नो-मैन्स लैंड' (अनिर्धारित क्षेत्र) पर अतिक्रमण के भी कुछ मामले हैं, जिनकी वर्तमान में संयुक्त रूप से मैपिंग की जा रही है। श्री जायसवाल ने कहा, ''हमने सीमा संबंधी मामलों के सभी पहलुओं से निपटने के लिए द्विपक्षीय तंत्र स्थापित किए हैं। सभी पक्षों को यह स्पष्ट होना चाहिये कि भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय मामलों में किसी भी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। रिपोर्टों के अनुसार श्री शाह ने सुझाव दिया है कि सीमा संबंधी मुद्दों पर होने वाली चर्चाओं में ब्रिटेन और चीन को भी शामिल किया जाना चाहिए।

# आस्था, सेवा और श्रद्धा का संगम बना लखनऊ बड़े मंगल पर जगह-जगह सजे भंडारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हनुमान भक्तों और सामाजिक संगठनों द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

अलीगंज के प्रसिद्ध संकटमोचन हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, अमीनाबाद, चौक, इंदिरानगर, गोमतीनगर, राजाजीपुरम, आशियाना और आलमबाग सहित शहर के कई प्रमुख इलाकों में भंडारों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, हलवा, शरबत, ठंडाई, फल और अन्य प्रसाद वितरित किए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए जगह-जगह शीतल पेयजल और शरबत की भी व्यवस्था की गई।



बड़े मंगल पर बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज के शिवाजी सभागार में बड़े मंगल के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद सूरज वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार, सुयश सिंह, जय सिंह, रितेश सिंह तथा अनूप सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे के सफल आयोजन में सहयोग करते हुए सेवा कार्यों में भागीदारी निभाई।

बड़े मंगल के अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में भाग लिया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। प्रमुख मंदिरों और भंडारा स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था और पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। लखनऊ की विशेष पहचान बन चुके बड़े मंगल पर्व ने एक बार फिर सामाजिक समरसता, सेवा भावना और धार्मिक आस्था का संदेश दिया। शहर भर में आयोजित भंडारों में सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लेकर गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की।

# कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल के हत्यारों को मिले कड़ी सजा: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या पर दुख जताते हुये दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरोड़ी निवासी राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल (17) की हत्या को ल्लअत्यंत दुःखद और चिंताजनकङ्क बताया है। उन्होने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा है कि बदमाशों द्वारा की गई यह हत्या समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

मायावती ने जोर दिया कि त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी।

गौरतलब है कि सोमवार को अनुष्का पाल की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था। पुलिस ने इस मामले में एक फास्ट फूड विक्रेता को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर करीब डेढ़ माह बाद नाले से शव बरामद किया है। शव की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण पहचान की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने सोमवार को बताया कि जांच के दौरान कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला कि अनुष्का की आखिरी गतिविधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं। आरोपी मूल रूप से देहरादून का निवासी है और घटना के बाद चंडीगढ़ चला गया था। वहीं से पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार अनुष्का कंकरखेड़ा क्षेत्र में किराये पर रहकर पढ़ाई और कबड्डी का अभ्यास कर रही थी। उसके आवास के निकट आरोपी की फास्ट फूड की दुकान थी जहां उसका कुछ पैसा बकाया था। 15 अप्रैल की रात दोनों के बीच रुपये को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बाद में शव को बोरे में भरकर रोहटा रोड स्थित नाले में फेंक दिया गया और आरोपी फरार हो गया। दौराला क्षेत्र के चिरौड़ी गांव निवासी अनुष्का पाल राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी थीं। हाल ही में उसने एक प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि भी जीती थी।

# भाजपा सरकार संविदाकर्मियों की समस्यायों का गंभीरता से करे निराकरण : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री आवास के पास सोमवार को संविदाकर्मियों द्वारा आत्मदाह के प्रयास की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को संविदाकर्मियों की समस्यायों का गंभीरता से निराकरण करना चाहिये। श्री यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता त्रस्त है और महंगाई, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। किसान, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारी समेत समाज का प्रत्येक वर्ग परेशान है। लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है और सरकार के प्रति निराशा का स्तर इतना बढ़ गया है कि कई पीड़ित आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में भाजपा नेतृत्व इतना संवेदनहीन हो गया है कि उसे जनता की समस्याएं, शिकायतें और पीड़ा सुनाई नहीं दे रही हैं।

सपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री आवास के सामने रोडवेज संविदाकर्मियों द्वारा कथित रूप से पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या का प्रयास किए जाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार को तत्काल उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि नौकरी और रोजगार किसी भी परिवार के लिए जीवन-मरण का प्रश्न होता है। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए संविदाकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली व्यवस्था बदहाल है तथा नौ वर्षों के कार्यकाल में सरकार ने विकास के बजाय समाज में विभाजन और नफरत की राजनीति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यशैली को समझ चुकी है तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी।

# निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें, शिकायतों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं: शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ स्थित संगम सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न विद्युत बाधाओं के निस्तारण तथा उपभोक्ता शिकायतों के समाधान की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी विद्युत वितरण निगमों (डिस्कॉम) के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक में ऊर्जा मंत्री ने विभिन्न डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों से आंधी-तूफान के कारण विद्युत अवसंरचना को हुए नुकसान और उसके निस्तारण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की विद्युत बाधा होने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए।

जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान सिद्धार्थनगर जनपद से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने अधिशासी अभियंता ज्ञान प्रकाश के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की शिकायतों की उपेक्षा किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में संविदाकर्मियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। ए.के. शर्मा ने बिना उचित कारण संविदाकर्मियों को कार्य से हटाए जाने की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी संविदाकर्मी के साथ अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में संविदाकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इसके अलावा मंत्री ने विधायक निधि से प्रस्तावित विद्युत विभाग की विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि अपर मुख्य सचिव ऊर्जा आशीष गोयल एवं सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# महाप्रबंधक ने बनारस स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## 12 मीटर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने मंगलवार को मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के साथ बनारस रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज के कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसे निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने आईआरसीटीसी द्वारा संचालित विश्रामगृह, डोरमेटरी और प्रतीक्षालयों का भी अवलोकन किया तथा इन सुविधाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने स्टेशन परिसर में स्थापित सोलर पैनलों और ग्रीन एनर्जी से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विद्युत वितरण प्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

उदय बोरवणकर ने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, डिजिटल विज्ञापन युक्त चार्जिंग कियोस्क, डिजिटल नेविगेशन प्रणाली, स्वच्छता, पेयजल, टिकटिंग, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था तथा दिव्यांगजन सुविधाओं का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को यात्री सुविधाओं में और सुधार लाने तथा उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी अधिकारियों के साथ सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता बढ़ाने को कहा। साथ ही स्टेशन पर चल रहे अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पी.सी. जायसवाल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर नील मणि, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त सत्य प्रकाश, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल, उप महाप्रबंधक (सामान्य) शुभम वर्मा, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एम.एल. मकवाना, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईएएस/ पीसीएस की नि:शुल्क कोचिंग के लिए आवेदन का सिलसिला जोरों पर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क आईएएस/पीसीएस आवासीय कोचिंग योजना युवाओं के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। अगस्त 2026 से शुरू होने वाली इस योजना के लिए अभ्यर्थियों में उत्साह देखा जा रहा है और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में लगातार भागीदारी बढ़ रही है। समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क आवासीय कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में इस योजना के लिए कुल 865 सीटें निर्धारित की गई हैं। इनमें 25 प्रतिशत सीटें लेटरल एंट्री के लिए आरक्षित हैं, जिन पर ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जिन्होंने सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

## ग्राम सचिवालयों से बदली गांवों की तस्वीर, 57,694 पंचायतों में मिली डिजिटल सौगात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों को अब गांव में ही सरकार का अनुभव मिलने लगा है। प्रदेश की 57,694 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय स्थापित कर ग्रामीणों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, मनरेगा, जन्म-मृत्यु पंजीकरण सहित अन्य सरकारी सेवाएं घर के पास उपलब्ध कराई जा रही हैं। पिछले पांच वर्षों में 24,311 नए पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। इन भवनों को कम्प्यूटर, इंटरनेट, फर्नीचर, पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। प्रत्येक पंचायत में पंचायत सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर तैनात किए गए हैं, ताकि डिजिटल सेवाओं का संचालन सुचारू हो सके। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1,875 रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट और कंसल्टिंग इंजीनियरों को इम्पैनल किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ग्राम सचिवालयों में जियो-फ़ेन्स्ड और क्यूआर कोड तकनीक लागू की गई है। पंचायतों को भेजी जाने वाली धनराशि का भुगतान इसी सिस्टम से होता है और एआई मॉडल के जरिए व्यय की निगरानी की जा रही है। सरकार के अधिकारियों का कहना है कि स्थायी पंचायत भवनों से पंचायत बैठकों, जनसुनवाई और विकास योजनाओं की निगरानी आसान हुई है। इससे ग्रामीण प्रशासन में जवाबदेही बढ़ी है और योजनाएं गांव तक तेजी से पहुंच रही हैं।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265213 | "Wheel Press- 500 Ton as per specification attached (Cost of basic machine only). | 1 Nos. | 30.06.2026 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं: 51265213 दिनांक: 01.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1845/26


# सीएम योगी ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं

# हर जरूरतमंद को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पढ़ाई, विवाह से लेकर निराश्रित, बुजुर्ग के पेंशन तक समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए।

गोरखपुर सोमवार देर शाम पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जरूर कर दें। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का संबंधित योजना में आवेदन कराकर लाभ दिलाया जाए। जनता दर्शन में आए लोगों की समस्या सुनने के बाद सीएम योगी ने प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में जौनपुर जिले से आई एक महिला ने एक एनजीओ पर फर्जी प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ जांच की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले में जांच कर कर जरूरी कार्यवाही की जाए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।


उत्तर रेलवे

निविदा रद्द करने की सूचना

प्रशासनिक कारणो से "कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एस.पी.; विधि किताब संख्या 719/24-25 के अन्तर्गत बी.जी. कोचों के ए.आर.टी./ए.आर.एम.ई. कोचों में परिवर्तित करने का कार्य। निविदा सूचना सं. विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 27.05.2026 रद्द की जाती है।

सूचना संख्या: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 02.06.2026 1863/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र

दिनांक 12.05.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 10-टेण्डर/मु.परि.प्र./नि/वाराणसी दिनाँक 11.05.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:-

| विवरण | पूर्व संशोधित तिथि | संशोधित |
|---|---|---|
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 02.06.2026 | 12.06.2026 |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 23.06.2026 समय 11:00 बजे तक | 03.07.2026 समय 11:00 बजे तक |
| क्लॉज संख्या 2.2.1 एवं 2.3 के अनुसार दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | -- | 02.07.2026 तक |
| ई-निविदा खुलने की तिथि | 23.06.2026 समय 15:00 बजे के बाद | 03.07.2026 समय 15:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। संख्या: 10-टेण्डर/.मु.परि.प्र./नि/वाराणसी, दिनाँक 11.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र दिनांक 30.05.2026

1841/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केले के खेत में मिला युवक का शव हत्या की आशंका, मामा हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जुटाए अहम साक्ष्य

❒ डीसीपी ने मौके का निरीक्षण कर जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के बाहर मंगलवार दोपहर एक युवक का शव केले के खेत के बीच पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मड़ियांव थाना क्षेत्र की इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय सचिन सिंह के रूप में हुई है। शव पर चोट के निशान और गले पर रस्सी के निशान मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए युवक के मामा ब्रजेश पर आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी मामा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार सचिन सोमवार रात करीब नौ बजे घर से निकला था। मंगलवार सुबह उसकी मां से फोन पर बात हुई थी। बातचीत के दौरान सचिन ने बताया था कि वह अपने मामा ब्रजेश के साथ है। इसके कुछ घंटे बाद अकबरपुर गांव स्थित केले के खेत के बीच उसका शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी मिलते ही इटौंजा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामशंकर सिंह ने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की गई है और इस घटना में मामा ब्रजेश की भूमिका है। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए।डीसीपी ने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों सहित सभी बिंदुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों और पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौत से पहले युवक किन लोगों के संपर्क में था और आखिरी बार उसकी बातचीत किससे हुई थी, इसका पता लगाने के लिए पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच कर रही है। जांच टीम युवक की अंतिम गतिविधियों की पूरी कड़ी जोड़ने में जुटी है।

सोमवार रात घर से निकलने के बाद मंगलवार दोपहर शव मिलने तक सचिन कहां-कहां गया, किसके साथ रहा और उसके साथ क्या हुआ, यह अभी रहस्य बना हुआ है। पुलिस इन सवालों के जवाब तलाशने के लिए कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# राघवेन्द्र सरकार की सेवा में कोई सेवानिवृत्ति नहीं : जगद्गुरु रामभद्राचार्य

## कीर्तन से टूटता है माया का बंधन, विश्वास से मिलती है भक्ति की शक्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने मंगलवार को संगीतमय श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस भी नवधा भक्ति की व्याख्या करते हुए कीर्तन और ईश्वर में अटूट विश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भक्ति का एक प्रमुख साधन कीर्तन है। संस्कृत में माया को नर्तकी कहा गया है जिसे पलट दें तो कीर्तन हो जाएगा। जब व्यक्ति कीर्तन करता है तो माया का प्रभाव स्वतः समाप्त होने लगता है। उन्होंने कहा कि भक्ति का दूसरा महत्वपूर्ण आधार भगवान के प्रति अटूट विश्वास है। जिस व्यक्ति के जीवन में विश्वास है, उसके लिए ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग सहज हो जाता है।

सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में उन्होंने कर्मयोग का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना कर्म निष्ठा और समर्पण के साथ करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्पष्ट कहा है कि कर्म पर मनुष्य का अधिकार है। यदि व्यक्ति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करता है तो अधिकार स्वयं उसके समीप आ जाता है। जीवन में सफलता का मार्ग कर्मनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता से होकर गुजरता है।



रामभद्राचार्य ने कहा कि सच्ची सेवा राघवेंद्र सरकार की सेवा है। सरकारी सेवाओं में एक समय के बाद सेवानिवृत्ति हो जाती है, किंतु प्रभु की सेवा में कभी सेवानिवृत्ति नहीं होती। वहां पेंशन की भी चिंता नहीं रहती क्योंकि भगवान स्वयं अपने भक्तों के योगक्षेम का वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन का अधिकाधिक समय लोकमंगल और ईश्वर की सेवा में लगाना चाहिए।

अपने उद्बोधन में रामभद्राचार्य ने रामजन्मभूमि आंदोलन का स्मरण करते हुए कहा कि निहत्थे रामभक्तों पर गोलियां चलाई गईं, कोठारी बंधुओं का इनकाउंटर हुआ और अनेक कारसेवकों ने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उस समय भी उन्हें ईश्वर की व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास था और वे मानते थे कि यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर 1992 की घटना को वे भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखते हैं जहां भारत के माथे पर लगे कलंक को सरयू में प्रवाहित कर दिया गया। जो ढांचा बुलडोजर से भी नहीं गिराया जा सकता था उसे ध्वस्त किया गया। मैं तो यह मानता हूं कि उसे दिन भगवान का अवतार हुआ था और उसे मैं 'कारसेवकावतार' की संज्ञा देता हूं। कथा के दौरान उत्तर प्रदेश के यशश्वी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सपरिवार उपस्थित रहे। सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, नैमिषारण्य हनुमानगढ़ी के महंत पवन दास, विधायक डा. नीरज बोरा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अनेक विशिष्ट जनों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सर्वश्री अजीत श्रीवास्तव, आशीष अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, संजीव अग्रवाल, उत्सव के महामंत्री राकेश पाण्डेय, संयोजक सौरव बन्दोपाध्याय, कनुप्रिया जाजू, बिन्दू बोरा, वत्सल बोरा, सुनील अग्रवाल, डा. अजय गुप्ता सहित यजमानों ने विशेष आरती में सहभागिता की। मीडिया प्रभारी डा. एस.के.गोपाल ने बताया कि बुधवार को श्रीराम कथा सायं पांच बजे से आरंभ होगी।

## बीकेटी रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अनुज प्रताप का हृदयाघात से निधन

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवध वन प्रभाग की बीकेटी रेंज में तैनात वन क्षेत्राधिकारी अनुज प्रताप सिंह का सोमवार देर रात हृदयाघात से निधन हो गया। वह 3 वर्षों से बीकेटी रेंज कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके असामयिक निधन की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। मूल रूप से श्रावस्ती जनपद के निवासी अनुज प्रताप सिंह वर्तमान में लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में परिवार के साथ रह रहे थे। सोमवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।अनुज प्रताप सिंह अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और वन संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए विभाग में विशेष पहचान रखते थे। बीकेटी रेंज में कार्यकाल के दौरान उन्होंने वन संपदा संरक्षण और विभागीय कार्यों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से विभाग ने एक कर्मठ और अनुभवी अधिकारी को खो दिया है।घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और उनके शुभचिंतक स्तब्ध रह गए। मंगलवार को विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।

## पीएचडी में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम जारी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश के लिए सत्र 2025-26 के फ़ेज 2 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कैटेगरी ए एवं बी में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है।

## बीटेक एवं एमबीए के छात्र ले सकते है हिस्सा, 07 जून तक कराना होगा पंजीकरण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्रों को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ऑनलाइन माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रही है। इसमें विश्वविद्यालय के बीटेक एवं एमबीए के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को सात जून तक पंजीकरण कराना होगा। कंपनी मैनेजमेंट ट्रेनी के पद के लिए छात्रों को परखेगी। चयनित छात्रों को कंपनी की ओर से सालाना तीन लाख 18 हजार रूपये तक का पैकेज मिलेगा।

## 50 लाख की रंगदारी न देने पर घर में घुसकर हमला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट कोतवाली क्षेत्र में 50 लाख रुपये की कथित रंगदारी न देने पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोमतीनगर के विकल्प खंड निवासी सूर्यांश पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके आवास पर पहुंचकर प्रनव राय, विशाल यादव और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके जबड़े में गंभीर चोट आई, जिसके फ्रैक्चर होने की आशंका बताई गई। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। रकम देने से इनकार करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनकी मां के साथ अभद्रता की गई और उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के अनुसार प्रनव राय और पीड़ित पूर्व में मित्र थे, लेकिन आपसी मतभेद के बाद बातचीत बंद हो गई थी। इसके बाद लगातार पैसों की मांग की जा रही थी। पीड़ित का कहना है कि हमले के दौरान उनकी अंगूठी भी कहीं गिर गई, जो अभी तक नहीं मिल सकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## सजा आस्था का भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर इंदिरा नगर स्थित रुद्र विहार कॉलोनी में नीरज श्रीवास्तव एवं राजश्री श्रीवास्तव की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का शुभारंभ प्रातःकाल विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हनुमान जी के स्मरण के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण शुरू हुआ। भंडारे में कढ़ी-चावल एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे ग्रहण करने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर सेवा कार्यों में सहयोग किया। श्रद्धालुओं ने इसे सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण बताते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। भंडारे में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर नीरज, राजश्री श्रीवास्तव व मनीष पंडित समेत अन्य मौजूद रहे।

## राहुल गुप्ता ने संभाला जन उद्घोष व्यापार मंडल प्रदेश सह मीडिया प्रभारी का पद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जन उद्घोष व्यापार मंडल द्वारा बीते सोमवार को हुई मीटिंग मे संगठन को मज़बूत बनाने के क्रम मे कई कार्यकर्ताओं को नवीन पदभार दिए गये थे इसी क्रम मे प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रदेश महामंत्री विनोद सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील सिंह की सहमती से युवा पत्रकार राहुल गुप्ता को प्रदेश सह मिडिया प्रभारी के लिए चयनित किया गया है इस घोषणा के अवसर पर बुके देकर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राहुल गुप्ता को सम्मानित किया गया।राहुल गुप्ता ने कहा कि उनका कार्य संगठन को मज़बूत बनाने और संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का कार्य मज़बूती से करेंगे।



# हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर धार्मिक आस्था, श्रद्धा और सेवा भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे दिन आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा।भंडारे का शुभारंभ दोपहर करीब 12 बजे हुआ, जिसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचने लगे। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। स्वयंसेवक पूरे समय व्यवस्था संभालने में जुटे रहे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।कार्यक्रम में मोहनलालगंज के पूर्व सांसद कौशल किशोर, विधायक अमरेश कुमार, सुधांशु सिंह, गरिमा आनंद, राघवेंद्र यादव, योगेंद्र सिंह छोटू,आशीष



सिंह, शुभम रावत, प्रदीप सिंह,सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों की सराहना की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में भाईचारे, सहयोग और आपसी सौहार्द की भावना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।विशाल भंडारे का आयोजन भाजपा विधायक अमरेश कुमार के द्वारा कराया गया। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सेवा और धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए भंडारे का आयोजन किया गया। प्रभु की कृपा से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। स्थानीय लोगों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया और भक्ति भाव से सराबोर नजर आए। देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा पूरे क्षेत्र वासियों में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय के वातावरण में डूबा रहा।

# जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर नगराम क्षेत्र पूरी तरह बजरंगबली की भक्ति में सराबोर दिखाई दिया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विशाल भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा, जबकि सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। बड़े मंगल के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बूंदी, शीतल शरबत, छोले-चावल, पूड़ी-सब्जी एवं फलों का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे सभी लोगों ने सुव्यवस्थित ढंग से प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में दो स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। वहीं समेसी, इस्माइल नगर, नगराम, नबीनगर, हरदोइया बहरौली और बलसिंह खेड़ा समेत कई गांवों में भी विशाल भंडारे लगाए गए, जहां सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बलसिंह खेड़ा में लालजी द्वारा आयोजित भंडारा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार, शिक्षक अनिल वर्मा, किसान नेता राजेश रावत, विकास पटेल, अनंत कुमार, विजय कुमार, रजनीश वर्मा एवं फूलचंद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे। भंडारे के दौरान ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा, पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष नागेश कुमार और शिक्षक अनिल वर्मा ने स्वयं श्रद्धालुओं के बीच पहुंचकर प्रसाद वितरित किया तथा सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनके इस समर्पण और सेवा भाव की लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# फोटोग्राफर से लाखों के उपकरण लूटे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ चार बदमाशों ने कार रोककर वारदात को दिया अंजाम

❒ पुलिस की कई टीमें आरोपियों की पहचान करने में जुटी

बख्शी का तालाब, लखनऊ।बर्थडे पार्टी की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने के बहाने बुलाकर एक फोटोग्राफर से लाखों रुपये के कैमरे और अन्य उपकरण लूट लिए गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर इटौंजा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

माल थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा निवासी अशोक यादव पेशे से फोटोग्राफर एवं वीडियोग्राफर हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कुछ लोगों ने उनसे संपर्क कर जन्मदिन समारोह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने की बात कही थी। इसके लिए उन्हें सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे नीलांश वाटर पार्क रोड के पास बुलाया गया था। अशोक के मुताबिक वह तय समय पर अपनी कार से मौके पर पहुंचे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक वहां पहुंचे और उनकी कार रोक ली। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें धमकाते हुए उनके पास मौजूद फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का पूरा सामान छीन लिया। लूटे गए सामान में छह कैमरे, सात लेंस, दो गिंबल और एक मोबाइल फोन शामिल है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना इटौंजा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशाल भंडारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल पर ग्राम सैथा में धार्मिक आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशाल भंडारे के आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन क्षेत्र जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष से गूंजता रहा।

समाजसेवी विकास यादव, विशाल यादव एवं अंशु यादव के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सुंदरकांड के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।शाम को आयोजित भजन संध्या में भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। आयोजन स्थल पर मौजूद महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भागीदारी निभाई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में सैथा सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी। स्वयंसेवक पूरे समय सेवा कार्य में जुटे रहे।ग्रामीणों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता को मजबूत करते हैं। बड़े मंगल पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# दिव्यांग बच्चों ने संभाली प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर निराला नगर स्थित परवरिश स्कूल में श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला। स्कूल की ओर से आयोजित भव्य भंडारे में दिव्यांग बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी निभाते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। सबसे पहले बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया, इसके बाद सब्जी-पूड़ी एवं तहरी का प्रसाद हजारों श्रद्धालुओं को कराया गया।

भंडारे में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। परवरिश स्कूल की संचालिका डॉ. कुसुम कमल ने बताया कि विद्यालय की ओर से वर्ष 2012 से लगातार बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य



सेवा, सामाजिक सहभागिता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। दिव्यांग बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया, जिससे समाज में समानता, आत्मविश्वास और सेवा भाव का सकारात्मक संदेश गया। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ कुसुम कमल, वैष्णवी कमल, काजोल पाठक, अभिनव कमल, पार्थ सिंह, आदित्य, चंचल सिंह, अंश अग्रवाल, राम, चांदनी शर्मा, श्रेया अग्रवाल, दीपांशु, अंश त्रिपाठी, पूर्णिमा त्रिपाठी, स्वाति, अजय मीना, दीपू जायसवाल, साधना व स्कूल के दिव्यांग बच्चों समेत अन्य मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते मलिहाबाद रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 5 बजे पोल संख्या 1098/8 के निकट लखनऊ की ओर से जम्मू जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस के सामने जगदीशपुर निवासी रोहित मौर्य 30 वर्ष ने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रेलवे प्लेटफॉर्म के पास मौजूद था। ट्रेन के आते ही वह अचानक ट्रैक पर पहुंच गया और ट्रेन के आगे कूद गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक ट्रैन की चपेट में आने से उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि रोहित मलिहाबाद हॉस्पिटल



में काम करता था और घर से अस्पताल जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता सतीश मौर्य, माता रामगोरी तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गौवंशों की बदहाल स्थिति पर डीएम सख्त ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई

❒ निरीक्षण के दौरान डीएम को गौशाला में गंदगी की गंभीर समस्या पायी गयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज अस्थाई गौआश्रय स्थल, ग्राम पंचायत कसावॉ, विकास खण्ड सिधौली पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी से गौवशों की संख्या एवं केयर टेकरों की जानकारी प्राप्त की। केयर टेकरों से वार्ता करते हुये गौवशों को दिये जाने वाले आहार के बारे में जानकारी लेते हुये केयर टेकरों द्वारा बताया गया कि हरा चारा, साइलेज आदि गौवशों को दिया जाता है।



गौआश्रय स्थल पर गौवंशों के पीने हेतु पानी, बैठनें की व्यवस्था, अत्यन्त कमजोर पशु होने की स्थिति एवं अत्यन्त गंदगी पायी गयी, जिस पर ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल निलम्बित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये कमियां मिलने व महत्वपूर्ण अभिलेख उपलब्ध न पाये जाने पर वी0ओ0 पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। भूसा भण्डारण कक्ष को देखते हुये ग्राम विकास अधिकारी से जानकारी ली कि गौवंशों के उपचार हेतु क्या व्यवस्थाएं की जाती हैं, जिस पर स्पष्ट जवाब न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मानीटरिंग सही ढंग से न किये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही गौआश्रय स्थल पर लगे सी0सी0टी0वी0 का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। प्रधान द्वारा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता करते हुये उनके द्वारा गौआश्रय स्थल की सही ढंग से मानीटरिंग न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिये।निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सिधौली उपस्थित रहे।

# महमूदाबाद नगर पालिका बोर्ड बैठक में जनहित के मुद्दों पर मंथन

❒ विकास कार्यों को लेकर रखे गए महत्वपूर्ण प्रस्ताव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद की बोर्ड बैठक विधायक श्रीमती आशा मौर्या की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर क्षेत्र की विभिन्न जनहितकारी समस्याओं के समाधान एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आवश्यक कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया गया।

बैठक में विधायक श्रीमती आशा मौर्या ने नगर क्षेत्र के विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने की बात कही। उन्होंने वार्ड रमुआपुर स्थित अंत्येष्टि स्थल के जीर्णोद्धार एवं वहां आवश्यक सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव रखा, ताकि अंतिम संस्कार के समय क्षेत्रवासियों को सम्मानजनक एवं सुविधाजनक



व्यवस्था उपलब्ध हो सके। इसके अलावा वार्ड रमुआपुर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ट्रॉली पम्प की व्यवस्था कराने तथा पूरे नगर क्षेत्र में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर शासन को भेजने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में तालाब एवं पोखर संरक्षण योजना के अंतर्गत नगर के प्रमुख तालाबों और पोखरों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराए जाने पर भी चर्चा हुई, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं नगर की सुंदरता को बढ़ावा मिल सके।

बैठक के दौरान नामित सभासद आशुतोष बाजपेयी ''अनल'' ने नगर के प्रमुख चौराहों पर सार्वजनिक प्रसाधनों की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने महमूदाबाद के सभी प्रमुख चौराहों पर सुलभ शौचालयों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आम नागरिकों, महिलाओं एवं यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

बैठक में नगर के समग्र विकास, स्वच्छता, जल निकासी एवं जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के समस्त सभासद, अधिशासी अधिकारी संतोष मौर्य सहित नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। नगरवासियों को उम्मीद है कि बैठक में उठाए गए जनहित के मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही होगी और क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा ।

# पंचायतों में करोड़ों के भुगतान पर सीडीओ का शिकंजा

❒ कार्यकाल खत्म होने से पहले हुए खर्चों की खुली परतें, संसारपुर में अनियमितताएं मिलने पर सचिव निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संसारपुर खीरी। ग्राम पंचायतों में प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने से ठीक पहले किए गए भारी-भरकम भुगतानों पर अब प्रशासन की पैनी नजर पड़ गई है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने पंचायतों में मई माह के दौरान हुए खर्चों की समीक्षा कराई तो कई ग्राम पंचायतें जांच के दायरे में आ गईं।

अभियान की शुरुआत में ही बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत संसारपुर में वित्तीय एवं कार्यगत अनियमितताओं के गंभीर मामले सामने आने से पंचायत विभाग में हड़कंप मच गया है।मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार स्वयं ग्राम पंचायत संसारपुर पहुंचे और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के दौरान पता चला कि मई माह में पंचायत से लगभग



32.13 लाख रुपये का भुगतान किया गया था। मौके पर निरीक्षण के दौरान कई ऐसे कार्य मिले जिनका भुगतान तो पूरा कर दिया गया, लेकिन कार्य अधूरे या गुणवत्ता विहीन पाए गए।विशेष रूप से 5.81 लाख रुपये की लागत से कराए गए मरम्मत कार्यों की जांच में गंभीर खामियां उजागर हुईं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहद खराब मिली और उपयोग की गई सामग्री भी मानकों के अनुरूप नहीं दिखाई दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ ने मौके से निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र कराकर उन्हें प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेज दिया।निरीक्षण में प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता और कार्यों में गड़बड़ी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही तकनीकी अधिकारियों की एक टीम गठित कर पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं।सीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी धन के दुरुपयोग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच में यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या फर्जी भुगतान सिद्ध होता है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से धनराशि की रिकवरी कराई जाएगी और नियमानुसार कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत ग्रांट डोटपुर का निरीक्षण किया। यहां विकास कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई, हालांकि ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति बाधित होने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या से अवगत कराया। इस पर सीडीओ ने जल निगम अधिकारियों को तत्काल समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। वहीं गांव की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायतों में हुए कार्यों और भुगतानों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता करने वाले तथा सरकारी धन का दुरुपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में भी खलबली मची हुई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई और पंचायतों के भुगतान और विकास कार्यों की जांच हो सकती है।

# रामलीला मैदान की मर्यादा पर सवाल: 'विकास प्रदर्शनी' के नाम पर अश्लीलता और अव्यवस्थाओं के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया कलां, लखीमपुर खीरी। नगर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित विकास प्रदर्शनी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने प्रदर्शनी में अश्लील प्रदर्शन, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा जनसुविधाओं के अभाव जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

आरोप है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से जुड़े इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिसर में प्रदर्शनी के नाम पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिन्हें स्थानीय लोग सामाजिक और धार्मिक मूल्यों के विपरीत बता रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि परिसर में संचालित तथाकथित 'जलपरी शो' के माध्यम से महिलाओं के अशोभनीय प्रदर्शन कराए जा रहे हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं और रामलीला मैदान की गरिमा प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि प्रदर्शनी के संचालन और आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है तथा

❒ धार्मिक स्थल की पवित्रता से खिलवाड़ का आरोप, सुरक्षा मानकों और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी उठे गंभीर सवाल

इसके पीछे कुछ प्रभावशाली लोगों की भूमिका होने की चर्चा क्षेत्र में है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर भी उठे सवाल**

प्रदर्शनी परिसर में संचालित झूलों को लेकर भी गंभीर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। नागरिकों का आरोप है कि झूलों की नियमित तकनीकी जांच और फिटनेस परीक्षण नहीं कराया जा रहा है। यदि यह आरोप सही पाए जाते हैं तो बड़ी संख्या में आने वाले बच्चों और परिवारों की सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों के लिए पर्याप्त शौचालय, स्वच्छ पेयजल तथा अग्निशमन उपकरणों जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव की शिकायतें भी सामने आई हैं। लोगों का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम दिखाई नहीं देते।

**खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर भी चिंता**

प्रदर्शनी में संचालित खाद्य स्टॉलों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। कुछ नागरिकों ने आरोप लगाया है कि बच्चों को बेचे जा रहे खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता संदिग्ध है। लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

**छात्रों से ड्यूटी कराने का आरोप**

एक अन्य मामले में कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि एनसीसी से जुड़े छात्रों को सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर देर रात तक ड्यूटी में लगाया जा रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में भी प्रशासन से जांच की मांग की गई है।

**प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग**

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों, सामाजिक संगठनों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, प्रदर्शनी में लागू सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय लोगों की निगाहें अब जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

## मैलानी में शासन आपके द्वार से गूंजा विकास, सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर लगा सेवा शिविर

लखीमपुर खीरी । नगर पंचायत मैलानी में मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर ल्शासन आपके द्वारङ्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग कर मौके पर ही आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा गया।शिविर में समाज कल्याण विभाग, कार्यक्रम विभाग, अग्रणी जिला प्रबंधन सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीडीओ के पहुंचने तक ही करीब 100 से अधिक लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण कराया, जिससे शिविर की व्यापक जनभागीदारी स्पष्ट दिखाई दी।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी की उपस्थिति में पात्र लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को आवश्यक जानकारी प्रदान कर उन्हें लाभान्वित भी किया गया।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मुकदमें में समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी

❒ पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर जेई ने किया था सुसाइड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। आत्महत्या के लिए उकसाने के दर्ज मुकदमें में समझौता न करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।थाना रौजा क्षेत्र की आदर्श नगर कालोनी निवासी राजेन्द्र नाथ मिश्रा ने एसपी को दिए गए पत्र में बताया कि उसका पुत्र रवीन्द्र मिश्रा जनपद रामपुर की तहसील शाहाबाद के बिजली विभाग में जेई के पद पर कार्यरत था। रवीन्द्र मिश्रा की शादी थाना तिलहर क्षेत्र की श्रुति मिश्रा उर्फ अलका से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पुत्रवधु श्रुति मिश्रा उसे और उसके पुत्र रविन्द्र को मानसिक प्रताड़ना, लडाई-झगडा एवं जान से मारने की धमकी देती थी। श्रुति ने कई बार उसके पुत्र रविन्द्र को नशीला पदार्थ खिलाकर उसकी जान लेने का प्रयास किया। जिसको लेकर पूर्व में जिलाधिकारी एवं थाना स्तर पर भी शिकायतें की गईं तथा तलाक के लिए न्यायालय में वाद भी प्रस्तुत किया गया था। बताया कि पुत्रवधु श्रुति मिश्रा की लगातार मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उसके पुत्र रवीन्द्र मिश्रा ने शाहाबाद जनपद रामपुर स्थित किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 22 मार्च 2026 को उनकी तहरीर पर थाना शाहाबाद जनपद रामपुर में श्रुति मिश्रा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई और रामपुर पुलिस ने आरोपी पुत्रवधु श्रुति मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में 14 मई को आरोपी श्रुति मिश्रा को जमानत मिल गई। इसके कुछ दिनों बाद ही पुत्रवधु श्रुति मिश्रा के पिता अवधेश मिश्रा, उसका भाई अंजुल और अंकित मिश्रा तथा थाना रौजा क्षेत्र के अमित अग्निहोत्री ने उक्त मुकदमें में समझौता करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। समझौता न करने पर उन्हे और उनके परिवार को जान से मारने एवं किसी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने उक्त लोगों से अपनी व अपने परिवार की जान को खतरा बताया, कहा कि उसके व उसके परिवार के साथ किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो सकती है। जिसके जिम्मेदार यही लोग होगें। फिलहाल, पीड़ित राजेन्द्र मिश्रा ने एसपी से उक्त मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

## एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति फ़ेज-05 के तहत जनपदीय पुलिस की एंटी रोमियो टीम की महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया और जागरूकता के पम्पलेट वितरित किए। इस दौरान टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए चौपाल का आयोजन किया तथा महिला संबंधी समस्याओं के समाधान एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार बताया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जागरूक किया। अभियान के तहत जनपद की एंटी रोमियो टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, धार्मिक स्थलों सहित सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और जागरूकता के पम्पलेट वितरित किए।

## पॉलीथीन मुक्त प्रदेश के लिए फैक्ट्रियों पर कसे शिकंजा, केवल दुकानदारों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिंगल यूज पॉलीथीन के बढ़ते उपयोग और उससे पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए वन्देमातरम फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। संस्था का कहना है कि केवल बाजारों में छापेमारी और दुकानदारों पर कार्रवाई करने से पॉलीथीन का उपयोग नहीं रुकेगा, बल्कि इसके निर्माण और सप्लाई नेटवर्क पर सख्त प्रहार करना होगा। वन्देमातरम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में समय-समय पर पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इसका स्थायी असर दिखाई नहीं देता। इसका मुख्य कारण यह है कि कार्रवाई का केंद्र केवल खुदरा बाजार तक सीमित रहता है, जबकि पॉलीथीन का उत्पादन करने वाली इकाइयां और बड़े थोक सप्लायर निर्बाध रूप से अपना कारोबार जारी रखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में पॉलीथीन मुक्त उत्तर प्रदेश का लक्ष्य हासिल करना चाहती है तो निर्माण इकाइयों, गोदामों और थोक विक्रेताओं की पहचान कर उनके खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए। ऐसे प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण, भारी आर्थिक दंड और आवश्यक होने पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। संस्था ने अपने ज्ञापन में सुझाव दिया है कि आम लोगों और छोटे व्यापारियों को पॉलीथीन के विकल्प आसानी से उपलब्ध कराए जाएं। कपड़े और जूट के थैले, कागज के बैग तथा दोना-पत्तल जैसी पर्यावरण अनुकूल सामग्री को सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए विशेष योजना बनाई जाए, ताकि लोग स्वेच्छा से पॉलीथीन का उपयोग छोड़ सकें। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से वन्देमातरम फाउंडेशन द्वारा 'जागे त्यागे पॉलीथीन' जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को पॉलीथीन के दुष्प्रभावों और उसके सुरक्षित विकल्पों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार, प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही पॉलीथीन प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। संस्था ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पॉलीथीन के उत्पादन से लेकर वितरण तक की पूरी श्रृंखला पर निगरानी बढ़ाकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आ सकें।

## मिश्रिख में बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन




**सीतापुर, मिश्रिख, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर मिश्रिख तहसील चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।भंडारे का आयोजन ग्राम पंचायत पतौंजा के प्रधान प्रतिनिधि अनुराग मिश्रा पवन पतोंज एवं प्रधान श्रीमती मुन्नी देवी के नेतृत्व में किया गया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी।आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर सेवा एवं भक्ति की भावना से यह भंडारा आयोजित किया गया है, जिसमें सभी क्षेत्रवासियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द का संदेश भी दिया गया।भंडारे में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रही और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

## घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी को पकड़ा, पुलिस ने भेजा जेल

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना बण्डा पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। आरोपी को चोरी करने के दौरान लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था।पुलिस के अनुसार, थाना बण्डा क्षेत्र के गांव इंदलपुर निवासी राजेश कुमार ने अपने भाई सर्वेश कुमार की मदद से एक चोर को पकड़ा और उसे थाने लेकर पहुंचा। राजेश ने पुलिस को बताया कि आरोपी चोर भगवान शरण उर्फ छोटे उसके गांव का ही रहने वाला है। आरोपी चोर भगवान शरण ने उसके घर में घुसकर उसकी पेंन्ट की जेब में रखे 02 हजार रूपए चोरी कर लिए और भागने लगा। इसी दौरान उसने अपने भाई की मदद से भगवान शरण को पकड़ लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी किए गए 02 हजार रूपए बरामद हुए। पुलिस ने राजेश की तहरीर पर आरोपी भगवान शरण के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसे हिरासत में लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।

# फिजियोथैरेपी के बहाने बुजुर्ग महिला से ठगी सोने के कंगन बदलकर ले उड़े आरोपी

❒ पुलिस की तत्परता से तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी के कंगन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शहर के मोहल्ला कपूरथला में विश्वास को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। फिजियोथैरेपी के लिए घर पहुंचे युवक और युवती ने उपचार के दौरान एक बुजुर्ग महिला के असली सोने के कंगन उतारकर उनकी जगह नकली कंगन पहना दिए और फरार हो गए।

मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सोने के कंगन बरामद कर लिए हैं।जानकारी के अनुसार, मोहल्ला कपूरथला निवासी बुजुर्ग महिला के घर फिजियोथैरेपी के लिए अभिषेक और चाहत नामक युवक-युवती पहुंचे थे। आरोप है कि उपचार के दौरान दोनों ने सुनियोजित तरीके से महिला के हाथों से सोने के कंगन उतार लिए और उनकी जगह




हूबहू दिखने वाले नकली कंगन पहना दिए। घटना के समय परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी।अगले दिन जब महिला की बेटी नीता ने कंगनों की जांच कराई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि महिला के हाथों में पहने गए कंगन नकली हैं। इसके बाद उन्होंने तत्काल सदर कोतवाली पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।शिकायत मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और मुकदमा दर्ज कर दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने सोने के कंगनों को करीब 1.20 लाख रुपये में संकटा देवी रोड स्थित सर्राफा बाजार में बेच दिया था।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कंगन खरीदने वाले केशव गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने के कंगन बरामद कर लिए। बताया जा रहा है कि केशव गुप्ता एक ज्वेलर्स संचालक का रिश्तेदार है।कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को राहत मिली है।इस घटना ने लोगों को सतर्क रहने का संदेश भी दिया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि घरों में आने वाले किसी भी बाहरी व्यक्ति के संबंध में पूरी जानकारी रखें और कीमती आभूषणों व सामान की सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतें।

# 8 महीने बाद भी अधूरा खड़ंजा, भुगतान पूरा ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर । उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक ओर ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यप्रणाली का दावा कर रही है, वहीं जनपद सीतापुर के विकास खंड मछरेहटा से एक ऐसा मामला सामने आया है जो इन दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है। मामला विकास खण्ड सडिला का है जहांक्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए खड़ंजा निर्माण कार्य में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।शिकायती पत्र के अनुसार गांव में लगभग आठ माह पूर्व शुरू हुआ खड़ंजा निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। कई स्थानों पर सड़क अधूरी पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की समस्या भी बनी रहती है।ग्रामीणों का आरोप है कि




कार्यस्थल पर लगाए गए सूचना पट्ट एवं विभागीय अभिलेखों में निर्माण कार्य को पूर्ण दर्शाते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। जबकि धरातल पर कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन कराया जाए, भुगतान प्रक्रिया की जांच हो तथा दोषी अधिकारियों और संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही अधूरे पड़े खड़ंजा निर्माण को शीघ्र पूरा कराने की मांग भी उठाई गई है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सकती है। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# पंचायत सहायकों ने भरी हुंकार, मांगे पूरी नहीं हुईं तो 15 को होंगे लखनऊ रवाना

❐ प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायत सचिवालयों के संचालन, डिजिटल सेवाओं के क्रियान्वयन, ऑनलाइन कार्यों और सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सोमवार को जिले भर के पंचायत सहायकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विकास भवन और कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पंचायत सहायकों ने नारेबाजी करते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। बाद में जिलाधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा पंचायती राज विभाग के निदेशक को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायत सचिवालयों के संचालन, डिजिटल सेवाओं के क्रियान्वयन, ऑनलाइन कार्यों और सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें मात्र 6 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में बेहद कम है। पंचायत सहायकों ने मांग की कि उनका मानदेय बढ़ाकर ग्राम पंचायत सचिव के समान 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। यदि यह संभव नहीं है तो कम से कम राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम कुशल मजदूरी के बराबर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही अनुबंध व्यवस्था समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली लागू करने, विवाह के बाद महिला पंचायत सहायकों के स्थानांतरण की स्पष्ट नीति बनाने तथा ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग भी उठाई गई।

### पंचायत सहायकों की प्रमुख मांगें

पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए।पंचायत सहायकों और उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए। विभागीय पहचान पत्र जारी किए जाएं।अलग पंचायत सहायक पोर्टल विकसित किया जाए। पंचायत सचिवालयों में कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट, फर्नीचर और स्टेशनरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। निजी मोबाइल से नहीं करेंगे सरकारी कार्य प्रदर्शन के दौरान पंचायत सहायकों ने घोषणा की कि वे अपने निजी मोबाइल फोन से किसी भी प्रकार का विभागीय कार्य नहीं करेंगे। उनका कहना है कि जब तक विभाग की ओर से मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक निजी संसाधनों का उपयोग सरकारी कामकाज के लिए नहीं किया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन उपस्थिति के लिए कंप्यूटर आधारित व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई। डीपीआरओ ने दिया आश्वासन इस दौरान डीपी आरओ याबर अब्बासी ने पंचायत सहायकों की समस्याओं को सुना और उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी कि यदि 15 जून 2026 तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश के सभी 75 जिलों के पंचायत सहायक लखनऊ के ईको गार्डे न में विशाल शांतिपूर्ण धरना- प्रदर्शन करेंगे। पंचायत सहायकों का कहना है कि उनका आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि सम्मानजनक मानदेय, बेहतर कार्य व्यवस्था और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर है। अब सभी की निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

# महंगाई, बेरोजगारी व अघोषित बिजली कटौती समेत कई मुद्दों पर सपा ने किया प्रदर्शन

❐ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 30 मई को दूसरे गुट ने भी उन्हीं मुद्दों पर किया था धरना-प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लंभुआ, सुल्तानपुर । लंभुआ तहसील क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के दो अलग-अलग गुटों द्वारा एक ही मुद्दे को लेकर अलग-अलग तिथियों में प्रदर्शन किए जाने से पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। मंगलवार को विाानसभा अयक्ष सत्यपाल यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर उपजिलाािकारी को ज्ञापन सौंपा, जबकि इससे पहले 30 मई को पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र वर्मा उर्फ बाजीगर वर्मा के नेतृत्व में पार्टी का दूसरा गुट इसी मुद्दे पर प्रदर्शन कर चुका है।

मंगलवार को सुबह से ही लंभुआ स्थित मेला वाली बाग में सपा नेता और कार्यकर्ता जुटने लगे। इसके बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलायक्ष रघुवीर यादव, पूर्व विाायक संतोष पांडेय तथा अन्य नेताओं के साथ तहसील मुख्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पेपर लीक, महंगाई, बिजली कटौती, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तहसील पहुंचने पर विाानसभा अयक्ष सत्यपाल यादव के नेतृत्व में प्रतिनिामिंडल ने उपजिलाािकारी प्रीति जैन को राज्यपाल के नाम संबोाित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विभिन्न जनसमस्याओं के समााान और सरकार की नीतियों पर पुनर्विचार की मांग की गई। कार्यक्रम में पूर्व विाायक संतोष पांडेय, पूर्व जिलायक्ष पृथ्वीपाल यादव, जिलायक्ष रघुवीर यादव, जिला सचिव हरकेश यादव, अतेन्द्र जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाािकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम से पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ नेता परमात्मा यादव, जिला महासचिव सलाउद्दीन सिद्दीकी, जिला उपायक्ष अशोक वर्मा, हाल ही में पार्टी में शामिल हुए श्यामलाल निषाद श्गुरुजीश, भजन सिंह यादव तथा हरीश यादव सहित कई प्रमुख नेताओं की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि एक ही मुद्दे पर अलग-अलग गुटों द्वारा पृथक प्रदर्शन किए जाने और वरिष्ठ नेताओं की दूरी से लंभुआ क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की आंतरिक खींचतान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। वर्ष 2027 के विाानसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखना बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

# क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से पेट्रोल पम्पों पर उपलब्ध जनसुविधाओं का किया गया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल , बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से पेट्रोल पम्पों द्वारा आम जनमानस को उपलब्ध करायी जा रही जनसुविधाओं की जांच मुफ्त हवा, पानी, स्वच्छ पुरूष एवं महिला शौचालय, शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प एवं वॉश बेसिन की उपलब्धता, नो हेलमेट-नो फ्यूल का बैनर एवं पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता आदि बिन्दुओं पर करायी गयी। दिनांक 01.06.2026 को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों द्वारा किये गये 22 पेट्रोल पम्पों के निरीक्षण में कमी पाये गये पेट्रोल पम्पों का विवरण निम्नवत है, मैसर्स ललतेश फिलिंग स्टेशन बबराला चन्दौसी रोड- दिव्यांगजन रैम्प नही, मैसर्स गुन्नौर फिलिंग स्टेशन गुन्नौर, मुफ्त हवा एवं पानी नहीं, शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प एवं वॉश बेसिन नहीं। मैसर्स हाजी हशमत हुसैन बदर हुसैन नगर सम्भल-शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प नहीं,मैसर्स आमिर फिलिंग स्टेशन नगर सम्भल शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प नहीं, मैसर्स डी.एन. फिलिंग स्टेशन बहजोई- साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं, मैसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन चन्दौसी - साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं। कमी पाये गये पेट्रोल पम्पों पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु सम्बन्धित बिक्री अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

# 15 हजार मासूम निवेशकों के रुपये हजम करने वालों से रूपये दिलाकर जेल भेजनें की उठी मांग

❐ अमर ज्योति घोटाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड घोटाले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और निवेशकों की जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को पीड़ित निवेशकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे निवेशकों ने प्रशासन से मामले में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, सूर्यकांत, श्रीकांत समेत अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ बदायूं में चार मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा बरेली में भी कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज होने की जानकारी दी गई है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों पर इनाम घोषित है और उनकी याचिकाएं भी इलाहाबाद हाईकोर्ट से निस्तारित हो चुकी हैं। इसके बावजूद मुख्य आरोपी अब तक गिरफ्तारी से दूर हैं। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एडवोकेट अरविंद पाल सिंह परमार ने बताया कि इस घोटाले से बदायूं जनपद के करीब 15 हजार निवेशक प्रभावित हुए हैं। इनमें दिहाड़ी मजदूर, छोटे दुकानदार, महिलाएं, व्यापारी तथा अधिवक्ता भी शामिल हैं। करोड़ों रुपये की कथित ठगी के कारण अनेक परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि कंपनी से जुड़े लोगों ने अपनी कई चल- अचल संपत्तियां पहले ही बेच दी हैं या ठिकाने लगा दी हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपियों की बची हुई संपत्तियों को तत्काल जब्त कर उनकी नीलामी कराई जाए, ताकि निवेशकों की जमा धनराशि वापस दिलाई जा सके। निवेशकों ने प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने और मामले की प्रभावी जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि लंबे समय से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हजारों परिवार अब भी अपनी मेहनत की कमाई वापस मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में एडवोकेट अरविंद पाल सिंह परमार, मुकेश कुमार, गजेंद्र, रूपल, अर्जुन, बबली, लज्जावती, उर्मिला, गुड़िया, रुखसार, राज कुमारी, सफिया और नईम अहमद सहित बड़ी संख्या में पीड़ित निवेशक मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में हुआ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीय एवं प्रदेश स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।प्रदेश स्तर पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम के तहत योगी आदित्य नाथ द्वारा प्रदेश के 1,682 मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानाचार्यों को सम्मानित किए जाने के क्रम में बदायूं में भी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता विधायक हरीश शाक्य तथा जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। समारोहविद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और शिक्षा के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण को और अधिक मजबूत करने वाला बना।

## इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाए दिव्यांगजन सर्वांगीण पुनर्वासन कार्यक्रमों के संचालन के लिये करे आवेदन

**बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला दिव्यांगजन सशक्ती करण अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना के अन्तर्गत 21 प्रकार की दिव्यांग ताओं (मानसिक मंदित एवं मानसिक रुप से रुग्ण दिव्यांगजनों को छोडकर) से सम्बन्धित 07परियोजनाओं/कार्यक्रमों का स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से क्रियान्वयन किये जाने हेतु सहायता अनुदान प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत अर्ली इण्टर वेंशन सेन्टर,डे केयर सेन्टर/प्री- प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल के स्तर के विशेष विद्यालयों का संचालन,जूनियर हाईस्कूल स्तर तक विशेष विद्यालयों का संचालन,हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेंड तथा न्यूनतम 02 ट्रेड), पाठ्य सामाग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो सम्बन्धित क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखते हों, दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट द्वप्ध्:://फ्ध्द्धबद.द्धधप.द्धद्ध से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित कार्यकारी आदेश/दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं।परियोजनाओं/कार्यक्रमों का संचालन करने हेतु इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाए आवेदन कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कक्ष सं0-103, विकास भवन, बदायूँ से प्राप्त करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु उक्त कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## सिपाही ने काटा हंगामा, की बदसलूकी और मांगे रूपये, थाने पर बजरंग दल का हंगामा

**फैजगंज बेहटा, बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में तैनात एक सिपाही पर अभद्र व्यवहार, धमकी देने तथा कार्रवाई के नाम पर रुपये और शराब मांगने के आरोपों को लेकर सोमवार को थाने पर जमकर हंगामा हुआ। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आरोपी सिपाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आसफपुर विकास खंड के ग्राम दूंदपुर निवासी सोनू कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव के साप्ताहिक पशु निराश्रय केंद्र में गोवंश छोड़े जाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच के दौरान चौकी पर तैनात सिपाही अंशुल कुमार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और कार्रवाई के नाम पर रुपये तथा शराब की मांग की।शिकायतकर्ता का आरोप है कि सिपाही ने फोन पर दबाव बनाते हुए शिकायत वापस लेने के लिए कहा। साथ ही शिकायत वापस न करने पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी भी दी। मामले से जुड़ी एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा भी है, जिससे मामला और अधिक चर्चाओं में आ गया है। हालांकि वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना से नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ता जिला मंत्री शुभम पाराशरी के नेतृत्व में फैजगंज बेहटा थाने पहुंचे और धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच कर आरोपी सिपाही के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा।काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि शिकायत पत्र प्राप्त हो गया है और मामले की जांच कर रिपोर्टउच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। जांच रिपोर्ट और पुलिस की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## नवीपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 नवीपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका क्षेत्रीय सभासद अरविन्द कुमार यादव द्वारा शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 105 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया जिसमें सभी लोगों का सीने का एक्सरे टेक्निशियन राजकुमार गुप्ता द्वारा किया गया तथा लैब टेक्नीशियन सूरज कुमार द्वारा शुगर की जांच किया गया। फार्मासिस्ट विकास कुमार द्वारा बीपी जांच किया गया एवं सामान्य दवा का वितरण किया गया। चिकित्सा अाािकारी ड. अजीमुशान द्वारा स्वास्थ्य शिविर में आए व्यक्तियों का लक्षण के अनुसार परामर्श दिया गया एवं दवा लिखा गया, स्वास्थ्य शिविर में टीबी क्लिनिक के सुरेश कुमार, क्षेत्रीय एएनएम अर्चना तिवारी, क्षेत्रीय आशा अमीता शुक्ला किरण वर्मा एवं डडन् वैन की स्टाफ नर्स प्रीति,पायलट रमेश कुमार वर्मा एवं टीबी क्लीनिक के शहजाद द्वारा सहयोग किया गया।

## वरासत के नाम पर रिश्वत लेना पड़ा महंगा, गिरफ्तार

**सुल्तानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के जयसिंहपुर तहसील में तैनात लेखपाल को वरासत के नाम पर रिश्वत लेना महंगा पड़ गया।किसान की शिकायत पर पहुंची अयोया एंटी करेप्शन की टीम ने उन्हें रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। मामला जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के पीढ़ी चौराहे से जुड़ा है।जहां शिकायत कर्ता की शिकायत पर जाल बिछाकर पहुंची एंटी करेप्शन टीम ने वरासत के नाम पर पीढ़ी गांव में तैनात लेखपाल विवेक वर्मा को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद एंटी करेप्शन टीम आरोपी लेखपाल को लेकर कूरेभार थाने पहुंची। जहां एंटी करेप्शन टीम की तरफ से मुकदमा दर्ज किया।आरोपी लेखपाल जयसिंहपुर क्षेत्र के अलावलपुर गांव का निवासी है।एंटी करेप्शन थाना अयोया के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को कूरेभार थाने में रखा गया है।जो किसान से वरासत के नाम पर 05 हजार रुपए रिश्वत लिया था।थाने पर मुकदमा दर्ज कर विाि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आरोपी लेखपाल को एंटी करेप्शन अदालत गोरखपुर में पेश किया जाएगा।

# 22 घंटे तक महुआ के पेड़ नीचे दबी रही गौमाता, सूचना पर सक्रिय हुए गौरक्षक

❐ धम्मौर पुलिस ने जेसीबी से हटवाया पेड़, मृत गौमाता को दिलाई गई सम्मान पूर्वक भू-समाधि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के ाम्मौर थाना क्षेत्र के कर्मचंदपुर गांव में बीते सोमवार को आए तेज आंाी-तूफान के दौरान एक विशालकाय महुआ का पेड़ अचानक गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से एक गौमाता की नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के लगभग 22 घंटे बाद तक मृत गौमाता पेड़ के नीचे दबी रही, जिससे ग्रामीणों में दुःख और आक्रोश का माहौल बना रहा।

ग्रामीणों की सूचना पर मंगलवार को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के जिला संयोजक उदय प्रकाश मिश्रा सक्रिय हुए और पुलिस प्रशासन को मामले की जानकारी देते हुए तत्काल राहत कार्य शुरूकराने की मांग की। उन्होंने जेसीबी मशीन मंगवाकर पेड़ हटाने और मृत गौमाता का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्ृति, आस्था और सनातन परंपरा का प्रतीक हैं। 22 घंटे तक मृत गौमाता का पेड़ के नीचे दबा रहना बेहद दुःखद और प्रशासनिक संवेदन हीनता को दर्शाता है। प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करते हुए विाित भू-समाधि की व्यवस्था करनी चाहिए। वहीं ाम्मौर थाना प्रभारी वीपेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से पेड़ की डाल हटवाकर मृत गौमाता को सम्मान पूर्वक भू-समाधि दिलाई गई। इस दौरान थाना प्रभारी वीपेंद कुमार वर्मा, उप-निरीक्षक राज कुमार,आरक्षी संजय यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ 33,984 अभ्यर्थी होंगे परीक्षा में शामिल

बदायूँ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 प्रवेश परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार ने की। बैठक में परीक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाए। उन्होंने बताया कि जनपद में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्रों पर 08, 09 और 10 जून 2026 को परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रथम पालीः प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, द्वितीय पालीः अपराह्न 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक 33,984 अभ्यर्थी होंगे शामिल अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक पाली में सभी केंद्रों पर कुल 5,664 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। तीन दिनों तक चलने वाली छह पालियों में कुल 33,984 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बायोमैट्रिक उपस्थिति होगी अनिवार्य परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, टॉर्च,इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तथा तंबाकू उत्पाद सहित किसी भी प्रतिबंधित सामग्री को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों, मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा और निगरानी संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में केंद्र व्यवस्थापक, नामित मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीओ एमपी सिंह के नेतृत्व में जेठ मास के छठे मंगलवार को संपन्न हुआ विशाल भंडारा

❐ बजरंगबली के जयकारे से गूंज उठा बल्दीराय कस्बा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। ज्येष्ठ मास के छठे बड़े मंगलवार के अवसर पर बल्दीराय कस्बे में आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्युत विभाग बल्दीराय की ओर से आयोजित विशाल भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर शाम तक चले इस ाार्मिक आयोजन में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रह्ला कर भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

भंडारे से पूर्व विद्युत विभाग के उपखंड अाािकारी (एसडीओ) एम.पी. सिंह के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा श्रद्धालुओं की सुविाा के लिए व्यापक प्रबंा किए गए थे। प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की गई, जिससे बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविाा का सामना नहीं करना पड़ा। कार्यक्रम में प्रशासनिक अाािकारियों ने भी सहभागिता निभाई। एसडीएम प्रवीण कुमार, तहसीलदार अरविंद तिवारी, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह तथा एसडीओ एम.पी. सिंह ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव के साथ ग्रह्ला किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ाार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों की आस्था और उत्साह पूरे कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता एवं ाार्मिक परंपराओं को सु.ढ़ करने वाला प्रयास बताया। कार्यक्रम में प्राान विजय पासी, प्राान राजेश दुबे, जेई आनंद भारती, जेई परशुराम, जेई सिद्धार्थ रावत, अमित मिश्रा, संदीप पांडे, विजय कुमार, अमित पांडे, प्रवेश कुमार, नीरज तिवारी, भोला तिवारी, शैलेंद्र कुमार यादव, ननकऊ सहित विद्युत विभाग के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवीपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



सुलतानपुर। नगरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 नवीपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका क्षेत्रीय सभासद अरविन्द कुमार यादव द्वारा शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 105 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया जिसमें सभी लोगों का सीने का एक्सरे टेक्निशियन राजकुमार गुप्ता द्वारा किया गया तथा लैब टेक्नीशियन सूरज कुमार द्वारा शुगर की जांच किया गया। फार्मासिस्ट विकास कुमार द्वारा बीपी जांच किया गया एवं सामान्य दवा का वितरण किया गया। चिकित्सा अाािकारी ड. अजीमुशान द्वारा स्वास्थ्य शिविर में आए व्यक्तियों का लक्षण के अनुसार परामर्श दिया गया एवं दवा लिखा गया, स्वास्थ्य शिविर में टीबी क्लिनिक के सुरेश कुमार, क्षेत्रीय एएनएम अर्चना तिवारी, क्षेत्रीय आशा अमीता शुक्ला किरण वर्मा एव वैन की स्टाफ नर्स प्रीति,पायलट रमेश कुमार वर्मा एवं टीबी क्लीनिक के शहजाद द्वारा सहयोग किया गया।

# काशीपुर व वर्तारा में बीडीओ,एपीओ,और टीईए की तिकड़ी से मनरेगा योजना का बंटाधार!

❒ करनैलगंज ब्लॉक में भ्रष्टाचार पर मूकदर्शक बने हुए हैं खंड विकास अधिकारी व एपीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जिले के करनैलगंज ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि मनरेगा श्रमिकों की हाजिरी घर घर जा कर फ़ेस रेटीना की जा रही है और अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मे दार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान व रोजगार सेवक एवं कर्मचारी मनरेगा योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार मन रेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले की करनैलगंज विका स खंड की ग्राम पंचायत काशीपुर और वर्तारा के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं,हद तो यह है धरातल से ही फ़ेस रेटिं ना होना चाहिए और दोनों समय का फोटो अप लोड करनी होती है लेकिन यहां तो उसकी धज्जि यां उड़ाई जा रही है,फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदू र ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखा ई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डल वा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के का र्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# ज्येष्ठ के पांचवें बड़े मंगलवार पर नानपारा भक्तिमय, दर्जनभर स्थानों पर भंडारे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक आस्था और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं तथा श्रद्धालुओं द्वारा लगभग एक दर्जन स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। विश्वनाथ मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता के सौजन्य से आयोजित भंडारे में अमित पाण्डेय एवं दिलीप जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

वहीं सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में पुरोहित संतोष पाण्डेय के निर्देशन में डॉ. रीतेश श्रीवास्तव, श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, नमन एवं शब्दिता द्वारा हनुमान जी का पूजन एवं आरती संपन्न कर भंडारे का शुभारंभ किया गया। आयोजन में सचिव डॉ. वीरांगना कान्त, गीता श्रीवास्तव, शिप्रा श्रीवास्तव, पूनम मिश्रा, राम गोपाल मिश्रा एवं आशीष ओझा सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में नई तहसील नानपारा के मुख्य द्वार पर तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन, इंडियन बैंक शाखा के गेट पर शाखा प्रबंधक अमित वर्मा, गोयल तिराहे पर डॉ. राम अवतार गोयल, पुराने बस स्टैंड स्थित प्रतिष्ठान पर दिलीप जायसवाल, धनीराम गली में सर्राफा व्यापारियों, रुपईडीहा बस स्टैंड पर अनिल कैटरर तथा सिंचाई कॉलोनी के निकट भुवन शाह द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया।दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ भंडारों में पहुंचती रही और लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही पटरी पर उतर आते अवैध वेंडर्स, रोक लगाने में नाकाम

❒ अवैध वेंडर खुलेआम गोंडा रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर या ट्रेनों में सामान बेचते रोक लगाने में रेल प्रशासन नकाम साबित हो रहा

❒ वेंडर का मेडिकल कार्ड व पहचान पत्र वर्दी होना चाहिए लेकिन यहाँ सिर्फ हवा हवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। रेलवे द्वारा समय-समय पर स्टेशनों की जांच होती रहती है।ऐसे में गोंडा रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति वेंडर सामान बेच रहे है। न ही रेलवे उन्हें रोक पा रहा है और न ही ठेकेदार के प्रति कार्रवाई नहीं की जा रही है।ऐसे में यात्रियों को बिना जांच के खाने को परोसा जा रहा है। इससे यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है।

गोंडा रेलवे स्टेशन पर एरिया मैनेजर और प्लेटफॉर्म इंस्पेक्टर व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते अ वैध वेंडर बेखौफ होकर खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। वहीं वैध वेंडर कई बार यूनिफॉर्म तक नहीं पहनते। बाहर की टीम व डीआरएम, सीनियर डीसीएम के निरीक्षण के दौरान ही वेंडर यूनिफार्म,कैप व ग्ल व्ज में नजर आते हैं।लेकिन इसके बाद भी स्टेशन पर अवैध वेंडरों के हौसले बुलंद हैं। खाद्य सामग्री बेचे जाने के लिए वेंडर का मेडिकल कार्ड व पहचा न पत्र कार्ड भी बनाया जाता है।लेकिन कई वेंडर बिना मेडिकल कार्ड के ही खाद्य सामग्री बेच रहे हैं,

### मनमाने रेट पर बेचते है सामग्री

नियमों की अनदेखी करते हुए वेंडर्स हर प्लेटफार्म में तीन से चार कर्मचारी की संख्या बढ़ाकर ट्रेनों में,प्लेटफार्म पर खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। अवैध वेंडर रोजाना मिनरल वाटर,फल और खाद्य साम ग्री की बिक्री करते हैं।इसके अलावा अवैध वेंडर बिना लाइसेंस के ट्रेनों और प्लेटफार्म पर मनमाने रेट पर सामग्री बेचते नजर आ रहे हैं। अवैध वेंडर चिप्स व बिस्किट आदि भी मनमाने दाम पर बेच रहे हैं। जिम्मेदार यह सब देख कर आँखे बंद कर लेते है यही नहीं दोनों का खुलता है रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से लेकर प्लेटफार्म और ट्रेनों में अवैध वेंडरो का कब्जा जमा रखा है।

## मार्निंग वॉक बना आखिरी सफर, रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

नानपारा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबाकुट्टी (बाबागंज) गांव निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से परिवार और क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना मंगलवार सुबह उस समय हुई जब युवक नियमित रूप से टहलने के लिए घर से निकला था। जानकारी के अनुसार बाबाकुट्टी निवासी मोबीन (35) पुत्र हसनू सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान नानपारा की ओर से आ रही रूपईडीहा डिपो की एक रोडवेज बस की चपेट में आ गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना में शामिल बस का नंबर यूपी 78 एचएन 3823 बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्र के लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# हजम हो रहा उपभोक्ताओं के लाखों रूपये गैस एजेंसी संचालक लगा रहे चूना

❒ जिम्मेदार मौन, उपभोक्ता भुगत रहे खामियाजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । नियम है कि एलपीजी उपभोक्ताओं को सिले डर की डिलीवरी उनके घर पर की जाए।यदि उप भोक्ता एजेंसी से सिलिंडर लेना चाहें तो कैश एंड कैरी का बाउचर के माध्यम से 35.50 रुपये की छूट दी जाए लेकिन,यह छूट नहीं मिल रही है उप भोक्ताओं से बात की गई तो उन्होंने भी इसे स्वी कारा है पड़ताल में सामने आया कि जिले के करी ब लाखो उपभोक्ताओं की जेब से प्रतिमाह दस से बारह लाख रुपये गैस एजेंसियां कैश एंड कैरी बा उचर के माध्यम से हजम कर रहीं है।नियमों की आड़ में खुलेआम हो रही इस ठगी पर ठोस कार्र वाई फिलहाल तो ठंडे बस्ते में है।गैस एजेंसियों के गोदाम पर सिर्फ दिखावे के लिए कैश एंड कैरी का बोर्ड लगा रखा है लेकिन उपभोक्ताओं को उसका लाभ नहीं मिल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी के नींद में सोए हुए है।

### क्या होती है कैश एंड कैरी एलपीजी



उपभोक्ता जब ऑनलाइन बुकिंग कराते हैं तो उन्हें होम डिलीवरी अथवा गोदाम से सिलिंडर लेने का विकल्प मिलता है।गोदाम अथवा एजेंसी से सिलिं डर लेने पर कैश एंड कैरी का बाउचर काटा जाता है जिसमें सिलिंडर की कुल कीमत से 35.50 रुप ये की छूट दी जाती है जो जीएसटी मिलाकर कुल यदि सिलिंडर 970 रुपये का है तो कैश एंड कैरी बाउचर से लगभग 935 रुपये देने होते हैं।

### उपभोक्ताओं का दर्द

बहराइच रोड पर स्थित श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी एजेंसी के आईटीआई मैदान में गैस सिलिं डर लेने गया था।पूरी कीमत 970 रुपये लिए गए, है होम डिलवरी नहीं हुई है जिसमे कैश एंड कैरी का लाभ नहीं मिला है। ऊपभोक्ता सुनीता देवी ऐसे ही परसपुर में स्तिथ पूरे धिरजा भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर पूरी कीमत ली जा रही है ज़ब कि नियम के मुताबिक कैश एंड कैरी का 35. 50 रुपये का बाउचर काटता है और इसके बाद भी होम डिलीवरी नहीं करते।पिक प्वाइंट से ही सिलिंडर लेने जाना पड़ता है।पैसे भी वापस नहीं मिलते।मीना ऐसे ही शहर कि कई एजेंसी का पिक प्वाइंट सड़क किनारे,घनी आबादी,रामलीला मैदान आईटीआई मैदान में है।कैश एंड कैरी बाउचर के बावजूद भी यहां अतिरिक्त पैसे लिए जाते हैं।हॉक र कहते हैं कि एजेंसी जाने का किराया बचा रहे हैं, उपभोक्ता राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि जि ला पूर्ति अधिकारी शिकायत को गंभीरता पूर्वक नहीं लेते हैं जिससे कि एजेंसी संचालक दबंगई पर उतारू है और उपभोक्ताओं के साथ मनमानी कर ते हैं।वही बालाजी भारत गैस एजेंसी के संचालक कुलदीप मिश्रा और मंगलम गैस एजेंसी संचालक देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उपभोक्ता कैश एंड कैरी का विकल्प स्वयं चुनते हैं अन्यथा एजेंसी से सिलिंडर की होम डिलीवरी ही होती है। कैश एंड कैरी के बाउचर में कीमत दर्ज होती है ऐसे में उप भोक्ता अधिक कीमत क्यों देंगे। क्यों कि एजेंसी पर बड़े-बड़े कैश एंड कैरी के बोर्ड लगा हुआ है और उस पर साफ-साफ शब्दो में कैश एंड कैरी कि छूट लिखा हुआ है।

# यमुना प्रसाद बने ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री

❒ यमुना प्रसाद को मिली प्रदेशस्तरीय नई जिम्मेदारी कहा- कर्मचारियों की आवाज बनेंगे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ ने यमुना प्रसाद को अपना प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और प्रदेश महामंत्री नागेंद्र प्रताप कुशवाहा ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने यमुना प्रसाद को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है।

इससे पहले यमुना प्रसाद गोंडा जनपद में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे।संगठन ने उनकी कर्मठता,ईमानदारी, संघर्षशीलता और नेतृत्व क्षम ता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय दायित्व सौंपा है,अपने कार्यकाल के दौरान यमुना प्रसाद ने ग्राम पंचायत अधिकारियों की समस्याओं के समाधान, कर्मचारी हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।गोंडा जिलाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को नई दिशा दी और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को शा सन एवं प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया, जि ससे उनके निराकरण में सहायता मिली,उनके मनो नयन की घोषणा के बाद,संगठन से जुड़े पदाधिका रियों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। नवनियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री यमुना प्रसाद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। संगठन के प्रति सक्रिय भूमिका और कार्य शैली को देखते हुए प्रदेश कार्यकारिणी ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है उनके प्रदेश संगठन मंत्री बनने पर जिले के ग्राम पंचायत अधिकारियों ने खुशी बताते हुए बधाई दी है।

# डीएम ने दिव्यांग व्यक्ति को दिलाई ट्राई साइकिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान संवेदनशील एवं सराहनीय पहल देखने को मिली।जनसुनवाई के क्रम में दिव्यांग शिकायतकर्ता रामभवन निवासी ग्राम बीरपुर झलहिया,गोंडा ने अपनी समस्या को लेकर उपस्थित हुए उनकी स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मानवीय संवेदन शीलता का परिचय देते हुए अपने कार्यालय कक्ष से बाहर आकर उनकी बातों को गंभीरता एवं भा वपूर्ण ढंग से सुना।

रामभवध ने अपनी दैनिक जी वन की कठिनाइयों को साझा करते हुए आवागम न में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। जिला धिकारी ने तत्काल मामले की गंभीरता को समझ ते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और आवश्यक निर्देश दिए है उनकी तत्परता और सकारात्मक पहल के परिणाम स्वरू प कलेक्ट्रेट परिसर में ही दिव्यांगजन को ट्राई साइ किल उपलब्ध कराई गई। साथ ही उपरोक्त व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन व अन्य योजनाओं का लाभ शी घ्राति शीघ्र दिलाने के निर्देश दिये हैं । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी की इस संवेद न शीलता एवं त्वरित कार्यवाही की सराहना की। यह पहल न केवल प्रशासन की जवाबदेही को द र्शाती है,बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति स हानुभूति और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्रा थमिकता है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजना ओं का लाभ समय पर पहुंचे।उन्होंने संबंधित अधि कारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजन एवं अ न्य पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए,मौके पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रज नीश किरण उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने जिला कारागार बहराइच का संयुक्त रूप से कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लेने के उद्देश्य से सम्पूर्ण कारागार का निरीक्षण किया। विशेषरूप से डभ्एम व एसपी ने पाकशाला का निरीक्षण कर बन्दियों के लिए तैयार किये जा भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने बन्दियों के लिए संचालित प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि इच्छुक बन्दियों को प्रशिक्षण दिलाया जाय। इस अवसर पर करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर रंजीत सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# विधायक ने धरौली से पलिया महावीरन धाम मार्ग का किया लोकार्पण

❒ विधायक ने कहा कि मुख्य मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान करने की दिशा में मंगलवार को विधायक राकेश प्रताप सिंह ने स्वीकृत धरौली से पलिया महावीरन धाम मार्ग तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण मार्ग का लोकार्पण किया।

लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है।सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास की है, जिसके तहत प्रदेश भर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य निरंतर जारी है।उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास में गुणवत्तापूर्ण सड़क नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतर संपर्क मार्ग न केवल आवागमन को सुगम बनाते हैं, बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देते हैं। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी। धर्मार्थ योजना के अंतर्गत स्वीकृत धरौली से पलिया महावीरन धाम मार्ग तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की लम्बाई बारह सौ मीटर एवं लागत एक करोड़ सत्तर लाख छ हजार रुपया है। इस मौके पर पूर्व प्रधान अशोक कनौजिया, अमर बहादुर यादव, राजेश सिंह, अनुराग सिंह, राजू शुक्ला, के. के सिह, टी. पी. सिह, श्री नवनीत शर्मा,फूल सिंह यादव, ओ पी यादव सहित अन्य तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रहार, सीमा क्षेत्र से 31 ग्राम स्मैक बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता मिली है। कार्रवाई के दौरान 31 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, 59वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में जी कंपनी बलईगांव द्वारा थाना मोतीपुर पुलिस के सहयोग से सीमा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सीमा स्तंभ संख्या 663/1 के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से लगभग 31 ग्राम स्मैक तथा दो कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि डॉग स्क्वॉड द्वारा भी की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान मैनुद्दीन खान (25 वर्ष), पुत्र इमरान खान, निवासी वार्ड नंबर-06, बेलहरी, थाना धनौली, जिला बांके (नेपाल) के रूप में बताई। उसने बताया कि वह यह मादक पदार्थ सीमा क्षेत्र से लेकर आया था और इसका कुछ हिस्सा स्वयं के उपयोग तथा शेष नेपाल में किसी व्यक्ति को देने की योजना थी। बरामद सामग्री और गिरफ्तार आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई एवं विस्तृत जांच के लिए थाना मोतीपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएसबी की ओर से कहा गया कि सीमा क्षेत्र में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 52 करोड़ की सौगात से बदलेगी कलीनगर की तस्वीर

❒ डगा और शारदा नहर पुलों का भूमि पूजन सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर । पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब वर्षों से जर्जर और क्षतिग्रस्त पड़े डगा पुल तथा कलीनगर पुल के पुनर्निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया हरदोई शाखा नहर पर बनने वाले इन दोनों महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण से क्षेत्र की हजारों आबादी को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

बताया गया कि लंबे समय से पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी स्कूली बच्चों, किसानों, व्यापारियों और मरीजों को रोजाना जोखिम उठाकर सफर करना पड़ता था इस गंभीर समस्या को जनहित से जोड़ते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र सौंपकर पुल निर्माण की मांग की थी जनभावनाओं और क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों पुलों के निर्माण के लिए करोड़ों रुपये के बजट को मंजूरी प्रदान की मंगलवार को तहसील कलीनगर अंतर्गत हरदोई शाखा नहर के किमी 5.639 पर ग्राम डगा के पास पूरनपुर-खटीमा मार्ग स्थित पूर्व निर्मित सेतु के समानांतर नए शारदा नगर सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का भूमि पूजन हवन-पूजन और नारियल फोड़कर किया गया लगभग 25 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल की लंबाई 74 मीटर होगी इसके अलावा हरदोई शाखा नहर के किमी 7.591 पर कलीनगर-पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग स्थित दूसरे सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस परियोजना पर करीब 27 करोड़ 9 लाख 11 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इन पुलों के निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई गति मिलेगी ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया जनप्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा तथा बहुत जल्द इन पुलों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया जाएगा इस अवसर पर जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता गंगा राम शर्मा,राम बहादुर शर्मा, मंडल अध्यक्ष भगवती सिंह, पूर्व चेयरमैन सुनील कटियार, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, नवनीत सक्सेना, मंडल महामंत्री हृदयेश त्रिगुणायत, सुजन सिंह, महेश जायसवाल, विकल्प सिंह, प्रधान इस्तियाक खान, सचिन पांडेय, राममूर्ति सिंह, निर्भय सिंह, पवन जायसवाल, एई आशीष निर्वाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे है।

## बैग बेचकर लौट रहे युवक को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गंभीर हालत में बरेली रेफर; मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने ट्रैक्टर स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ग्राम सुहास निवासी चन्द्रपाल पुत्र रामभरोसे लाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र प्रेमपाल 22 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6 बजे रमनगरा क्षेत्र से बैग बेचकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था आरोप है कि संधू कॉम्प्लेक्स के पास तेज गति और लापरवाही से आ रहे लाल रंग के आयशर ट्रैक्टर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी हादसे में प्रेमपाल गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना मिलने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरनपुर लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय पीलीभीत रेफर कर दिया गया वहां से राममूर्ति स्मारक अस्पताल भोजीपुरा भेजा गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने घायल को बरेली के अलहिंद अस्पताल में भर्ती कराया जांच के दौरान जानकारी मिली कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर ग्राम देवीपुर थाना माधौटांडा निवासी सतीश कुमार पुत्र प्रेमचंद का बताया जा रहा है, जो भूसा ढोने का कार्य करता है पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, लेकिन बाद में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## खेत पर खड़े युवक पर धारदार हथियार से हमला, जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर। पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव बिलहरी में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार ग्राम बिलहरी निवासी ध्रुव कुमार पुत्र स्वर्गीय अक्षय कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 30 मई 2026 की शाम करीब छह बजे अपने खेत पर मौजूद था तभी गांव गदियाना बिलहरी निवासी बूटा सिंह पुत्र सरजीत सिंह अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा जब ध्रुव कुमार ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई आरोप है कि इसी दौरान बूटा सिंह ने धारदार कटार से हमला कर दिया, जिससे ध्रुव कुमार के हाथ में गंभीर चोट आई पीड़ित ने आरोप लगाया कि जाते समय आरोपियों ने रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी घटना के बाद पीड़ित ने थाना पूरनपुर पहुंचकर तहरीर दी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

# कचहरी परिसर में बने ढाबे से बाल कल्याण समिति ने एक बाल श्रमिक को कराया मुक्त

❒ बाल श्रमिक को चिन्हित कर बाल श्रम से कराया गया अवमुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत । कचहरी में बालश्रम उन्मूलन हेतु एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया,जिसके अंतर्गत होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबों,आदि पर कार्यवाही करते हुए 01 बाल श्रमिक को चिन्हित कर बाल श्रम से अवमुक्त करकर बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बाल कल्याण समिति द्वारा बालक के परिजनों को भविष्य में बाल श्रम ने कराने की हिदायत देते हुए बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बाल श्रम निषेध और विनियमन संशोधन अधिनियम 2016 अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50000 रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है, इसके अतिरिक्त सेवायोजक से प्रति बाल श्रमिक 20000 रूपये की वसूली चाइल्ड लेबर वेलफ़ेयर फंड हेतु प्रथक से की जायेगी तथा यदि कोई बाल श्रमिक के माता-पिता को प्रथम बार चेतावनी के बावजूद भी पुनः अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जायेगी। संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक,संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह,एसजेपीयू प्रभारी अर्जुन सिंह,अमित, संध्या गहलौत, सीमा,प्रतुल सिंह सक्रिय रूप से कार्यवाही में सम्मिलित व मौजूद रहे हैं।

# लोजपा किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने सतबिंदर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। लोक जनशक्ति पार्टी ने संगठन विस्तार करते हुए अभयपुर माधोपुर निवासी सतविंदर सिंह को किसान प्रकोष्ठ का पीलीभीत जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश विनोद त्यागी द्वारा की गई।प्रदेश अध्यक्ष विनोद त्यागी ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा कि सतविंदर सिंह लंबे समय से पार्टी की नीतियों से जुड़े हैं और किसानों के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। उनसे आशा है कि वे प्रदेश की सम्मानित आम जनता, किसानों एवं शोषित वर्ग के हितों की रक्षा के लिए जमीनी स्तर पर निरंतर कार्य करेंगे। संगठन को ब्लॉक और ग्राम स्तर तक मजबूत करने की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई है।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतविंदर सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। एमएसपी, खाद-बीज की उपलब्धता, गन्ना भुगतान और आवारा पशुओं से फसल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर संघर्ष किया जाएगा।उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कई जगह पर कार्यकर्ताओं ने सतविंदर सिंह का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सतविंदर सिंह की नियुक्ति से किसान प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी और जनपद में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में शक्ति रसोई कैंटीन का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। जनपद में महिला स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डूडा विभाग के अंतर्गत संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में उजाला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'शक्ति रसोई कैंटीन' का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर किया। जिलाधिकारी ने कैंटीन का निरीक्षण करते हुये वहां उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रभावी माध्यम हैं ऐसे प्रयास महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ साथ उनकी आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिलाधिकारी ने कैंटीन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुये कहा कि परिसर में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाय तथा कूड़ा निस्तारण के लिये पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखे जाय।उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी आवश्यक है। इसके अलावा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, शुद्धता एवं स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। महिला समूहों द्वारा संचालित ऐसे उद्यम न केवल रोजगार के अवसर सृजित करते हैं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को भी बढ़ावा देते हैं।

# पार्टी विद ए डिफरेंस के दफ्तर में बवाल भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक बनी अखाड़ा

❒ दो दिग्गज नेताओं में जमकर तू-तू मैं-मैं

❒ दोनों नेता पूरनपुर तहसील क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और किसी पुराने विवाद या संगठनात्मक मुद्दे को लेकर पहले से ही नाराजगी चल रही थी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। अनुशासन, संगठन और संस्कारों की बात करने वाली सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी का जिला कार्यालय मंगलवार को अचानक राजनीतिक अखाड़े में तब्दील हो गया जिला कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी के दो पदाधिकारी इस कदर आमने-सामने आ गए कि माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो उठा पहले तीखी बहस, फिर आरोप-प्रत्यारोप और उसके बाद गाली-गलौज तक मामला पहुंच गया।चर्चा तो यहां तक रही कि नौबत हाथापाई तक जा पहुंच जाती ।

बताया जा रहा है कि दोनों नेता पूरनपुर तहसील क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और किसी पुराने विवाद या संगठनात्मक मुद्दे को लेकर पहले से ही भीतरखाने नाराजगी चल रही थी। शुरू हुई बहस ने अचानक उग्र रूप ले लिया वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के सामने दोनों नेताओं ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए एक-दूसरे पर तीखे शब्दों के वार किए कार्यालय के भीतर बढ़ते हंगामे से अफरा-तफरी का माहौल बन गया हालात बिगड़ते देख अन्य नेताओं ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों को अलग कराया सूत्रों के मुताबिक जिलाध्यक्ष को भी बीच में आना पड़ा और उन्होंने दोनों नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए अनुशासन में रहने की नसीहत दी हालांकि बाद में संगठन की किरकिरी बचाने के लिए दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाकर और गले लगकर मामला शांत दिखाने की कोशिश की, लेकिन अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई राजनीतिक गलियारों में इस घटना को भाजपा के भीतर बढ़ती गुटबाजी और शक्ति संघर्ष से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि भाजपा जिला कार्यालय में इस तरह की तल्खी पहली बार नहीं हुई है इससे पहले भी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच विवाद और अभद्र व्यवहार के मामले सुर्खियां बटोर चुके हैं। ऐसे में मंगलवार की घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है। कि आखिर संगठन में अनुशासन की दुहाई देने वाले नेता खुद कितनी मर्यादा निभा पा रहे हैं उधर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने पूरे मामले में इस तरह की किसी भी घटना से इनकार किया है।उनका कहना है कि केवल कहासुनी हुई थी, जिसे तत्काल शांत करा दिया गया बावजूद इसके पार्टी कार्यालय में हुई इस हाई प्रोफाइल नोकझोंक की चर्चा अब पूरे जिले की राजनीति में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# बड़े मंगल पर आयोजित भण्डारों में भक्तों ने लजीज पकवानों का लुत्फ उठाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र के विभिन्न कस्बों व गांवों में ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर जगह जगह विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने लजीज पकवानों का लुत्फ उठाया।हनुमान चालीसा एवं सुंदरकाण्ड पाठ से क्षेत्र भक्तिमय नजर आ रहा था।डीजे की धुन पर संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलबीरा जैसे गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया।ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर थाना शिवरतनगंज के प्रांगण में स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर पर सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर प्रसाद वितरण का शुभारम्भ किया जिसमें क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सम्भ्रांत नागरिकों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों ने पूड़ी सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। कस्बा सिंहपुर में पूरे दीन सिंह मोड़ के पास ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल पर सुंदर काण्ड पाठ समापन के बाद अम्बिका पाल द्वारा भण्डारा आयोजित किया गया और सैकड़ों की संख्या में भक्तों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत चिलौली के गांव पूरे जयलाल दुबे में शेखर द्विवेदी द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया। विकास क्षेत्र बहादुरपुर की ग्राम पंचायत निगोहां में राकेश मिश्रा द्वारा श्रीराम चरित मानस पाठ समापन के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। कस्बा सेमरौता में सोनी परिवार द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, चौकी प्रभारी कुंवर सिंह, मनोज प्रजापति समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बड़े मंगल के अवसर पर सीएमओ कार्यालय सुल्तानपुर में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन

❒ कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण सहित स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। बड़े मंगल के पावन अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुल्तानपुर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीहनुमान जी के पूजन-अर्चन एवं सुंदरकांड पाठ से हुआ। इस दौरान समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदेश एवं जनपदवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा जनकल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण सहित स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर डॉ. आकर्ष शुक्ला, डॉ. लालजी, डॉ. आदित्य कुमार दूबे, शशिकांत मिश्रा (चीफ फार्मासिस्ट), विनोद तिवारी (वरिष्ठ सहायक), विजय कुमार राय (वरिष्ठ सहायक), राहुल पांडेय (वरिष्ठ सहायक), सुषमा (प्रधान सहायक), नितिन भारद्वाज, अमित दूबे, दिनेश राणा, मानवी पांडे (कनिष्ठ सहायक), शुभम शर्मा (डीएएम, एनएचएम), कमलेश कुमार, रानी त्रिपाठी (कनिष्ठ सहायक), मनोरमा (वरिष्ठ सहायक), सावित्री मिश्रा (वरिष्ठ सहायक), रिंकू निषाद, स्टेनो आजाद यादव, संतोष यादव एवं डीपीएम, एनएचएम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, आस्था और लोककल्याण का संदेश देता है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द एवं सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा सभी ने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया।

## गर्मी में भी घर-घर पहुंच रहीं महिला शिक्षक, कर रही हैं जनगणना

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनगणना अभियान के तहत पूरे जनपद में शिक्षा विभाग से जुड़ी महिला शिक्षक भीषण गर्मी और जेठ की तपती दोपहरी के बीच घर-घर पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य में जुटी हुई हैं। चिलचिलाती धूप और तेज गर्म हवा के बावजूद महिला शिक्षकों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। पारा 42 डिग्री के पार पहुंच चुका है, दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, लेकिन जनगणना कर्मी अपने दायित्वों का निर्वाह करने में लगातार लगे हैं।जनपद के समस्त कर्मचारी दस्तावेज और रजिस्टर लेकर लोगों के घर पहुंच रहे हैं। वे परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास सहित अन्य आवश्यक जानकारियां एकत्र कर रही हैं। कई गांवों में पेयजल की व्यवस्था न होने पर भी शिक्षिकाएं पैदल चलकर दूर-दराज के घरों तक पहुंच रही हैं।महिला शिक्षकों का कहना है। कि जनगणना देश के विकास की नींव है। इससे मिली जानकारी से ही सरकार योजनाएं बनाती है। इसलिए थोड़ी परेशानी सहकर भी हम अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने बताया कि जनपद में सैकड़ों महिला शिक्षकों को जनगणना कार्य में लगाया गया है। सभी पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हैं। प्रशासन ने गर्मी को देखते हुए प्रगणकों को छाता, पानी की बोतल और ओआरएस साथ रखने के निर्देश दिए हैं। महिला शिक्षकों के इस जज्बे की हर तरफ सराहना हो रही है।

## राजनीतिक कार्यालय में वायरल वीडियो को लेकर हिन्दू महासभा का ज्ञापन, जांच की मांग

**पीलीभीत,पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**।अखिल भारत हिन्दू महासभा ने केजीएन कॉलोनी स्थित एक राजनीतिक कार्यालय परिसर में कथित पशु वध के वायरल वीडियो को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से जनभावनाएं प्रभावित हुई हैं और क्षेत्र में रोष का माहौल है संगठन ने वीडियो की सत्यता, स्थान और परिस्थितियों की जांच कर वास्तविक तथ्य सामने लाने की मांग की हिन्दू महासभा ने आरोप लगाया कि संबंधित परिसर सार्वजनिक महत्व का स्थान है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं संगठन ने यह भी कहा कि कार्यालय के पास मंदिर होने के कारण धार्मिक संवेदनशीलता बढ़ जाती है ज्ञापन में कुछ व्यक्तियों पर भूमि विवाद, नजूल भूमि, शत्रु संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति जैसे आरोपों की भी जांच कराने की मांग उठाई गई संगठन ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जनपद में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## हर वर्ष की तरह इस बार भी मानव सेवा का अनूठा उदाहरण, ब्रह्मचारी घाट पर शैली अग्रवाल ने कराया विशाल भंडारा

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल उर्फ ''शैली भइया'' द्वारा ब्रह्मचारी घाट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समर्पण के साथ विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया कार्यक्रम के दौरान पूरे घाट परिसर में भक्ति और सेवा का वातावरण देखने को मिला शैली अग्रवाल ने स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कराया लोगों ने उनके इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि शैली भइया वर्षों से लगातार धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते आ रहे हैं और हर वर्ष ब्रह्मचारी घाट पर आयोजित होने वाला यह भंडारा अब एक परंपरा बन चुका है भंडारे में उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज सेवा और धार्मिक आस्था का ऐसा संगम विरले ही देखने को मिलता है कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं स्थानीय नागरिकों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही हैं।

## पूरनपुर में 4 जून को आयोजित होगा व्यापारी संवाद कार्यक्रम

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** व्यापारियों और राज्य कर विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा कर संबंधी समस्याओं एवं सुझावों पर सीधा संवाद करने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य कर खण्ड-2, पीलीभीत द्वारा 4 जून 2026 को ल्लव्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम का आयोजन पूरनपुर के ब्लॉक रोड स्थित मंगलम बैंक्वेट हॉल में दोपहर 1:00 बजे से किया जाएगा राज्य कर विभाग की ओर से जारी सूचना में पूरनपुर एवं आसपास क्षेत्र के व्यापारी बंधुओं, अधिवक्ताओं और सीए बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों को जीएसटी एवं अन्य कर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी, साथ ही व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना जाएगा उपायुक्त, राज्य कर खण्ड-2, पीलीभीत की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि विभाग व्यापारियों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर कर प्रणाली को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है इसी उद्देश्य से इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि व्यापारी वर्ग अपनी समस्याएं सीधे विभागीय अधिकारियों के सामने रख सके कार्यक्रम को लेकर स्थानीय व्यापारिक संगठनों एवं कर सलाहकारों में भी उत्साह देखा जा रहा है विभाग ने सभी संबंधित लोगों से निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अनुरोध किया है।

## भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं और राहगीरों को मिला राहत का सहारा, शरबत-पानी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री हनुमान बालाजी सेवा फाउंडेशन सुल्तानपुर अयोध्या द्वारा आज दिनांक 02 जून 2026 दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक पौराणिक स्थल बाबा भोलेनाथ गौरीशंकर धाम, शाहपुर जंगल, निकट चांदा, जनपद सुल्तानपुर में भीषण गर्मी से राहत हेतु श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए प्रसाद, शरबत एवं शीतल पानी वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यकर्ताओं एवं सेवादाताओं ने बड़ी कुशलता एवं सेवा भावना के साथ उपस्थित लोगों को प्रसाद एवं शरबत वितरित किया। साथ ही संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य भी किया गया।इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रबंधन समिति बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था भंडारा, पानी, प्रसाद एवं शरबत वितरण विभाग के निदेशक राम प्यारे मिश्रा, स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख निदेशक परमात्मा दीन गुप्ता तथा पर्यावरण विभाग प्रमुख दिनेश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई।कार्यक्रम में संस्था के अन्य पदाधिकारी, निदेशकगण, कार्यकर्तागण एवं सेवादातागण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अमित कुमार अग्रहरि, शशिकला यादव, श्यामकली, श्रीराम त्रिपाठी, सभाजीत यादव (टेंट), पंकज उपाध्याय, मुकेश उपाध्याय, अमन कुमार त्रिपाठी, मनीराम निषाद, प्रवेंद्र कुमार, शिवनायक उपाध्याय, रामचन्द्र मौर्य, अशोक कुमार यादव, मनोज कुमार उपाध्याय, अमरनाथ रजक, रामसहाय दुबे, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अजीत अग्रहरि, संदीप सोनी, सूर्यदेव उपाध्याय अधिवक्ता, अंकुल, धीरेन्द्र कुमार शर्मा (लीगल एडवाइजर संस्था), गोविन्द बरनवाल, डॉक्टर के. पी. दीक्षित, राम आधार गौतम, हार्दिक, अंशुल, कान्हा, आयुष, हर्षित, रामनारायण चौबे, अनुपम त्रिपाठी एवं आदित्य उपाध्याय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।क्षेत्रवासियों ने भी इस सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग किया तथा संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की।

## जामो पुलिस ने युवक के कब्जे से स्मैक किया बरामद

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जामो पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक सौ ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मंगलवार को थाना जामो पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकेश पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम रामपुर चौधरी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब पच्चीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ आधा दर्जन अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं।

## चौक घंटाघर क्षेत्र से हटाया जाए अतिक्रमणः हिमांशु मालवीय

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** व्यापारी हित सर्वोपरि की भूमिका का निर्वाहन करने वाली एक मात्र संस्था अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशमंत्री हिमांशु मालवीय के नेतृत्व में संगठन के पदाकािरियों ने जिलाकािरी से मिल कर व्यापार एवं व्यापारियो को हो रही असुविाओं को लेकर 9 सूत्रीय ज्ञापन एवं मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मुख्य रूप से फूड सेम्पलिंग को लेकर हो रही अनियमितता को दूर और व्यापारियों का दोहन न हो इस करो व्यापार मंडल के पदाकािरी के सामने ही सैंपलिंग करने पर जोर दिया गया है, साथ ही नगर पालिका द्वारा ई रिक्शा पार्किंग स्थल व टैक्सी स्टैंड पर वसूली कराई जाए अपितु कहीं भी अवैा वसूली न कराई जाए। दबंगो द्वारा तहबाज़ारी वसूली को रोकने की मांग जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनादेश के अनुसार पूरे प्रदेश में तहबाजारी बंद है नगर पालिका किसी भी गोदाम या प्रतिष्ठा के सामने तहबाजारी नहीं वसूल सकता, प्रत्येक थानों में व्यापारी संवाद माह में एक बार या दो बार का नियमित आयोजन, एवं व्यापारिओं की सुरक्षा हेतु पात्र व्यापारी को शस्त्र लाइसेंस देने की मांग रखी गई।

## सम्पादकीय

# पंजाब के संकेत

सही मायने में पंजाब के हालिया स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों के आधार पर अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए निर्णायक निष्कर्ष तो नहीं निकाले जा सकते। हां, लेकिन इन परिणामों से महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत जरूर मिलते हैं। निस्संदेह, लोकतंत्र की इस छोटी इकाई, नगर निकाय चुनावों में राज्य स्तर का व्यापक परिदृश्य तो नहीं उभरता, बल्कि स्थानीय मुद्दे इन चुनावों में निर्णायक भूमिका जरूर निभाते हैं। वैसे पिछले ट्रेंड के आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे चुनावों में राज्य के सत्ताधारी दल को लाभ निश्चित रूप से मिलता है। इसका कारण यह भी है कि प्रभावी व संपन्न लोग सत्तारूढ़ दल के करीब आना चाहते हैं। मतदाता यह मानकर चलते हैं कि विकास निधि और प्रशासनिक सहायता उन क्षेत्रों में सहज व सरलता से पहुंचती है, जहां सत्तारूढ़ दल से जुड़े प्रत्याशी चुनाव जीतते हैं। इस तथ्य की पुष्टि एक बार फिर से हुई है, जब इन निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही जबकि भाजपा और अकाली दल निर्दलीय उम्मीदवारों से भी पीछे रह गए। वास्तव में इन आंकड़ों को सावधानी से देखना चाहिए। दरअसल, स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान कुल मतदान का प्रतिशत 64 फीसदी रहा, लेकिन नगर निगमों में यह भागीदारी 60 फीसदी रही, जो बड़े शहरों में मतदाता की सुस्ती को दर्शाता है। सही मायने में स्थानीय निकाय चुनावों में आमतौर पर मतदाताओं की भागीदारी असमान और कम रही है। माना जाता है कि विधानसभा चुनाव में मतदान आमतौर पर अधिक होता है और राजनीतिक मुद्दे व्यापक होते हैं। इसके बावजूद, यह चुनाव निष्कर्ष विपक्ष के लिए चिंताजनक वास्तविकता को दर्शाता है। पंजाब में पांव पसारते नशीली दवाओं के कारोबार, अपराध, कानून व्यवस्था और सरकार की शासन संबंधी नीतियों को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना के बावजूद, विपक्षी दल जनता की असंतुष्टि को वोटों में तब्दील करने में विफल ही रहे हैं। कांग्रेस गुटबाजी और नेतृत्व की अनिश्चितता से जूझ रही है। वहीं दूसरी ओर शिअद अभी भी बेअदबी विवाद और किसान आंदोलन के राजनीतिक नतीजों से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। हालांकि, भाजपा राज्य के चुनावी परिदृश्य में अभी भी एक मामूली खिलाड़ी ही साबित हुई है, मगर ऐसा लगता है कि उसने 2027 के लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। जट सिख केवल सिंह ढिल्लों की पंजाब भाजपा अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति महत्वपूर्ण है। भाजपा ने अपने पारंपरिक शहरी-हिंदू आधार से आगे बढ़ने के प्रयास का संकेत दिया है। निस्संदेह, अभी विधानसभा चुनाव का रास्ता खासा लंबा है। लेकिन फिलहाल, आम आदमी पार्टी ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष अभी भी एकजुटता और दिशा की तलाश में लगा हुआ है।

लोकतंत्र की इस छोटी इकाई, नगर निकाय चुनावों में राज्य स्तर का व्यापक परिदृश्य तो नहीं उभरता, बल्कि स्थानीय मुद्दे इन चुनावों में निर्णायक भूमिका जरूर निभाते हैं। वैसे पिछले ट्रेंड के आधार पर कहा जा सकता है कि ऐसे चुनावों में राज्य के सत्ताधारी दल को लाभ निश्चित रूप से मिलता है। इसका कारण यह भी है कि प्रभावी व संपन्न लोग सत्तारूढ़ दल के करीब आना चाहते हैं। मतदाता यह मानकर चलते हैं कि विकास निधि और प्रशासनिक सहायता उन क्षेत्रों में सहज व सरलता से पहुंचती है, जहां सत्तारूढ़ दल से जुड़े प्रत्याशी चुनाव जीतते हैं।

# स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ पर्यावरण का आधार है साइकिल

**विश्व साइकिल दिवस पर विशेष**

**साइकिल मानव सभ्यता के उन आविष्कारों में से एक है जिसने दो शताब्दियों से अधिक समय तक अपनी उपयोगिता बनाए रखी है। तकनीकी क्रांति के इस युग में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि नई चुनौतियों के बीच इसका महत्व और बढ़ गया है। यह एक ऐसा वाहन है जो बिना पेट्रोल, डीजल या बिजली के चलता है, न कोई धुआँ छोड़ता है और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता देते हुए विश्व साइकिल दिवस घोषित किया। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएँ तो बहुत दी हैं, लेकिन इसके साथ अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ भी पैदा कर दी हैं। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, शारीरिक श्रम का अभाव, वाहन-निर्भरता और तनावपूर्ण जीवन ने मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्वास्थ्य-सहचर बनकर सामने आती है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम है। इससे हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, फ़ेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और शरीर की अतिरिक्त कैलोरी खर्च होती है। साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं तथा जोड़ों पर अत्यधिक दबाव भी नहीं पड़ता, इसलिए यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम माना जाता है। विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।**

हर वर्ष 3 जून को मनाया जाने वाला विश्व साइकिल दिवस केवल एक साधारण वाहन के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सतत विकास के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, बढ़ती बीमारियों और यातायात संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल एक ऐसे सरल समाधान के रूप में उभरती है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र-तीनों के लिए समान रूप से लाभकारी है। विश्व साइकिल दिवस 2026 की थीम 'हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना' (Cycling for a Greener Future) अत्यंत सार्थक और समयानुकूल है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि यदि हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित पृथ्वी छोड़नी है, तो हमें अपने परिवहन के तौर-तरीकों में बदलाव लाना होगा और साइकिल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। साइकिल मानव सभ्यता के उन आविष्कारों में से एक है जिसने दो शताब्दियों से अधिक समय तक अपनी उपयोगिता बनाए रखी है। तकनीकी क्रांति के इस युग में भी इसकी प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि नई चुनौतियों के बीच इसका महत्व और बढ़ गया है। यह एक ऐसा वाहन है जो बिना पेट्रोल, डीजल या बिजली के चलता है, न कोई धुआँ छोड़ता है और न ही पर्यावरण को नुकसान पहुँचाता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता देते हुए विश्व साइकिल दिवस घोषित किया। आधुनिक जीवनशैली ने मनुष्य को सुविधाएँ तो बहुत दी हैं, लेकिन इसके साथ अनेक स्वास्थ्य समस्याएँ भी पैदा कर दी हैं। घंटों कुर्सी पर बैठकर काम करना, शारीरिक श्रम का अभाव, वाहन-निर्भरता और तनावपूर्ण जीवन ने मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं को बढ़ा दिया है। ऐसे समय में साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि एक प्रभावी स्वास्थ्य-सहचर बनकर सामने आती है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नियमित साइकिल चलाना एक उत्कृष्ट कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम है। इससे हृदय मजबूत होता है, रक्त संचार बेहतर होता है, फ़ेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और शरीर की अतिरिक्त कैलोरी खर्च होती है। साइकिल चलाने से मांसपेशियाँ सुदृढ़ होती हैं तथा जोड़ों पर अत्यधिक दबाव भी नहीं पड़ता, इसलिए यह सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयुक्त व्यायाम माना जाता है। विशेष रूप से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोगों से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। केवल शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी साइकिल अत्यंत लाभकारी है। आज तनाव, चिंता और अवसाद वैश्विक समस्याएँ बन चुके हैं। खुली हवा में साइकिल चलाने से मन प्रसन्न होता है, तनाव हार्मोन कम होते हैं और सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार होता है। यह व्यक्ति को प्रकृति के निकट लाती है तथा जीवन में संतुलन और आनंद की अनुभूति कराती है। वास्तव में साइकिल चलाना शरीर और मन दोनों का एक साथ व्यायाम है। पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल का महत्व और भी अधिक है। विश्व के बड़े शहर बढ़ते प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से त्रस्त हैं। मोटर वाहनों से निकलने वाला धुआँ वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। साइकिल शून्य-उत्सर्जन वाला वाहन है। यदि छोटी दूरी की यात्राओं के लिए लोग मोटरसाइकिल और कार के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें, तो कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। यह जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध व्यक्तिगत स्तर पर किया जाने वाला सबसे सरल और प्रभावी प्रयास है। सामाजिक दृष्टि से भी साइकिल समानता और समावेशिता का प्रतीक है। यह अमीर और गरीब, दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने के लिए साइकिल पर निर्भर हैं।



कम आय वाले परिवारों के लिए यह सबसे सुलभ और किफायती परिवहन साधन है। साइकिल सामाजिक गतिशीलता को बढ़ाती है और अवसरों तक पहुँच आसान बनाती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए साइकिल का महत्व विशेष रूप से अधिक है। एक ओर देश ऊर्ज़ा आयात पर भारी खर्च करता है, दूसरी ओर महानगरों में यातायात और प्रदूषण गंभीर समस्या बन चुके हैं। यदि साइकिल संस्कृति को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए तो ईंधन की बचत होगी, विदेशी मुद्रा का संरक्षण होगा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी कम होगा। स्वस्थ नागरिक किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में कभी साइकिल आम जनजीवन का अभिन्न हिस्सा थी, लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मोटर वाहनों की बढ़ती प्रतिष्ठा ने इसे पीछे धकेल दिया। आज अनेक लोग साइकिल को केवल गरीबों का वाहन मानते हैं, जबकि विकसित देशों में साइकिल प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी जैसे देशों ने साइकिल को शहरी जीवन का केंद्र बनाया है। वहाँ अलग साइकिल लेन, सुरक्षित मार्ग और अनुकूल नीतियाँ उपलब्ध हैं। भारत को भी इस दिशा में गंभीर पहल करनी होगी। समय की माँग है कि साइकिल को केवल खेल या मनोरंजन का साधन न मानकर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग बनाया जाए। शहरों में सुरक्षित साइकिल ट्रैक, सार्वजनिक साइकिल शेयरिंग सिस्टम, कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में साइकिल उपयोग को प्रोत्साहन तथा सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन योजनाएँ विकसित की जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में साइकिल चलाने की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए तथा लोगों को इसके स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय लाभों के प्रति जागरूक किया जाए। विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य भी यही है कि समाज साइकिल के बहुआयामी महत्व को समझे और इसे दैनिक जीवन में अपनाए। यह दिवस हमें बताता है कि बड़े परिवर्तन हमेशा जटिल तकनीकों से नहीं आतेय कभी-कभी एक साधारण दो पहियों वाला वाहन भी मानवता को बेहतर भविष्य की दिशा दिखा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम साइकिल को अतीत की वस्तु नहीं, बल्कि भविष्य की आवश्यकता के रूप में देखें। जब दुनिया सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है, तब साइकिल एक ऐसा माध्यम है जो स्वास्थ्य, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय-सभी क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान दे सकती है। विश्व साइकिल दिवस हमें यह संदेश देता है कि यदि हम स्वस्थ शरीर, स्वच्छ वातावरण और संतुलित जीवन चाहते हैं, तो साइकिल को पुनः अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। यह केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है-सादगी, संतुलन, स्वास्थ्य और प्रकृति के साथ सामंजस्य का जीवन-दर्शन। आने वाला भारत तभी अधिक स्वस्थ, हरित और प्रगतिशील बन सकेगा जब साइकिल फिर से उसकी सड़कों, गलियों और जनजीवन की धड़कन बनेगी। यही विश्व साइकिल दिवस की सार्थकता है और यही हरियाली भरे भविष्य की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए। **-ललित गर्ग**

# स्मृति शेषः स्वर साधिका सुमन कल्याणपुर

**वसुधा 'कनुप्रिया'**

भारतीय फिल्म संगीत के स्वर्णिम अध्याय का एक और अमूल्य पृष्ठ 31 मई 2026 को सदा के लिए इतिहास बन गया। सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन के साथ वह युग लगभग पूर्णतः स्मृतियों में विलीन हो गया, जिसने भारतीय संगीत जगत को मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, आशा भोसले, मन्ना डे, मुकेश और सुमन कल्याणपुर जैसे कालजयी रत्न प्रदान किए थे। मुंबई स्थित अपने निवास पर 89 वर्ष की आयु में सुमन कल्याणपुर ने अंतिम सांस ली। उनके निधन से संगीत-प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। वर्ष 1937 में 28 जनवरी को तत्कालीन ब्रिटिश भारत के ढाका (अब बांग्लादेश) में जन्मी सुमन का मूल नाम सुमन हेम्माडी था। बचपन से ही उन्हें संगीत और चित्रकला में रुचि थी। उन्होंने मुंबई के प्रतिष्ठित जे. जे. स्कूल ऑफ आर्ट में अध्ययन किया, किंतु नियति ने उन्हें रंगों की दुनिया से निकाल कर सुरों के आकाश का सितारा बना दिया। शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने 1950 के दशक में गायन की दुनिया में कदम रखा। वर्ष 1958 में उद्योगपति रमणंद कल्याणपुर से विवाह के बाद वे सुमन कल्याणपुर के नाम से प्रसिद्ध हुईं। जिस समय लता मंगेशकर और आशा भोसले का वर्चस्व था, उस दौर में अपनी अलग पहचान बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था। सुमन कल्याणपुर की आवाज़ में ऐसी मधुरता थी कि कई बार श्रोता उन्हें लता मंगेशकर समझ बैठते थे। किंतु समय के साथ



उन्होंने सिद्ध कर दिया कि वे किसी की छाया नहीं बल्कि स्वयं एक विशिष्ट स्वर संस्था हैं। उनके गीत आज भी संगीत प्रेमियों की स्मृतियों में जीवित हैं। परबतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, मेरे महबूब न जा, अजहूं न आए बालमा, न तुम हमें जानो, दिल एक मंदिर है, तुमने पुकारा और हम चले आए, ये किसने गीत छेड़ा, ना-ना करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे, आजकल तेरे-मेरे प्यार के चर्चे, बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है जैसे अनगिनत गीत उनकी अमर धरोहर हैं। मोहम्मद रफ़ी के साथ उनकी युगल गायिकी हिंदी फिल्म संगीत की अमूल्य निधि मानी जाती है। हिंदी के अतिरिक्त उन्होंने मराठी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, असमिया, भोजपुरी, उड़िया, पंजाबी और अन्य भारतीय भाषाओं में भी उन्होंने लगभग 700 से अधिक फिल्मी और गैर-फिल्मी गीतों को अपनी आवाज़ दी। संगीत के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान के लिए सुमन कल्याणपुर को अनेक सम्मान प्राप्त हुए। 'सुर श्रृंगार संसद' पुरस्कार, महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रदत्त 'लता मंगेशकर पुरस्कार' के साथ वर्ष 2022 में उन्हें 'मिर्ची म्यूजिक लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया। वर्ष 2023 में भारत सरकार ने उन्हें देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से अलंकृत किया। उनके निधन के बाद अनेक कलाकारों और संगीतकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने उन्हें उस युग की अंतिम महान गायिका बताया। सुमन कल्याणपुर का जाना एक युग का अवसान अवश्य है, किंतु उनकी संगीत-साधना भारतीय संस्कृति की धरोहर बनकर सदैव जीवित रहेगी। भारतीय संगीत-जगत की इस महान स्वर-साधक को विनम्र श्रद्धांजलि।

## सेहत मंत्र

# तेजी से गिर रहा है वजन, तो यह है किसी बड़ी बीमारी होने का संकेत

वर्तमान समय में, हर व्यक्ति एक आकर्षक शरीर पाने की चाह रखता है और इसके लिए लोग अपने वजन को कम करने या बढ़ाने की फिराक में लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपका वजन लगातार और तेजी से गिर रहा हो तो यह खुश होने का समय नहीं है, बल्कि आपको सतर्क हो जाने की आवश्यकता है। दरअसल, लगातार वजन गिरना सामान्य नहीं होता। यह दर्शाता है कि आप कुछ गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गए हैं। तो चलिए जानते हैं उन बीमारियों के बारे में, जिनके शुरूआती लक्षण वजन गिरना होता है? आज के समय में थॉयराइड की समस्या बेहद आम है। इसे आप अपने वजन के घटने या बढ़ने के आधार पर पता लगा सकते हैं। आमतौर पर थॉयराइड दो प्रकार का होता है? हाइपरथॉयराइड और हाइपोथॉयराइड। जब आपका वजन तेजी से गिरता है तो यह संकेत है कि आप हाइपरथॉयराइड की चपेट में आ गए है। हाइपरथॉयराइड होने पर आपकी थॉयराइड ग्रंथि अति सक्रिय हो जाती है। इस बीमारी में आपका वजन तो तेजी से गिरता है ही, साथ ही आपको सोने में भी परेशानी होती है और आपको हमेशा ही गर्मी का अहसास होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो एक बार थॉयराइड का टेस्ट अवश्य करवाइए। आज के समय में भारत विश्व की डायबिटीक कैपिटल बन गया है। भारत में न सिर्फ अधिकतर लोग मधुमेह पीड़ित हैं, बल्कि इसके लक्षणों के बारे में न पता होने के कारण वे इसकी चपेट में आ जाते हैं। अगर आपका लगातार वजन गिर रहा है और आपको बार?बार प्यास लगती है। साथ ही आपको बार?बार पेशाब जाना पड़ता है तो यह संकेत हैं कि आपके शरीर में इंसुलिन का स्तर गड़बड़ा गया है। काम का बढ़ता बोझ लोगों के लिए कई तरह की परेशानियां लेकर आता है। कभी-कभी अत्यधिक काम, या फिर पर्सनल व प्रोफ़ेशनल लाइफ में परेशानियों के चलते व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है और उसे खुद भी इसका पता नहीं चलता।

## धर्म मंत्र

# कुंवारी कन्याओं द्वारा हनुमान जी की पूजा से विवाह में होती है देरी

हिंदू धर्म शास्त्रों में हनुमान जी की पूजा से जुड़े नियमों का वर्णन मिलता है। वहीं लोगों के बीच कई ऐसी मान्यताएं प्रचलित हैं, जिनका शास्त्रों में वर्णन नहीं मिलता है। इसमें से एक नियम है कि कुंवारी कन्या द्वारा हनुमान जी की पूजा नहीं करनी चाहिए। लोक मान्यता है कि यदि कोई कुंवारी कन्या हनुमान जी की पूजा-अर्चना करती है, तो उनकी शादी में देरी होने लग जाती है। इसलिए किसी भी कुंवारी कन्या को हनुमान जी की पूजा नहीं करनी चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस लोक मान्यता में कितनी सच्चाई है। क्या वाकई में कुंवारी कन्या द्वारा हनुमान जी की पूजा करने से शादी में देरी होती है। धार्मिक शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि किसी भी महिला को हनुमान जी के पूजा के समय कई नियमों का पालन करना चाहिए। लेकिन शास्त्रों में यह वर्णन नहीं मिलता है कि कुंवारी कन्या द्वारा हनुमान जी की पूजा करने से विवाह में विलंब हो सकता है। असल में यह लोगों द्वारा बनाई और फैलाई गई एक भ्रांति है। जिसके पीछे यह वजह हो सकती है कि हनुमान जी ने विवाह नहीं किया था। हनुमान जी बाल ब्रह्मचारी थे और इसी वजह से कुंवारी कन्याओं द्वारा हनुमानजी के पूजन और विवाह में देरी की मान्यता फैली है। हालांकि शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि यदि किसी महिला या फिर लड़की को भय लगे, या फिर उनको ऐसा लगने लगे कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उनको नुकसान पहुंच सकता है।

## पर्यटन



# शोरगुल और भीड़ से दूर माशोबरा के जंगलों में घूमने का अलग ही है मजा

शिमला जिले में स्थित माशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। जहां आपको घूमने के कई सारे ऑप्शन मिलेंगे। समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। मशोबरा एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल ये जगह एडवेंचर के साथ-साथ रिलैक्सिंग और एन्जॉयमेंट के लिए भी बेस्ट है। एडवेंचर के लिए ये हैं ऑप्शन्सः यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। जाखू मंदिरः शिमला में 8500 फीट की ऊंचाई पर निर्मित हनुमान जी के इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि ये रामायण के वक्त से है। इतनी ऊंचाई पर बने होने की वजह से शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के दर्शन कर सकते हैं। जाखू पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने हुए इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 किमी का सफर तय करना पड़ता है। महासू देवता मंदिरः भगवान शिव को माशोबरा और आसपास के इलाके के लोग महासू देवता के नाम से पुकारते हैं। हर साल मई महीने के तीसरे मंगलवार को यहां 2 दिनों का महासू जत्रा उत्सव मनाया जाता है। जिसमें यहां के स्थानीय लोग अपने लोक गीत, नृत्य और तीरंदाजी का प्रदर्शन करते हैं। तो अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो मई महीने में अपना ट्रिप प्लान करें। रिज़र्व फॉरेस्ट सेंचुरीः नेचर लवर्स के लिए मशोबरा का यात्रा इसलिए भी यादगार साबित हो सकती है क्योंकि यहां की इस फॉरेस्ट सेंचुरी में आपको अलग-अलग तरह के बहुत सारे पक्षी देखने को मिलते हैं। चीड़, देवदार के घने जंगलों में पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको किसी भी प्रकार का दूसरा शोर सुनाई नहीं देगा. ट्रैकिंग के अलावा कैंपिग और पिकनिक जैसी कई एक्टिविटीज़ यहां कर सकते हैं।

# सरदार बेअन्त सिंह व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा : जिला जज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ज़िला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रहे ख्यातिप्राप्त अधिवक्ता रहे सरदार बेअन्त सिंह की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला बार एसोसिएशन सभागार, आयोजित स्मृति दिवस की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जी ने की। इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि निश्चित ही दादा बेअन्त सिंह बड़े व्यक्तित्व व बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे, वे व्यक्ति नही विचारधारा थे, उन्होंने आगे कहा कि बाराबंकी में दादा बेन्त सिँह के बारे जो जानने को मिला उससे मैं निश्चित ही कह सकती हूँ कि वो व्यक्ति नही संस्थान थे!

अपर जिला जज प्रथम विनय कुमार सिँह ने कहा कि जब मैं लखनऊ विश्वविद्यालय का छात्र था तब मैंने सरदार बेन्त सिँह के व्यक्तित्व को जाना कि वो कितनी महान शख्सियत थे उन्होंने कहा कि मेरी पहली पोस्टिंग बाराबंकी में हुई थी उस समय मुझे सरदार बेन्त सिँह जी को देखने व सुनने का अवसर मिला उन्होंने अपनी सूझबूझ से न सिर्फ अधिवक्ताओं को बल्कि न्यायिक अधिकारियों को भी संकट से निकालने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने सरदार बेन्त सिँह की खूबियों की चर्चा की व स्मृतियों को सांझा किया। इस अवसर पर श्रीमती सुधा सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कहा गया कि सरदार बेअन्त सिंह जी हमेशा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे, उन्होंने कहा कि व्यक्ति आयु से युवा नही होता बल्कि अपने हृदय की ऊर्ज़ा, अपने कदमों की गति व अपने सपनों से युवा होता है। उनकी कमी अधिवक्तागण सदा अनुभव करेंगे..!

ज़िला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मुचकुन्द सिंह वर्मा ने कहा कि सरदार बेअन्त सिंह का जीवन संघर्षों एवं आंदोलनों से भरा रहा है, उन्होंने कहा कि सरदार जी कुशल व सफ़ल अधिवक्ता थे तथा जनसमस्याओं के प्रति भी जागरूक व सजग रहते थे तथा जरूरत पड़ने पर बड़े आंदोलनों को करने से भी पीछे नहीं हटते थे..!

पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि सरदार बेअन्त सिंह ने राष्ट्रभाषा हिंदी के आंदोलन के दौरान संसद में पर्चे फेंककर भी सुर्ख़ियों में आए थे, उन्होंने कहा कि संघर्ष व लोकप्रियता के कारण सरदार बेअन्त सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री तथा बाद में अध्यक्ष पद को सुशोभित कर गौरवशाली स्थान प्राप्त कर अपने बाराबंकी जनपद का भी सम्मान बढ़ाया..!

ज़िला बार एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष रमन लाल द्विवेदी ने स्वर्गीय सरदार बेन्त सिँह के साथ अपने विश्वविद्यालय के अनुभवों को सांझा किया।

ज़िला बार की वर्तमान महामंत्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दादा बेअन्त सिंह ने तमाम अच्छे व रचनात्मक कार्य किए और युवा अधिवक्ताओं को भी संरक्षण व मार्गदर्शन देते रहे..!!

अधिवक्ता हुमायूँ नईम खान के सफल संचालन में हुए उक्त कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्षगण सुरेन्द्र प्रताप सिंह बब्बन सिंह, हरीश अग्निहोत्री, हिसाल बारी किदवई, नरेन्द्र वर्मा, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्षगण कौशल किशोर त्रिपाठी, नरेश कुमार सिँह, देवेन्द्र प्रताप यादव, रितेश मिश्रा, पूर्व महामंत्रीगण शाहीन अख्तर, अशोक कुमार वर्मा, रामराज यादव, सरदार अवतार सिंह, सरदार नरेन्द्र सिँह, समाजसेवी अंकुर माथुर, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गुप्ता, अमित शुक्ला एडवोकेट, सूरज यादव ''गामा'', पूर्व छात्रनेता-लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, खुशीराम यादव, दारा यादव, यासिर अराफ़ात, रमेश भारती, रोहित निगम, मुस्तेहसन ज़ुबेर ''जिम्मी'', अमित सिंह, मनोज श्रीवास्तव हैप्पी, नवीन रस्तोगी, प्रदीप यादव सोनी, नागेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेश शुक्ला गुड्डू, हिदायतुल्लाह, सरफराज हुसैन, रोहित यादव, किरन वर्मा, सरिता वर्मा, नमिता पंकज, शावेज़ खान, शरद सिंह आदि तमाम अधिवक्तागणों व प्रबुद्धजनों के अलावा जगजीत सिँह पूर्व महामंत्री पारिवारिक न्यायालय लखनऊ ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी..!

अंत में सरदार बेअन्त सिंह के पुत्रों सरदार आलोक सिँह व सरदार राजा सिंह एडवोकेट ने उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया..!!

## शिवायोग पीठम आश्रम में संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पांचवे बड़े मंगल के अवसर पर आवास विकास कालोनी के निकट स्वामी चेतनानंद आश्रम पर संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ आयोजित किया गया।इसमें जज आर पी पाण्डेय ने यजमान के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर आश्रम के प्रमुख स्वामी चेतनानंद जी महराज,साध्वी श्रद्धा चैतन्य,भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंह एडवोकेट,अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी,सरस्वती इण्टर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राज कुमार तिवारी,विपिन पांडेय, रीता त्रिपाठी आदि सहित भारी संख्या में स्त्री,पुरुष भक्त उपस्थित रहे। सिविल कोर्ट परिसर में ए डी आर भवन के पास भक्तों ने बृहद भंडारे का आयोजन किया जिसका शुभारंभ जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव,वा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने किया।इस अवसर पर जिला बार एसो अध्यक्ष रमन द्विवेदी,अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के महामंत्री सचिन प्रताप सिंह,श्रवण सिंह,नरेश कुमार सिंह,आशीष त्रिपाठी,राजू मिश्रा,पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, राम सेवक यादव इन्टर कालेज के प्रबंधक डा विकास यादव,आदि तमाम अधिवक्ताओं,वादकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# बड़े मंगल पर हैदरगढ़ में उमड़ा आस्था का सैलाब

- विकास खंड व कोतवाली परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन
- कन्याभोज के साथ हुआ शुभारंभ, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, भक्ति, सेवा और सद्भाव का दिखा अनुपम संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को हैदरगढ़ क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। विकास खंड हैदरगढ़ एवं कोतवाली हैदरगढ़ परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान श्री हनुमान जी की आराधना के बीच आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

विकास खंड हैदरगढ़ में आयोजित भंडारे का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह द्वारा कन्याभोज कराकर किया गया। कन्याओं के पूजन एवं भोजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोषों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं कोतवाली हैदरगढ़ परिसर में भी बड़े मंगल के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में सेवा और समर्पण का अनूठा दृश्य देखने को मिला। अधिकारी, कर्मचारी एवं समाजसेवी श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे और देर तक प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। आयोजन ने सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और जनसेवा का संदेश दिया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, प्रभारी एडीओ अखिलेश दूबे, सचिव पवन कुमार, दीपक राजपूत, अजय यादव, चंद्रेश कुमार, राज कुमार, हर्षित श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, सुबोध कुमार, प्रफुल्ल वर्मा, विशाल गुप्ता, विनोद कुमार, राजेश चंद्रा, सर्वजीत वर्मा सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ''बड़े मंगल पर सेवा ही सबसे बड़ा धर्म''

ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर आयोजित इस भव्य भंडारे ने श्रद्धा, सेवा और मानवता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। श्रद्धालुओं ने आयोजन की भव्यता और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे धार्मिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

# साढ़े पांच लाख का सामुदायिक शौचालय बना शोपीस, पांच साल से लटका ताला

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेहीघाट बाराबंकी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत महुलारा में वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग साढ़े पांच लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय आज बदहाली और लापरवाही की मिसाल बनकर रह गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के कुछ समय बाद ही शौचालय बंद हो गया और वर्षों से इसका नियमित संचालन नहीं हो रहा है।

सोमवार को शौचालय पर ताला लटका मिलने से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में वहां एकत्र हो गए और प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि शौचालय के संचालन के लिए केयरटेकर की नियुक्ति की गई तथा नियमित वेतन भुगतान भी होता रहा, लेकिन धरातल पर न तो साफ-सफाई दिखाई देती है और न ही आम लोगों को सुविधा मिल रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब भी कोई जांच टीम आती है तो शौचालय को कुछ समय के लिए खोल दिया जाता है, लेकिन जांच समाप्त होते ही फिर ताला डाल दिया जाता है। इससे सरकारी धन के दुरुपयोग और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रदर्शन में केशवराम, पारस, सुरेंद्र, प्रेमा देवी, फूलकुमारी, संगीता समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने शौचालय की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा तत्काल मरम्मत कराकर इसे जन उपयोग के लिए चालू कराने की मांग की है। पंचायत सहायक विकास अधिकारी शैलेंद्र दुबे ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और शौचालय को नियमानुसार जल्द संचालित कराया जाएगा।

# नगर पंचायत कर्मचारी से मारपीट के आरोपी अध्यक्ष पुत्र व सभासद जेल भेजे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर के लिपिक एवं टैक्स कलेक्टर के साथ मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र तथा वार्ड अहिरान के सभासद मोहम्मद दाऊद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह अमानवीय घटना एक जून को नगर पंचायत कार्यालय में हुई थी।

जानकारी के अनुसार ग्राम अब्दुल्लापुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश नगर पंचायत जैदपुर में लिपिक एवं टैक्स कलेक्टर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने जैदपुर थाने में दर्ज कराई गई तहरीर में आरोप लगाया कि वह कार्यालय में नियमित सरकारी कार्य कर रहे थे। इसी दौरान सभासद मोहम्मद दाऊद कार्यालय पहुंचे और किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि दाऊद ने उन्हें कार्यालय के एक कमरे में बंद कर मारपीट की, अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित कर्मचारी ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जैदपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(2), 115(2), 352, 351(3) एवं 121(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

घटना के बाद नगर पंचायत कर्मचारियों में भी चर्चा का माहौल है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित होना आवश्यक है, ताकि वे निर्भय होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अमरसंडा में चला प्रशासन का बुलडोजर

## डीएम के सख्त तेवर से भूमाफियाओं में हड़कंप, ग्राम समाज की जमीन से हटाया कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशांत प्रताप सिंह के कार्यभार संभालने के बाद जनपद में सरकारी एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। प्रशासन के सख्त रुख का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में मंगलवार को अमरसंडा गांव में ग्राम पंचायत की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की।

उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार अनु सिंह के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कुर्सी थाना क्षेत्र के अमरसंडा गांव में अभियान चलाया। जांच में पाया गया कि गाटा संख्या 1147 में दर्ज बंजर झाड़ी की ग्राम पंचायत भूमि पर गांव निवासी मुजीब पुत्र बाबू ने दीवार बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को कब्जामुक्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक कैलाश बहादुर, लेखपाल सर्वेश कुमार यादव, कपिल देव, क्षितिज तिवारी तथा कुर्सी पुलिस टीम मौजूद रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप है और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों को स्पष्ट संदेश मिला है कि अब ऐसे मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

**जहां रुका हर राहगीर, वहीं लगा भंडारा— यही है रामनगर का बड़ा मंगल'**

# ज्येष्ठ के पांचवें बड़े मंगल पर बाराबंकी बना 'भंडारानगरी'

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के पांचवें और आखिरी बड़े मंगलवार को पूरा जनपद भक्ति मय हुआ। नाका सतरिख स्थित मार्केट में बीएमडब्ल्यू ग्रुप द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने किया। इस दौरान उन्होंने बजरंगबली महाराज की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, युवा सपा नेता अविरल सिंह, अजय वर्मा, वीरेंद्र प्रधान आदि उपस्थित रहे। ''रामनगर,''कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों तक चप्पे-चप्पे पर भंडारे सजे और हजारों श्रद्धालुओं ने हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। इस बार आस्था के साथ सेवा का अनोखा संगम देखने को मिला।

बुढ़वल चौराहे पर 'सेवा की हैट्रिक': समाजसेवी विनोद कुमार शुक्ला, शुभेंद्र शुक्ला एवं अमरेंद्र शुक्ल द्वारा बुढ़वल चौराहे पर लगातार छठवीं बार विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरी-सब्जी, हलवा और शीतल पेय के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत तथा थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि पहुंचे और प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

रामनगर कस्बे में तीन जगह सजे भंडारे: कस्बा रामनगर में प्रदोष राय मार्ग पर मंसाराम गुप्ता की चक्की के पास दो स्थानों और चौबेजी के घर के पास विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। यहां आने-जाने वाले हर हनुमान भक्त को रोक-रोक कर प्रसाद खिलाया गया। रामभक्त बजरंगबली की पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा।

ग्रामीण अंचलों में भी गूंजा जयकारा: ग्रामीण क्षेत्रों में भी आस्था का सैलाब उमड़ा। ग्राम लोहटी जई में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर त्रिवेदी परिवार द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। वहीं रानी मोहल्ले में चौथे मंगलवार को हुए भंडारे की कड़ी में पांचवें मंगल पर भी सेवा जारी रही। यहां आशीष मौर्य, शिवचरण, लालता प्रसाद मौर्य समेत मोहल्ले के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गत वर्ष की तरह इस बार भी मोहल्लेवासियों का सहयोग सराहनीय रहा।

'सेवा ही संकल्प': शुक्ल बंधुओं ने कहा कि बड़े मंगल पर भंडारा कराना हमारी परंपरा बन चुकी है। यह सेवा का भाव आगे भी जारी रहेगा। वहीं रामनगर के आयोजकों ने कहा कि हनुमान जी की कृपा से हर साल भंडारे का स्वरूप और बड़ा होता जा रहा है।

## फ्यूल सरचार्ज वृद्धि के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजली बिलों में करीब 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज वृद्धि के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिला अध्यक्ष फैसल मलिक के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बढ़ती महंगाई, महंगे बीज, खाद, कीटनाशक और डीजल की कीमतों के बीच फ्यूल सरचार्ज की वृद्धि किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाली है। किसानों ने इस वृद्धि को तत्काल वापस लेने और कृषि उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। फैसल मलिक ने कहा कि किसानों को पर्याप्त और नियमित बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय न होने पर संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान बलराम यादव, संदीप वर्मा, मोहम्मद वसी, सुमित कश्यप, मोहम्मद अर्शद, रामहरजी महाराज, कलीम उर्फ मुनिया, मोहम्मद अन्ना उर्फ अन्नी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूर्या चौहान हत्याकांड को लेकर हिंदू संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर (बाराबंकी) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गाजियाबाद में हुई सूर्या चौहान की हत्या के विरोध में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह को सौंपा। उन्होंने मामले में शामिल सभी आरोपियों एवं कथित षड्यंत्रकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने तथा दोषियों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाकर कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा को मजबूत करने की मांग की। इस दौरान गौरव सोनी, अमन वर्मा, आयुष जोशी, सुनील लोधी, जयशंकर जोशी, सत्यम मिश्रा, आदित्य, शिव राजपूत, मनीष कश्यप, अक्षांश प्रताप सिंह, कमलेश कुमार, करुणाशंकर वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# सूर्यवंशी में युवा तेंदुलकर की झलक दिखती है वासन को

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अतुल वासन ने कहा कि उन्हें वैभव सूर्यवंशी में युवा सचिन तेंदुलकर की झलक दिखती है। उन्होंने कहा कि इस किशोर बल्लेबाज की परिपक्वता, साहस और बेखाफ रवैया उन्हें भारत के 1989 के पाकिस्तान दौरे के दौरान दिग्गज बल्लेबाज तेंदुलकर के शुरुआती दिनों की याद दिलाता है। सूर्यवंशी ने हाल में समाप्त हुए आईपीएल में अपनी विशेष छाप छोड़ी। वह 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे। इस 15 वर्षीय इस खिलाड़ी ने जसप्रीत बुमराह, कैगिसो रबाडा और पैट कमिंस जैसे विश्व के कुछ शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ अपने बेखौफ रवैए से सबको प्रभावित किया। वासन ने कहा, ''वह लाखों में एक है। वह विलक्षण प्रतिभा है। यह लड़का जिस तरह की



परिपक्वता और दिलेरी दिखा रहा है, क्या आप उसकी कल्पना कर सकते हैं। वह मुझे 16 साल के सचिन तेंदुलकर की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, '''मैंने सचिन को देखा। मैंने (1989 के पाकिस्तान दौरे के दौरान) उनकी खेल को लेकर परिपक्वता और जोखिम उठाने का साहस देखा था। ईश्वर ने उन्हें (सूर्यवंशी) कौशल और ताकत के साथ तुरुप का इक्का होने का भी वरदान दिया है। तेंदुलकर ने 1989 में 16 साल की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। पाकिस्तान की उस टीम में वसीम अकरम, वकार यूनिस, अब्दुल कादिर और इमरान खान जैसे दिग्गज गेंदबाज शामिल थे जिनका तेंदुलकर ने डटकर सामना किया था। वासन ने कहा, ''उसे (सूर्यवंशी) अभी लंबा सफर तय करना है। मुझे उम्मीद है कि सचिन की तरह उसके लिए भी सब कुछ सहजता से आगे बढ़ेगा। ईश्वर ने उन्हें विशेष प्रतिभा से नवाजा है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि सूर्यवंशी को उचित मार्गदर्शन की जरूरत है तथा उन्हें केवल टी20 विशेषज्ञ नहीं माना जाना चाहिए और एक संपूर्ण क्रिकेटर के रूप में उनका विकास होना चाहिए। वासन ने कहा, ''मुझे बस इस बात की चिंता है कि क्या उसे टेस्ट क्रिकेट की कड़ी चुनौती का सामना करने के लिए उचित मार्गदर्शन मिल रहा है। उसके पास खेल की समझ है। लेकिन क्या उसके पास सिर्फ छक्के लगाने से बढ़कर भी कोई कौशल है। दिल्ली के पूर्व कप्तान ने आगाह किया कि इस युवा खिलाड़ी पर उनके करियर के शुरू में ही रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीदों का बोझ डालना उचित नहीं है।

# इंग्लैंड की परिस्थितियां अपरिचित नहीं, भारत महिला टी20 विश्व कप में प्रबल दावेदार: अंजुम चोपड़ा

एजेंसी

अहमदाबाद। पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि अब इंग्लैंड की परिस्थितियां किसी तरह से अपरिचित नहीं हैं और भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चोपड़ा ने कहा, ''इंग्लैंड की परिस्थितियां अपरिचित नहीं हैं। भारतीय टीम में से कुछ या अधिकतर खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं। कम से कम वर्तमान टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को वहां खेलने का अच्छा अनुभव है। उन्होंने कहा, '''नंदिनी (शर्मा) की बात करें तो वह वहां अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री चरणी का अपने संक्षिप्त करियर में पिछले 12 महीने में यह इंग्लैंड का दूसरा दौरा है। चोपड़ा ने कहा, ''मेरे लिए भारत प्रबल दावेदार है। निश्चित तौर पर मैं भारतीय टीम को शीर्ष चार में ही नहीं बल्कि शीर्ष दो और फिर



शीर्ष पर देखना चाहती हूं। भारत के लिए टूर्नामेंट से पहले कुछ सकारात्मक पहलू रहे हैं। इनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज यस्तिका भाटिया का चोट से उबरने के बाद वापसी करना भी शामिल है। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने वापसी करते ही तुरंत प्रभाव छोड़ा और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 40 गेंद में 54 रन की शानदार पारी खेली। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया था। यास्तिका ने इस तरह से तीसरे नंबर पर अपना मजबूत दावा पेश कर दिया है। जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा गया है। ऐसे में चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप में अधिक लचीलापन अपनाने की जरूरत हो सकती है। उन्होंने कहा, ''यह बहुत अच्छा है कि वह (यास्तिका) रन बना रही है और उसने पहले टी20 में रन बनाए। हालांकि दूसरे मैच में वह लंबी पारी खेलने से चूक गई। लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि यह केवल जेमी, हरमन और यास्तिका के बीच संतुलन बनाने की बात नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंधु दूसरे दौर में, श्रीकात, मालविका बाहर

**जकार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे। सिंधु ने इस सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट में 25-23, 21-16 से पराजित किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्हें पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बरकरार रखी और सीधे गेम में जीत दर्ज की। गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सिंधु का सामना दूसरे दौर में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हो सकता है जिन्होंने उन्हें पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था। आन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उन सभी में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के युशी तनाका से 19-21, 15-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला वर्ग में मालविका बंसोड भी पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने आसानी से 21-12, 21-10 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन ने शानदार खेल का नमूना पेश किया तथा अपने से अधिक रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी किओंग पर 21-18, 21-10 की जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### एफआईएच महिला नेशंस कप: लालथंटलुआंगी और डबास भारतीय टीम में शामिल

**नयी दिल्ली।** युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। सलीमा टेटे इस टूर्नामेंट में भी टीम की कप्तानी करेगी। सविता और बिचु देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। रक्षा पंक्ति में अनुभवी सुशीला चानू, इशिका चौधरी, निक्की प्रधान और ज्योति के साथ लालथंटलुआंगी और डबास भी शामिल होंगी, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली थी। मध्य पंक्ति की कमान सलीमा संभालेंगी, जिन्हें नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और ऑस्ट्रेलिया में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली दीपिका सोरेंग का सहयोग मिलेगा। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, अन्नु और इशिका शामिल हैं जिन्हें अटैकिंग मिडफील्डर लालरेम्सियामी और सोनम का भी सहयोग मिलेगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के सफल दौरे के बाद नेशंस कप में भाग लेगी। भारत ने चार मैच की यह श्रृंखला में 2-2 से ड्रॉ कराई थी। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, ''नेशंस कप हमारे लिए महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हम वहां जाकर पूरे जोश और जज्बे के साथ खेलना चाहते हैं। हम आगे बढ़ने के लिए मानक स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, '' हमने एक ऐसी टीम का चयन किया है जो अनुभवी है और जिसमें जीतने की ललक है। सविता, सुशीला, निक्की और नवनीत जैसी खिलाड़ी पहले भी बड़े टूर्नामेंट खेल चुकी हैं और जानती हैं कि दबाव में अच्छा प्रदर्शन कैसे किया जाता है।

### हीरो मोटोकॉर्प की मई में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 5.7 लाख इकाई

**नयी दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प की मई में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 5,70,068 इकाई रही। मई 2025 में बिक्री 5,07,701 इकाई थी। दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल एवं स्कूटर विनिर्माता कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि मई में घरेलू खुदरा मांग भी मजबूत रही। वीएएचएएन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार (तेलंगाना को छोड़कर) 4.96 लाख से अधिक पंजीकरण हुए। कंपनी ने कहा, '' मई 2026 में कंपनी के घरेलू मोटरसाइकिल एवं स्कूटर कारोबार ने मजबूत रफ्तार बनाए रखी और पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में करीब 10 प्रतिशत की ठोस वृद्धि दर्ज की। कंपनी के वैश्विक कारोबार में 78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें 33,284 इकाइयों की आपूर्ति हुई। हीरो मोटोकॉर्प के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत मांग, प्रीमियम उत्पाद खंड के विस्तार और लक्षित बाजार विस्तार के समर्थन से वृद्धि की यह मजबूत रफ्तार बनी हुई है।

### कोका-कोला 2027 में भारतीय 'बॉटलिंग' इकाई एचसीसीएच का आईपीओ लाने पर कर रही है विचार

**नयी दिल्ली।** वैश्विक पेय पदार्थ कंपनी कोका-कोला कंपनी भारत में अपनी बॉटलिंग इकाई की मूल कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एचसीसीएच) को 2027 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की संभावना तलाश रही है। कंपनी ने कहा कि वह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होने (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने) की प्रारंभिक तैयारी कर रही है, जो बाजार की स्थिति एवं नियामकीय मंजूरियों पर निर्भर करेगी। साथ ही, कंपनी एचसीसीएच में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचने पर भी विचार कर रही है। यह कदम करीब एक साल बाद आया है जब कोका-कोला ने एचसीसीएच में अपनी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी जुबिलेंट भारतीय ग्रुप को बेची थी। हालांकि इस सौदे की वित्तीय जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई थी। एचसीसीएच, भारत में कोका-कोला के सबसे बड़े 'बॉटलिंग' व्यवसाय हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज (एचसीसीबी) की मूल कंपनी है। यह संभावित सूचीबद्ध कंपनी की ''एसेट-लाइट'' रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह वैश्विक स्तर पर अपने 'बॉटलिंग' कारोबार में हिस्सेदारी घटा रही है। भारत, कोका-कोला के लिए दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा बाजार है। कंपनी यहां दो इकाइयों कोका-कोला इंडिया और एचसीसीबी के जरिये काम करती है। एचसीसीबी की स्थापना 14 फरवरी 1997 को हुई थी और यह देशभर में 14 बॉटलिंग संयंत्र संचालित करती है। कंपनी भारत में कोका-कोला, थम्स अप, स्प्राइट, मिनट मेड, माजा, स्मार्टवॉटर, किनले, लिम्का और फैंटा सहित आठ श्रेणियों में 37 उत्पाद बनाती एवं बेचती है।

## आईपीएल ट्रॉफी जीतने के बाद पत्नी संग प्रेमानन्द महाराज के आश्रम पहुंचे क्रिकेटर विराट कोहली

मथुरा। लगातार दूसरे वर्ष रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ट्रॉफी में जीत दिलाने वाले क्रिकेटर विराट कोहली अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा संग मंगलवार को संत प्रेमानन्द महाराज के वृन्दावन स्थित आश्रम पहुंचे और गुरु का आशीर्वाद पाकर आभार जताया। आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबह-सुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था। उन्हें आश्रम से एक पुस्तक भी उपहार स्वरूप मिली जो वे बगल में दबाए चले आ रहे थे।

## भारतीय बल्लेबाजों को नेट पर अभ्यास कराएंगे नबी और जीशान सहित सात गेंदबाज

एजेंसी

मुल्लांपुर। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए सात गेंदबाजों में शामिल किया गया है। नबी को इस मैच के लिए टेस्ट टीम में नहीं चुने जाने पर चयन समिति को आलोचना का सामना करना पड़ा था। नबी के अलावा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले उत्तर प्रदेश के लेग स्पिनर जीशान अंसारी को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है क्योंकि अफगानिस्तान की टीम में कलाई के स्पिनर होने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, ''औकिब नबी को भारतीय नेट अभ्यास सत्र में शामिल होने



के लिए कहा गया है। औकिब ही नहीं छह अन्य गेंदबाजों को भी नेट अभ्यास के लिए बुलाया गया है। भारतीय टीम के दो प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा सात दिन में आईपीएल के तीन मैच खेलने के कारण नेट अभ्यास में पूरी ताकत नहीं झोंक सकते हैं। बल्लेबाजों को पर्याप्त अभ्यास की जरूरत है। नबी ने 60 विकेट लेकर जम्मू कश्मीर को रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन भारतीय टीम में उनके बजाय पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को प्राथमिकता दी गई। भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र में सभी खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। आईपीएल की उपविजेता गुजरात टाइटंस के सात खिलाड़ी (कप्तान शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन, गुरनूर बराड़, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार और वाशिंगटन सुंदर) टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

## प्रज्ञानानंदा, गुकेश, दिव्या ने भारत की खिताब की उम्मीदें बरकरार रखीं

ओस्लो। पिछले दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शानदार वापसी करके खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। विश्व चैंपियन डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंद ने ओपन वर्ग में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि दिव्या देशमुख ने महिला वर्ग में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया। छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा था। गुकेश ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के खिलाफ मुकाबले में 1.5 अंक हासिल किए। उन्होंने क्लासिकल बाजी में मौका गंवाने के बाद आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके अपना कुल स्कोर आठ अंक पर पहुंचाया। वह हालांकि छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंद ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा को लगातार दूसरी बार क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में आज लगातार दूसरे दिन शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में आज ये चमकीली धातु 750 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत में आज 1,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,420 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में आई कमी के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,58,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के



बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,56,360 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,58,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,56,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## मीशो और बीएसई की साझेदारी, एमएसएमई को सूचीबद्ध कराने के लिए 'प्रोजेक्ट शिखर' शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। ई-कॉमर्स मंच मीशो ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) और डिजिटल व्यवसायों को सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनियां बनने में मदद करने के उद्देश्य से बीएसई के साथ साझेदारी की है। इस पहल का नाम 'प्रोजेक्ट शिखर' है, जिसे एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया है। इसका उद्देश्य उच्च प्रदर्शन करने वाले स्वतंत्र ई-कॉमर्स विक्रेताओं को बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध कराने में सहायता करना है, जिससे उनकी वृद्धि के लिए आवश्यक पूंजी की जरूरतें पूरी हो सकें। बीएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदररमन राममूर्ति ने कहा कि बीएसई ने एसएमई मंच की शुरुआत गतिशील और रोजगार सृजन करने वाले व्यवसायों को पूंजी बाजार तक सीधी पहुंच देने के लिए की थी। राममूर्ति ने कहा, '' वर्षों में बीएसई एसएमई मंच ने सैकड़ों एमएसएमई को सूचीबद्ध होने, वृद्धि पूंजी जुटाने और कामकाज मानकों को मजबूत करने में सक्षम बनाया है। मीशो के साथ यह साझेदारी इस परिवेश को डिजिटल-प्रथम उद्यमियों तक विस्तारित करती है, जिससे ई-कॉमर्स विक्रेता सार्वजनिक कंपनियां बन सकें। भारत के खुदरा व्यापार का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक या असंगठित क्षेत्रों में संचालित होता है, जिसे पारंपरिक विस्तार पूंजी तक पहुंचने में अकसर बाधाओं का सामना करना पड़ता है। बयान में मीशो ने कहा कि 'प्रोजेक्ट शिखर' इस अंतर को पाटेगा और सार्वजनिक सूचीकरण के लिए चरणबद्ध मार्ग तैयार करेगा। मीशो में कॉर्पोरेट मामलों की प्रमुख लोपामुद्रा राव ने कहा कि मंच के विक्रेता परिवेश का एक बड़ा हिस्सा ऐसे उद्यमी व्यवसायों का है, जो तेजी से बढ़े हैं लेकिन निवेश के लिए तैयार इकाई में बदलना जटिल बना रहता है।

## सरकार ने एनएचपीसी में छह फीसदी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया शुरू की, बिक्री पेशकश खुली

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी नेशनल हाइड्रो पॉवर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) में अपनी छह फीसदी हिस्सेदारी बेचने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इसके शेयर बिक्री के लिए न्यूनतम मूल्य 71 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। विनिवेश लक्ष्य के तहत शुरू की गई इस प्रक्रिया के तहत इस कंपनी में सरकार अपने शेयरों को डिस्काउंट पर बेच रही है। एनएचपीसी के अनुसार इस बिक्री से सरकारी खजाने में 4,300 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 1,549 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सोमवार को एनएचपीसी कंपनी का शेयर 77.19 रुपये पर बंद हुआ। इसकी तुलना में 71 रुपये प्रति शेयर का ओएफएस मूल्य करीब 8 फीसदी की छूट पर मिल रहा है। एनएचपीसी का शेयर पिछले बंद भाव से 2.07 फीसदी नीचे बंद हुआ था, लेकिन मंगलवार को बाजार खुलने पर इसमें 5.48 फीसदी की गिरावट दिखने लगी और बाजार भाव फिसलकर 72 रुपये के आसपास पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2026-27 में भारत सरकार 'ऑफर फॉर सेल' (ओएफएस) के जरिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी में 6 फीसदी की अपनी हिस्सेदारी बेच रही है। इससे पहले सरकार ने कोल इंडिया लिमिडेट और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बेची है। सरकार का एनएचपीसी के शेयरों की होने वाली बिक्री से लगभग 4,200 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। यह केंद्र सरकार के वित्त वर्ष 2027 के विनिवेश के बड़े लक्ष्य का एक अहम हिस्सा है।

## ओमान के साथ एफटीए से भारत की ऊर्ज़ा आर्थिक सुरक्षा होगी मजबूत : विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता खाड़ी क्षेत्र की अस्थिरता के बीच भारत की ऊर्ज़ा एवं आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। दोनों देशों के बीच यह व्यापार समझौता एक जून से लागू हो गया है। शोध संस्थान सीआरएफ के अध्यक्ष शिशिर प्रियदर्शी ने कहा, '' पहला, यह अस्थिर क्षेत्र में भारत की ऊर्ज़ा एवं आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करता है। ओमान लंबे समय से खाड़ी में भारत के सबसे भरोसेमंद साझेदारों में से एक रहा है। उन्होंने कहा कि भारत तेल, गैस एवं पेट्रोरसायन के आयात पर काफी निर्भर है। ऐसे में ओमान के साथ गहरे आर्थिक एकीकरण से इस महत्वपूर्ण संबंध के लिए अधिक स्थिर और मजबूत ढांचा तैयार होता है। अमेरिका-ईरान युद्ध और इसके बाद



होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से कृषि तथा ऊर्ज़ा उत्पादों सहित विभिन्न क्षेत्रों की आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा आई है। ओमान भारतीय व्यवसायों के लिए पश्चिम एशिया में विनिर्माण, लॉजिस्टिक और पुनःनिर्यात केंद्र के रूप में भी काम कर सकता है। प्रियदर्शी ने कहा, '' इसलिए इस मुक्त व्यापार समझौते का महत्व केवल द्विपक्षीय व्यापार आंकड़ों से कहीं अधिक है। यह महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को सुरक्षित करने, भारतीय उद्योग के लिए नए अवसर उत्पन्न करने और यह संकेत देने के बारे में है कि भारत वैश्विक व्यापार एवं संपर्क के अगले चरण को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ एवं हाई-टेक गियर्स के चेयरमैन दीप कपूरिया ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस व्यापार समझौते के लागू होने से भारत को न केवल ओमान बल्कि पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, '' इस समझौते के लागू होने की तारीख से ओमान को सभी निर्यात पर शून्य-शुल्क बाजार पहुंच, सरल नियामकीय प्रक्रियाएं और कम अनुपालन आवश्यकताओं के साथ भारतीय निर्यातक विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। कपूरिया ने कहा कि हालांकि ओमान अपेक्षाकृत छोटा बाजार है लेकिन यह इंजीनियरिंग, दवा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, वस्त्र, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक, रत्न एवं आभूषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात के अवसर प्रदान करता है।

# जिहादी मनोवृत्ति को पूरी तरह मिटाना होगा: आलोक कुमार

एजेंसी

राजसमंद। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने ग़ाज़ियाबाद में नाबालिग हिंदू युवक सूर्य चौहान की ईद पर कुर्बानी के नाम पर की गई निर्मम हत्या सहित हाल के वर्षों में हिंदू समाज को लक्षित कर हुई कई हिंसक घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंनेकहा कि गाजियाबाद, दिल्ली और उदयपुर जैसी घटनाएं किसी सामान्य आपराधिक प्रवृत्ति का परिणाम नहीं हैं, बल्कि ऐसी जिहादी कट्टरपंथी मानसिकता की अभिव्यक्ति हैं जो हिंदुओं के प्रति घृणा और हिंसक मनोवृत्ति को दर्शाती हैं। इस मनोवृत्ति के विरुद्ध सरकार और समाज के जिम्मेदार लोगों को मिलकर पूरी तरह से मिटाना होगा।




आलोक कुमार ने राजस्थान के राजसमंद में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि 28 मई को बकरीद पर मित्र के नाते बुलाकर गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में 17 वर्षीय हिंदू युवक सूर्य चौहान की निर्मम हत्या, 4 मार्च 2026 को दिल्ली के उत्तम नगर में होली के अवसर पर तरुण की हत्या, उदयपुर में विद्यालय परिसर में छात्र देवराज पर हुए प्राणघातक हमले तथा महाराष्ट्र में उमेश कोल्हे की हत्या जैसी घटनाएं केवल अलग-अलग अपराध नहीं हैं। इन घटनाओं में एक समान प्रवृत्ति दिखाई देती है जो धार्मिक पहचान के आधार पर वैमनस्यता, असहिष्णुता और हिंसा को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी युवक को केवल इसलिए मार दिया जाए कि वह हिंदू है अथवा दोस्ती के रिश्ते और विद्यालय जैसे पवित्र स्थान में बच्चों के बीच भी कट्टरता और हिंसा प्रवेश कर जाए, तो यह पूरे समाज के लिए चेतावनी का विषय है। ऐसे घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि जिहादी कट्टरपंथी सोच का विष समाज के विभिन्न स्तरों तक पहुंच रहा है। आलोक कुमार ने कहा कि यह समझना होगा कि हिंसा, आतंक और जिहादी कट्टरवाद की अवधारणा का आधुनिक विश्व में कोई स्थान नहीं हो सकता। ऐसी गंभीर घटनाओं को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानना भी पर्याप्त नहीं होगा। ये विश्व शांति और सामाजिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने कहा कि जितने दोषी ऐसे जघन्य कृत्य करने वाले लोग हैं, उतने ही दोषी वे लोग भी हैं जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्हें वैचारिक संरक्षण प्रदान करते हैं, उनके अपराधों पर पर्दा डालते हैं या सुविधानुसार मौन धारण कर लेते हैं। आलोक कुमार ने हिंदू समाज का आह्वान किया कि वह संगठित, सजग और आत्मरक्षार्थ पुरुषार्थी बने। उन्होंने कहा कि शांति और सद्भाव तभी सुरक्षित रह सकते हैं जब समाज हिंसा करने वालों के साथ-साथ उनके समर्थकों और मौन दर्शकों को भी कठघरे में खड़ा करे। विहिप अध्यक्ष ने राजस्थान सरकार से इसी वर्ष राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने तथा केंद्र सरकार से अपने पुराने प्रेसिडेंशियल आदेश में संशोधन कर अनुसूचित जनजाति के धर्मांतरित लोगों को अनुसूचित जनजाति को प्रदत्त सभी अधिकारों से वंचित करने की मांग भी की। भीम कस्बे में नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पत्रकारों के सवाल पर आलोक कुमार ने कहा कि वे इंडीविजुअल मामलों में कमेंट नहीं कर सकेंगे। वहां के स्थानीय विहिप कार्यकर्ता निगरानी करेंगे, सहयोग करेंगे और आवश्यकता होगी तो आंदोलन भी करेंगे।

# डीके शिवकुमार के मंत्रिमंडल के गठन में सिद्दारमैया की अहम भूमिका

एजेंसी

बेंगलुरु/नयी दिल्ली। डीके शिवकुमार बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने की तैयारी में हैं, वहीं निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया नयी दिल्ली में सत्ता वार्ता के केंद्र में बने रहे, जो नयी कांग्रेस सरकार के गठन में उनके निरंतर प्रभाव को प्रदर्शित करता है। शपथ ग्रहण समारोह में अब केवल एक दिन शेष है, ऐसे में राष्ट्रीय राजधानी कर्नाटक की राजनीति का केंद्र बन गई है, जहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मंत्रिमंडल के संभावित उम्मीदवार और पार्टी रणनीतिकार उच्च कमान के साथ अंतिम दौर के परामर्श के लिए एकत्रित हुए। मंत्रिस्तरीय पदों, उपमुख्यमंत्री पद और प्रमुख संगठनात्मक नियुक्तियों पर गहन चर्चा के बीच श्री सिद्दारमैया की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ निर्धारित बैठक का विशेष महत्व था। इस प्रक्रिया के केंद्र में निवर्तमान मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने सिद्दारमैया युग से शिवकुमार प्रशासन में बदलाव की नाजुक प्रकृति को उजागर किया। इस उभरते राजनीतिक घटनाक्रम में एक नया मोड़ तब आया जब श्री सिद्दारमैया को कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात से पहले राजधानी के एक होटल में एस. जयशंकर से बातचीत करते देखा गया। हालांकि, जब उनसे खरगे के साथ हुई उनकी बातचीत के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सतर्क रुख अपनाते हुए कहा कि उन्हें बैठक के एजेंडे की जानकारी नहीं है। कैबिनेट गठन प्रक्रिया में एक और नया मोड़ तब आया जब यतींद्र सिद्दारमैया ने दावा किया कि राहुल गांधी ने पहले उन्हें मंत्रिमंडल में पद देने का आश्वासन दिया था। इस बयान से नए मंत्रिमंडल की संरचना और सरकार में कई नए लोगों को जगह मिलने की संभावना को लेकर अटकलें तेज हो गईं। कांग्रेस विधायक प्रियांक खरगे ने भी दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की, जिससे महत्वपूर्ण विभागों की होड़ तेज होने के साथ ही आगामी सरकार में उनकी भूमिका को लेकर अटकलें और भी बढ़ गईं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने संकेत दिया कि सत्तारूढ़ दल के भीतर प्रतिस्पर्धी आकांक्षाओं को समायोजित करने के लिए मंत्री पदों पर नियुक्तियां चरणबद्ध तरीके से की जा सकती हैं। यह प्रक्रिया मंत्रिमंडल तक ही सीमित नहीं है। श्री शिवकुमार द्वारा पदभार ग्रहण करने पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद, पार्टी सरकार और संगठन के बीच समन्वय बनाए रखने में सक्षम उत्तराधिकारी की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि इस पद के लिए एक ओबीसी नेता पर विचार किया जा रहा है। राजनीतिक दांव-पेच के बीच श्री शिवकुमार ने गांधी परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा में गांधी परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और वर्षों से उन पर रखे गए भरोसे के लिए उनकी सराहना की। इस बीच विपक्ष के नेता आर. अशोक ने इस परिवर्तन को महज ''चालक का परिवर्तन'' बताकर खारिज कर दिया और तर्क दिया कि आने वाली सरकार को राज्य के सामने मौजूद उन्हीं शासन और वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर योजना के लिए आवेदन शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गये हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पीएमआरसी केंद्र सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कार्यरत भारतीय मूल के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से वैश्विक भारतीय प्रतिभाओं को भारत के तेजी से विकसित हो रहे अनुसंधान, नवाचार, प्रौद्योगिकी और विकास पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ा जायेगा। योजना के तहत राष्ट्रीय महत्व के 13 प्रमुख क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जायेगा। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, सुपरकंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा एवं जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं मेडिकल टेक्नोलॉजी, जैव प्रौद्योगिकी, उन्नत सामग्री एवं महत्वपूर्ण खनिज, अंतरिक्ष एवं रक्षा, अगली पीढ़ी की संचार तकनीक, विनिर्माण एवं इंडस्ट्री 4.0, कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी, ब्लू इकोनॉमी तथा परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पीएमआरसी फ़ेलोज़ को फ़ेलोशिप और अनुसंधान अनुदान, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान अवसंरचना तक पहुंच तथा भारत के अग्रणी सरकारी संस्थानों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा। वहीं, मेजबान संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग, वैश्विक स्तर के विशेषज्ञों के साथ सहभागिता और अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों के विस्तार का लाभ मिलेगा। योजना के तहत तीन श्रेणियों में अवसर उपलब्ध कराये गये हैं। इनमें प्रारंभिक करियर के शोधकर्ताओं के लिए यंग रिसर्च फ़ेलो, अनुभवी शोधकर्ताओं के लिए सीनियर रिसर्च फ़ेलो तथा वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ताओं के लिए रिसर्च चेयर शामिल हैं।

योजना के लिए भारतीय मूल के शोधकर्ता, वैज्ञानिक और पेशेवर पात्र होंगे। इनमें विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिक, ओसीआई कार्डधारक और भारतीय मूल के अन्य व्यक्ति शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य विश्व के अग्रणी विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योगों में कार्यरत भारतीय मूल के विशेषज्ञों को भारत में अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों से जोड़ना है।

# सशक्त, समृद्ध, और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें जनजातीय युवा: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जनजातीय समुदाय के युवाओं से कहा है कि वे शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति से आगे बढ़ें, अपनी विरासत पर गर्व करें और एक सशक्त, समृद्ध, और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं के लाभार्थियों के एक समूह ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने लाभार्थी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा ,'' देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस आवश्यकता है सही मार्गदर्शन, सहयोग और एक उचित मंच उपलब्ध कराने की। लाभार्थियों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि यदि अवसर मिले तो हमारे गांवों, दूरदराज के क्षेत्रों और जनजातीय अंचलों से ऐसे युवा निकलकर आएंगे, जो भारत का नाम उज्ज्वल करेंगे। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं के



माध्यम से, जनजातीय समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाने और उनका उत्थान करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। छात्रवृत्ति योजनाएं केवल वित्तीय सहायता के साधन मात्र नहीं हैं। वे युवाओं के सपनों को पंख देने का काम करती हैं। छात्रवृत्तियां उन युवाओं के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोलती हैं, जिनके पास असीम प्रतिभा तो है, लेकिन संसाधनों का अभाव उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा,'' शिक्षा ही वह शक्ति है जो किसी व्यक्ति को आत्मनिर्भर, जागरूक और सक्षम बनाती है। मेरी जीवन-यात्रा में भी शिक्षा ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा और अनुभव उन बच्चों के लिए प्रेरणा बननी चाहिए जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। जब वे दूसरों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे, तभी राष्ट्र का समावेशी विकास एक वास्तविकता बन पाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति, आशा और उज्ज्वल भविष्य के प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं, विशेष रूप से जनजातीय समुदायों से आने वाले युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी जड़ों और अपने लोगों को न भूलें। उन्होंने कहा कि जब युवा अपनी विरासत पर गर्व करते हुए, शिक्षा और प्रौद्योगिकी की शक्ति के बल पर आगे बढ़ेंगे, तो वे एक सुदृढ़, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा, ''हम वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे जिस भी क्षेत्र को चुनें, उनमें वे समाज और राष्ट्र के विकास के लिए सक्रिय योगदान दे सकते हैं।

# सभी उत्पादों पर 'कार्बन फुटप्रिंट लेबलिंग' अनिवार्य करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को सौंपेंगे 'अभिनव पत्र' : अनिल

एजेंसी

नई दिल्ली। पर्यावरण कार्यकर्ता पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने मंगलवार को कहा कि वह 'नेचर नेटवर्क' के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जल्द ही पत्र सौंपकर बाजार के सभी उत्पादों पर 'कार्बन फुटप्रिंट लेबलिंग' अनिवार्य करने की मांग करेंगे।

डॉ. अनिल जोशी ने विश्व पर्यावरण दिवस से तीन दिन पहले नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में ह्लकार्बन फुटप्रिंटङ्क विषय पर आयोजित गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। यह सम्मेलन आईजीएनसीए और हिमालयन एनवायरनमेंटल स्टडीज़ एंड कंज़र्वेशन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण और उपभोक्ता जागरूकता को लेकर एक अभिनव प्रस्ताव पर चर्चा की गई। डॉ. जोशी ने बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जताते हुए कहा कि जिस तरह खाद्य पदार्थों और दवाओं पर पोषण और रासायनिक तत्वों का लेबल लगाया जाता है, उसी तरह हर उत्पाद से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी भी उपभोक्ताओं को मिलनी चाहिए।

डॉ. जोशी ने कहा, ''जिस तरह आज बाजार रंग-बिरंगे उत्पादों से भरे पड़े हैं, उसी तरह अब समय आ चुका है कि उन उत्पादों पर कार्बन फुटप्रिंट भी अनिवार्य रूप से लिखा जाए। कम कार्बन फुटप्रिंट वाले उत्पादों को चुनना ही प्रकृति में हमारा सबसे बड़ा योगदान होगा।'' एक सवाल के जबाव में उन्होंने बताया कि जिस उत्पाद को बनाने में जितनी कम ऊर्जा का इस्तेमाल होगा, उसका कार्बन फुटप्रिंट उतना ही कम होगा और उसकी लागत भी कम होगी। यदि आप घर में पापड़ बनाते हैं, तो उसमें बहुत कम ऊर्जा लगती है इसलिए उसका कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। इसके विपरीत बड़ी कंपनियों में मशीनों द्वारा बनने वाले उत्पादों का कार्बन फुटप्रिंट अधिक होता है। कंपनियां अपने उत्पादों के कार्बन फुटप्रिंट का आकलन पूरी तरह से वैज्ञानिक तरीकों से करवाती हैं। जोशी ने बताया कि पिछले कुछ दशकों में इंसानी दखल के कारण मौसम का चक्र पूरी तरह बिगड़ चुका है। दुनिया भर में अकेले कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन 37-40 अरब टन तक पहुंच चुका है। अमोनिया का स्तर भी 10-12 अरब टन के पार जा चुका है जबकि फ्लोरिनेटेड कार्बन, जो वातावरण में हर साल 1-2 अरब टन फ्लोरिनेटेड कार्बन तेजी से घुल रहा है। इन सभी कारणों की वजह से दुनिया भर में ग्लोबल वार्मिंग और मौसम चक्र में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। इस दुनिया में जब सभी खुली हवा में सांस लेना और साफ पीना चाहते हैं तो प्रकृति के प्रति जवाबदेही भी सभी की बनती है। उन्होंने एक रिपोर्ट साझा करते हुए चेतावनी दी कि इस बढ़ते तापमान का सबसे बड़ा असर हमारी धरती के दो-तिहाई हिस्से यानी समुद्रों पर पड़ रहा है। समुद्रों के तपने से अनियंत्रित वाष्पीकरण हो रहा है, जिससे कहीं अचानक बाढ़ आ रही है।

# ममता ने भाजपा पर तृणमूल कांग्रेस को तोड़ने का आरोप लगाया

एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनकी पार्टी को तोड़ने और चुने हुए प्रतिनिधियों को डराने-धमकाने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

सुश्री बनर्जी ने कोलकाता के वाई-चैनल मार्ग पर एक विरोध रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार दबाव की रणनीति के जरिए तृणमूल कांग्रेस को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे विधायकों, पार्षदों और पार्टी उम्मीदवारों को अवैध रूप से धमकाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को तोड़ने की किसी भी कोशिश को नाकाम कर दिया जाएगा और उनका विरोध आंदोलन जारी रहेगा।

इससे पहले दिन में सुश्री बनर्जी अपने कालीघाट आवास से निकलीं और सबसे पहले रेड रोड गईं, जहां उन्होंने बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ नेता मदन मित्रा, कुणाल घोष, कल्याण बनर्जी, डोला सेन और आशिमा पात्रा मौजूद थे। वहां से वह सीधे वाई-चैनल विरोध स्थल के लिए रवाना हुईं। कोलकाता पुलिस ने मंगलवार को दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक प्रदर्शन की अनुमति दी थी। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं, जबकि पुलिस ने सुरक्षा बनाए रखने के लिए आयोजन स्थल के आसपास बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों सहित भारी बल तैनात किया था। यह विरोध प्रदर्शन शुरू में रानी रासमणि एवेन्यू में करने की योजना थी, जहां सुश्री बनर्जी ने चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा के खिलाफ धरने का आह्वान किया था। हालांकि, उस जगह के लिए अनुमति नहीं दी गई। पुलिस ने सोमवार को पार्टी को सूचित किया था कि नयी अर्जी के आधार पर वाई-चैनल पर कार्यक्रम के लिए अनुमति दी जा सकती है। इस स्थल में बदलाव के कारण एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। तृणमूल नेताओं ने सवाल उठाया कि उनसे नयी अर्जी जमा करने के लिए क्यों कहा जा रहा है। पार्टी विधायक कुणाल घोष और सांसद कल्याण बनर्जी ने प्रशासन पर प्रक्रियात्मक बाधाएं खड़ी करके विपक्षी आवाजों को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# पेज एक का शेष

## कट्टा-बम से ब्रह्मोस...

रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है तथा भुगतान भी समय पर सुनिश्चित किया जा रहा है। इंसेफ़ेलाइटिस की बीमारी लगभग समाप्त हो चुकी है, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश से माफिया राज समाप्त हुआ है। मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी, लेकिन डबल इंजन सरकार ने दोनों समस्याओं का समाधान किया है। आज कुशीनगर की बेटियां व युवा पुलिस समेत विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं तथा निवेश से पैदा हो रहे नए रोजगारों का लाभ भी उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसका श्रेय जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को देते हुए कहा कि पहले तमकुही राज और फाजिलनगर विकास नहीं, उपेक्षा और मजाक का विषय बने हुए थे, जबकि आज विधायक और सांसद के प्रयासों से विकास परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। फाजिलनगर का नाम बदलकर पावागढ़ करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिससे यह क्षेत्र भगवान महावीर की विरासत से जुड़कर वैश्विक पहचान प्राप्त करेगा। अच्छे जनप्रतिनिधि विकास, सुरक्षा, रोजगार और खुशहाली लेकर आते हैं तथा डबल इंजन सरकार हर किसान को उचित मूल्य, हर युवा को अवसर, हर बेटी को सुरक्षा और हर परिवार को बेहतर जीवन देने के संकल्प के साथ सतत कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के एक वोट की ताकत का परिणाम अयोध्या, लखनऊ और दिल्ली तक दिखाई देता है। इसी जनादेश की ताकत से अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुई और उत्तर प्रदेश ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण केंद्र बन रहा है। जब भारत का बहादुर जवान दुश्मन की छाती पर ब्रह्मोस दागता है, तो पाकिस्तान बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगता है। कुशीनगर के लोगों को अब विकास की राह पर पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि डबल इंजन सरकार विकास के लिए धन की कमी नहीं आने देगी और एक-एक पैसे का हिसाब रखते हुए हर क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करेगी। कुशीनगर कभी पिछड़ा नहीं था, बल्कि पिछली सरकारों की विकृत नीतियों ने इसे बीमारी, भुखमरी और बेरोजगारी के संकट में धकेल दिया था। अब यह जनपद विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा आधुनिक बुनियादी ढांचे के बल पर बुलेट स्पीड से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चेक एवं टूल किट वितरित किए। ग्राम विकास विभाग की मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संध्या देवी एवं प्रियंका को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के तहत कुमारी श्रेया शर्मा एवं कुमारी कृति को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधि अभिनेती सिंह एवं निभा गौड़ को 13 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा फार्मर मशीनरी बैंक हेतु विवेक गुप्ता को चाबी सौंपी गई, जबकि मिलेट्स प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत मनोज कुशवाहा को 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिला प्रोबेशन विभाग की बाल सेवा योजना के अंतर्गत कुमारी अनुष्का एवं गुरफान अली को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। उद्योग विभाग की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कुमारी रूबीना खातून को सिलाई मशीन टूलकिट प्रदान की गई। वहीं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत साबिया खातून को स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका...

आमंत्रित किया। वहीं, कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने भी दक्षिणी अफ्रीका के उप-राष्ट्रपति से मुलाकात की।

## सीबीएसई की...

त्रुटिहीन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इसे एक जून तक के लिए टाल दिया था। शिक्षा बोर्ड का यह पुनर्मूल्यांकन पोर्टल 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रक्रिया को लेकर चल रहे विवाद के बीच खोला गया है। बोर्ड ने एक बयान में स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां (कॉपी) प्राप्त कर ली हैं। सीबीएसई ने कहा कि उत्तर पुस्तिका की मिली हुई स्कैन कॉपी में दिखने वाली समस्याओं के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने का पोर्टल दो जून को लाइव कर दिया गया है। छात्र स्कैन कॉपी में किसी भी तरह की गड़बड़ी दिखने पर सत्यापन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं और यदि वे मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं हैं, तो उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद साइबर हमले का शिकार बना यह प्लेटफॉर्म बोर्ड की आधिकारिक घोषणा के अनुसार दो जून से छह जून (आधी रात) तक खुला रहने की संभावना है। शिक्षा मंत्रालय ने इस ऑन-स्क्रीन मार्किंग पोर्टल विवाद के बीच सीबीएसई और हैदराबाद की कंपनी 'कोएम्प्ट एडुटेक' को दिए गए ठेके के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## उच्चतम न्यायालय...

में लाया गया था। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना के साथ, न्यायमूर्ति मोहना वर्तमान में सेवारत दो महिला न्यायाधीशों में से एक हैं। वह न्यायालय के इतिहास की 12वीं महिला न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति नागरत्ना भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं। पांच नए न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण के बाद उच्चतम न्यायालय में अब एक पद खाली रह गया है। हालांकि, इस महीने 16 जून को न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और 28 जून को न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की सेवानिवृत्ति के बाद यह संख्या बढ़कर तीन हो जाएगी। वरिष्ठता के क्रम में पांच नए न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति चन्द्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, न्यायमूर्ति अरुण पल्ली और न्यायमूर्ति वी. मोहना हैं।

## लेबनान पर हमलों ...

विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि लेबनान में इजरायली हमले सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए व्यापक युद्धविराम समझौते का उल्लंघन हैं। श्री अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम स्पष्ट रूप से सभी मोर्चों पर लागू है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। किसी एक मोर्चे पर इसका उल्लंघन, सभी मोर्चों पर युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। इसके परिणामों के लिए अमेरिका और इजरायल जिम्मेदार होंगे। फोन वार्ता के बाद श्री ट्रंप ने अपनी बातचीत को ''सकारात्मक और उपयोगी'' बताया और कहा कि इजरायल बेरूत में कोई बड़ा सैन्य अभियान नहीं चलाएगा। श्री ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, ''आज मेरी बिबी नेतन्याहू से बातचीत हुई। मैंने उनसे कहा कि वे लेबनान की राजधानी बेरूत में कोई बड़ा हमला न करें। उन्होंने अपने सैनिकों को वापस मोड़ दिया। धन्यवाद बिबी।

## नवीन और लामिछाने...

के भोजन पर एक अनौपचारिक चर्चा हुई, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, श्री मनोज तिवारी, श्री प्रवीण खंडेलवाल, सुश्री बांसुरी स्वराज, श्री हर्ष मल्होत्रा और श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी शामिल हुए। श्री लामिछाने पांच दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं। उनके साथ नेपाली संसद के कई अन्य नेता और प्रतिनिधि भी मौजूद हैं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भाजपा और आरएसपी के बीच संवाद स्थापित करना, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और जन-केंद्रित राजनीतिक पहुंच पर विचारों का आदान-प्रदान करना है। इसके साथ ही नेपाली प्रतिनिधिमंडल लोकतांत्रिक व्यवस्था, शासन मॉडल और जनसम्पर्क जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेगा। भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर श्री नवीन सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने नेपाली प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस मौके पर काफी संख्या में नेपाली प्रवासी भी मौजूद थे और उन्होंने भी श्री लामिछाने के नेतृत्व में आए नेपाली प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा ने उम्मीद जतायी है कि इस मुलाकात से दोनों राजनीतिक दलों के बीच सार्थक संवाद और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्ली लामिछान के नेतृत्व में आया प्रतिनिधनमंडल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकता है। उल्लेखनीय है कि श्री नवीन ने 26 मई को भाजपा को जानिए पहल के तहत 12 देशों के राजनयिक मिशनों के प्रमुखों से मुलाकात की थी। इस मुलाकात का उद्देश्य विदेशी मिशनों के साथ संवाद तंत्र को मजबूत करना था।

# सरकार पूर्व सैनिकों के लिए नई शस्त्र लाइसेंस नीति पर कर रही मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य सरकार पूर्व सैनिकों के नई शस्त्र लाइसेंस नीति पर विचार कर रही है। इसके लिए गृह विभाग में विचार-विमर्श चल रहा है। पूर्व सैनिकों के बढ़ते जमीनी विवादों को सुलझाने, उन्हें निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने पर भी प्रदेश की धामी सरकार में विमर्श का दौर चल रहा है।

उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल (रि.) अजय कोठियाल का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पूर्व सैनिक कल्याण विषय पर कई दौर का विमर्श हुआ है। शासन स्तर पर भी मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर बहुत से विषयों पर संवाद हुआ है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस पर निर्णय लेने जा रही है। कोठियाल कहते हैं कि समान नागरिक पेंशन योजना से लाखों पूर्व सैनिकों को फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को एक मजबूत सुरक्षा कवच तो दिया ही है, साथ ही पूर्व सैनिकों के लिए भी बहुत सी ऐसी योजनाएं दी हैं जिसकी मांग हम सर्विस में रहते हुए कई साल से कर रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार पूर्व सैनिकों, पूर्व अर्ध सैनिकों के लिए एक सेवक के रूप में काम कर रही है। सरकार इनके बेहतर भविष्य के लिए नए प्रस्तावों पर विचार कर रही है। देवभूमि उत्तराखंड में भव्य सैन्यधाम की स्थापना का कार्य अंतिम चरण में है। पूर्व सैनिकों में रिटायरमेंट के बाद ये भावना रहती है कि उनके पास आत्म रक्षा के लिए शस्त्र हो, सैनिक की सेवा अवधि में उनके कंधे पर लटकी बंदूक से उनका एक अलग तरह से रिश्ता रहता जो उन्हें देश की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार रहने को प्रेरित करता है। पूर्व सैनिकों की ये मांग रही है कि उन्हें शस्त्र लाइसेंस प्राथमिकता से दिए जाए। उनकी इस मांग पर धामी सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। धामी सरकार ने अग्निवीर योजना से रिटायर हो कर आ रहे सैनिकों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पुलिस, जेल प्रहरी, वन सुरक्षा में दिए जाने की घोषणा की हुई है। सरकार ने इन सभी विभागों को कह दिया है कि वे आने वाले दिसंबर माह से पहले नौकरियां के लिए रिक्तियां निकालें। सरकार का ये भी मानना ह कि आंतरिक सुरक्षा एजेंसियों को सेना द्वारा प्रशिक्षित और अनुशासित युवा मिलने से उनका एक बड़ा खर्चा कम हो जाएगा।

# ईडी के सामने पेश हुए जालंधर सेंट्रल के विधायक रमन अरोड़ा

■ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ, आय से अधिक संपत्ति और अवैध वसूली के आरोपों की जांच तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। जालंधर सेंट्रल से आम आदमी पार्टी के विधायक रमन अरोड़ा मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जालंधर कार्यालय में पेश हुए। ईडी के समन पर विधायक निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचे। सफ़ेद कुर्ता-पायजामा पहने रमन अरोड़ा की कार्यालय पहुंचने की वीडियो भी सामने आई है। कार्यालय में प्रवेश से पहले उनका निजी सामान जमा करवाया गया, जिसके बाद उन्हें पूछताछ के लिए अंदर भेजा गया। जानकारी के अनुसार यह मामला आय से अधिक संपत्ति के आरोपों से जुड़ा हुआ है। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो पहले ही रमन अरोड़ा को इस मामले में गिरफ्तार कर चुका है। विजिलेंस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। रमन अरोड़ा पर दुकानदारों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कथित तौर पर अवैध वसूली करने के आरोप भी लगे हैं। विजिलेंस ब्यूरो ने उनके खिलाफ 1.10 करोड़ रुपये की संपत्ति से संबंधित मामला दर्ज किया था। गिरफ्तारी के बाद अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। आरोप है कि रमन अरोड़ा ने सहायक टाउन प्लानर (एटीपी) सुखदेव वशिष्ठ के साथ मिलकर कथित रूप से अवैध नोटिस जारी करवाए। इन नोटिसों के जरिए भवन मालिकों को सीलिंग और तोड़फोड़ की कार्रवाई की धमकी दी जाती थी तथा मामले वापस लेने या निपटाने के बदले धन की मांग की जाती थी। अधिकारियों के अनुसार ईडी ने विधायक को 2 जून को जालंधर कार्यालय में तलब किया था, जहां पीएमएलए के तहत उनका बयान दर्ज किया जाना था। मामले की जांच जारी है और एजेंसियां वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने देवी बस से किया रोहतास नगर विधानसभा का दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने मंगलवार को रोहतास नगर विधानसभा में दौरा किया। इस दौरान दोनों ने देवी बस पर सवार होकर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा और परियोजनाओं का निरीक्षण किया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने देवी बस के अंदर ही पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़कों और पार्किंग में जलभराव की समस्या थी। हम इन समस्याओं पर गौर कर रहे हैं और जल्द ही इसका समाधान निकाल लेंगे। सभी अधिकारी हमारे साथ हैं और सभी कार्यों का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि प्राप्त हो रहा है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने यहां कि सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास है। इसके लिए सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री स्वयं क्षेत्र का दौरा करके अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दे रहे हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि आपने पिछले 15-20 वर्षों में शायद ही किसी मंत्री को वाहनों के काफिले के बिना इस तरह दौरा करते देखा होगा।

### अवैध मजार पर चला बुलडोजर, सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार के अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत मंगलवार को देहरादून के शीशमबाड़ा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बनी एक अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया गया। जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद संबंधित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया है। मुख्य शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर शिमला बाईपास स्थित शीशमबाड़ा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित मजार को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन को कई शिकायतें दी थीं। शिकायतों के आधार पर राजस्व विभाग और जिला प्रशासन ने मामले की जांच की। प्रशासन ने करीब दो सप्ताह पहले संबंधित स्थल पर नोटिस चस्पा कर भूमि स्वामित्व और निर्माण से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। निर्धारित अवधि में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध संरचना को हटवा दिया। विकासनगर के उपजिलाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी आशीष चौहान की अध्यक्षता में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की समीक्षा बैठक में इस अवैध निर्माण को हटाने का निर्णय लिया गया था। उसी क्रम में कार्रवाई कर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। प्रदेश में सरकारी भूमि पर बने अवैध धार्मिक ढांचों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत अब तक 588 अवैध मजारों को हटाया जा चुका है। राज्य सरकार का कहना है कि सार्वजनिक और सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभिन्न जिलों में प्रशासनिक कार्रवाई में तेजी देखने को मिल रही है।

### बीएलओ, सुपरवाइजर और बीएलए को दिया प्रशिक्षण

**हरिद्वार।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत 35-हरिद्वार ग्रामीण और 27-ज्वालापुर (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), बूथ लेवल सुपरवाइजर एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट का प्रशिक्षण कार्यक्रम बीएचईएल कन्वेंशन हॉल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दियानी ने कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। अतःभारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों को बिना किसी त्रुटि के संपादित किया जाए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नामों के विलोपन तथा मतदाता विवरण में त्रुटि सुधार संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं अद्यतन बनाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं और सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। मुख्य संदर्भदाता डॉ. संतोष कुमार चमोला ने निर्वाचन प्रक्रिया की विभिन्न बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही निर्धारित प्रपत्रों के सही उपयोग, समयबद्ध कार्रवाई तथा विभिन्न स्तरों पर समन्वय के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मित्तल, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हरिद्वार श्याम सुंदर प्रसाद, नायब तहसीलदार हरिद्वार मदन लाल, जिला शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, सहायक नोडल अधिकारी मीडिया गोविन्द कुर्ल सहित सभी बूथ लेवल ऑफिसर, बूथ लेवल सुपरवाइजर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट उपस्थित रहे।

### खेल मंत्री ने समतलीकरण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**हल्द्वानी।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि गौलापार स्थित प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समतलीकरण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश। वन विभाग से भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या पहली बार गौलापार स्थित प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय परिसर पहुंचीं। इस दौरान वह भावुक नजर आईं और उन्होंने भूमि की पावन मिट्टी को माथे से लगाकर नमन किया। निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे भूमि समतलीकरण कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वर्तमान में परिसर में भूमि समतलीकरण, झाड़ियों की सफाई और अन्य प्रारंभिक कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रेखा आर्या ने कहा कि यह भूमि केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि उत्तराखंड के लाखों खिलाड़ियों के सपनों का आधार है। उन्होंने कहा, ''एक खेल मंत्री के रूप में मेरे लिए यह स्थान किसी तीर्थस्थल से कम नहीं है। यहीं से प्रदेश के खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान मिलेगी और भविष्य के राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार होंगे।'' उन्होंने कहा कि मिट्टी को माथे से लगाते समय उनके मन में उन खिलाड़ियों का संघर्ष, समर्पण और उम्मीदें उभर आईं, जो वर्षों से बेहतर खेल सुविधाओं और अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह विश्वविद्यालय प्रदेश के खेल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। खेल मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के चलते यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब धरातल पर उतर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि खेल विश्वविद्यालय उत्तराखंड को देश के अग्रणी खेल राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बीच गंगा में खराब हुई यात्रियों से भरी नाव, एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद से भागलपुर से नवगछिया नाव से आने जाने वाले यात्रियों का जान संसत में है। अक्सर यात्रियों से भरी नाव बीच गंगा में खराब हो रही है। मंगलवार को भी महादेवपुर घाट से बरारी घाट की ओर जा रही एक बड़ी नाव बीच गंगा खराब हो गई।

नाव का इंजन बंद होते ही नाव नदी की तेज धारा में बहते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज की दिशा में पहुंचने लगी। वहीं सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर बरारी घाट पहुंचाया। बताया जा रहा है कि महादेवपुर घाट से बरारी घाट के लिए रवाना हुई नाव में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। यात्रा के दौरान अचानक नाव का इंजन बंद हो गया। इंजन बंद पड़ते ही नाव गंगा की धारा में बहने लगी, जिससे यात्रियों के बीच घबराहट फैल गई। कई यात्रियों ने तत्काल प्रशासन और एसडीआरएफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर नीलू के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सबसे पहले नाव की स्थिति का आकलन किया और फिर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। प्राथमिकता के आधार पर नाव पर मौजूद बीमार महिला और बुजुर्ग यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एसडीआरएफ के जवानों ने चरणबद्ध तरीके से सभी यात्रियों को रेस्क्यू कर बरारी घाट पहुंचाया। इसके बाद खराब नाव को सुरक्षित निकालने के लिए दूसरी बड़ी नाव की व्यवस्था की गई। काफी मशक्कत के बाद खराब नाव को टोचन कर किनारे तक लाया गया। घटना के बाद प्रशासन ने नाव संचालन को लेकर सख्त संदेश दिया है। नई व्यवस्था के तहत यदि किसी नाव का इंजन बीच नदी में खराब होता है और यात्रियों को एसडीआरएफ की मदद से बचाना पड़ता है, तो संबंधित नाव मालिक को निर्धारित राशि का केवल आधा भुगतान किया जाएगा।

# 288 लीटर विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, पिकअप जब्त

कटिहार। जिले की बलरामपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 288 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो बंगाल से पिकअप वैन में शराब लोड कर ला रहा था। पुलिस ने अवैध शराब के साथ पिकअप वैन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बलरामपुर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पिकअप पर अवैध शराब लेकर बंगाल से बजरगांव चेक पोस्ट की ओर आ रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ बजरगांव चेक पोस्ट पर पहुंचकर सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक पिकअप सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ लिया गया। जब वाहन की विधिवत तलाशी ली गई, तो उसमें से कुल 288 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई।

# मंत्री इंद्राज और सिरसा ने मुंगेशपुर गांव में प्रदूषण संबंधी समस्याओं का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मुंगेशपुर गांव का दौरा कर हरियाणा सीमा से सटे औद्योगिक क्षेत्रों के कारण उत्पन्न गंभीर प्रदूषण संबंधी समस्याओं का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में बढ़ते वायु प्रदूषण, खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) तथा उसके जनस्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभावों से मंत्रियों को अवगत करा। नागरिकों द्वारा उठाई गई चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि दौरे के दौरान मुंगेशपुर स्थित वन भूमि का भी निरीक्षण किया गया, जहां व्यापक वृक्षारोपण एवं हरित क्षेत्र विकसित करने की संभावनाओं पर विचार विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाना, प्रदूषण के प्रभाव को कम करना तथा दिल्ली देहात के लिए एक सशक्त पर्यावरणीय आधार तैयार करना है। मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण, बेहतर जीवन गुणवत्ता और क्षेत्र के सतत विकास के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# जलजमाव की समस्या पर गंभीर हुआ नगर निगम, हटाया अतिक्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र स्थित कैलाशपुरी कॉलोनी के वासियों के लिए मंगलवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। कॉलोनी में लंबे समय से नासूर बनी जलजमाव की गंभीर समस्या पर नगर निगम ने कड़ा एक्शन लिया है। स्थानीय नागरिकों की बार-बार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और न सिर्फ अतिक्रमण को ध्वस्त किया, बल्कि सालों से जाम पड़े नाले की उड़ाही का काम भी युद्ध स्तर पर शुरू करवा दिया। स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, कैलाशपुरी कॉलोनी में स्थित एक निजी विद्यालय के संचालक कन्हैया कुमार द्वारा नाले और उसके आसपास की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया था। इस अतिक्रमण की वजह से नगर निगम की सफाई गाड़ियों और कर्मियों को नाले तक पहुंचने का रास्ता नहीं मिल पा रहा था और नाले की सफाई पूरी तरह ठप थी। नाला पूरी तरह चोक (जाम) हो जाने के कारण कैलाशपुरी कॉलोनी की स्थिति बद से बदतर हो गई थी। हल्के से पानी या रोजाना के इस्तेमाल के बाद नाले का बदबूदार और गंदा पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर जमा हो जाता था। स्थिति इतनी भयावह थी कि कई बार यह गंदा पानी लोगों के ड्राइंग रूम और आंगन तक में प्रवेश कर जाता था, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार मंडरा रहा था। बच्चे और बुजुर्ग घरों में कैद होने को मजबूर थे।

# भागलपुर के प्रभारी सचिव सहयोग शिविर में हुए शामिल, सहयोग शिविर का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहार सरकार के जन-शिकायत निवारण अभियान के तहत भागलपुर के गोराडीह प्रखंड के बिशनपुर जिच्छो पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव सह भागलपुर के प्रभारी सचिव दीपक आनंद ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर प्रभारी सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वे शिविर की प्रगति और शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकतम 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा अनावश्यक विलंब के प्रति सरकार पूरी तरह गंभीर है। प्रभारी सचिव ने बताया कि सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन 1100 के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से डिजिटल माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग पोर्टल का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से भागलपुर जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित सहयोग शिविर में प्राप्त अधिकांश शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा से काफी पहले, मात्र सात दिनों के भीतर कर दिया गया है। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी तथा जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ल्लसबका सम्मान, जीवन आसानङ्क के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और विभिन्न प्रमाण-पत्रों, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड तथा अन्य सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से सरल बनाया गया है, जिससे आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ें।

# लापता मेघा का शव बरामद, कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



किशनगंज। सदर थाना क्षेत्र के माझिया स्थित नदी किनारे सोमवार को 13 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान डुमरिया भट्टा निवासी मनोज साह की पुत्री मेघा कुमारी के रूप में हुई है। वह तीन दिनों से लापता थी। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने देर रात तक हंगामा किया तथा पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों के अनुसार मेघा 29 मई की शाम घर से टहलने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद परिवार के लोग गुमशुदगी की सूचना देने सदर थाना पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। मृतका की मां पिंकी देवी ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उनकी शिकायत दर्ज करने के बजाय यह कहकर लौटा दिया कि बच्ची किसी के साथ चली गई होगी और जल्द वापस आ जाएगी। मृतका के मामा लक्ष्मण साह ने बताया कि परिवार को तीन बार थाने का चक्कर लगाना पड़ा। इस दौरान पुलिस ने बच्ची के सोशल मीडिया अकाउंट और नानी का मोबाइल फोन भी जांचा, लेकिन गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बाद में परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत की, जिसके बाद आवेदन स्वीकार किया गया। सोमवार दोपहर स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस को माझिया नदी किनारे एक शव मिलने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मेघा कुमारी के रूप में की।सूचना मिलते ही पुलिस तथा एफएसएल टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर तथा सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम अनिकेत कुमार और प्रशासनिक अधिकारी देर रात तक मौके पर डटे रहे। परिजनों ने 24 घंटे के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063